

आज



बुराई पर अच्छाई की जीत

असत्य पर सत्य की विजय

विजय दशमी की हार्दिक शुभकामनाएं

वाराणसी, मंगलवार २० अक्तूबर, २०२६ सौर ३, आश्विन शुक्ल १०, २०८३ वि. | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये



वाराणसी : ओवरब्रिज पर सेल्फी ले रहे पांच की मौत

मिर्जामुरादमें तेज रफ्तार ट्रकने खड़ी स्कॉर्पियोमें मारी टक्कर



विंध्याचलसे दर्शन कर लौटते समय हुआ हादसा

वाराणसी (का.प्र.)। मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के रूपपुर गांव के सामने सोमवार को प्रात: छ बजे प्रयागराज-वाराणसी हाईवे (एनएच-19) के ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार ट्रक ने विंध्याचल दर्शन कर वापस लौटते समय स्कॉर्पियो रोककर सेल्फी ले रहे आठ लोगों को को रौदा ।पांच दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गयी जब कि तीन की हालत गंभीर है ।घायलों को पुलिस एंबुलेंस की सहायता से बीएचयू ट्रामा सेंटर भेज दिया। **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

मुख्यमंत्रीने जताया शोक ,घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना

लखनऊ (आससे.)। प्रयागराज-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार तड़के तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से स्कॉर्पियो सवार पांच लोगों की मौत हो गयी। इस हृदयविदारक घटना का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है ।उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

राम मंदिर चढ़ावा चोरी : कांग्रेसने सुप्रीम कोर्ट की निगरानीमें की जांच की मांग

नयी दिल्ली (आससे.)। कांग्रेस ने अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराने की मांग की है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि मामले में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों को क्लीन चिट दे दी, जबकि चोरी की कुल रकम का अब तक खुलासा नहीं किया गया है ।जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि चार जून 2026 को मामला सार्वजनिक होने के नौ दिन बाद, 13 जून को उत्तर प्रदेश सरकार ने ट्रस्ट के अनुरोध पर एसआईटी गठित की थी। उनके मुताबिक, 17 अगस्त को गृह विभाग ने जांच की अंतिम रिपोर्ट ट्रस्ट को सौंप दी, जिसमें चंपत राय और अनिल मिश्रा को क्लीन चिट दी गई।



रमेश ने दावा किया कि 27 अप्रैल से पांच जून 2026 के बीच की सीसीटीवी फुटेज में नोटों की गिनती करने वाले कर्मचारी 105 बार नोटों की गड्डियां छिपाते दिखाई दिए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब चोरी की रकम और जिम्मेदार लोगों की भूमिका स्पष्ट नहीं हुई, तो जांच कैसे बंद कर दी गई। कांग्रेस नेता ने कहा कि 23 जून की प्रारंभिक रिपोर्ट में निगरानी संबंधी नियमों के पालन में कमी और कंट्रोल रूम कई बार खाली रहने की बात सामने आई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि 25 जून को प्राथमिकी दर्ज होने के बाद अगले दिन गिनती से जुड़े आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया, लेकिन ट्रस्ट के किसी पूर्व पदाधिकारी का नाम प्राथमिकी में नहीं है। **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

पर्वोंके उत्साहपूर्ण माहौल में न हो सुरक्षा की अनदेखी-योगी

गोरखपुर (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समस्त प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्र की पावन महानवमी एवं मंगलवार को मनाए जाने वाले विजयादशमी पर्व की हार्दिक बधाई देते हुए अपील की कि पर्वों के उत्साहपूर्ण माहौल में सुरक्षा की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी नागरिकों का आह्वान किया कि सौहार्दपूर्ण माहौल में उत्साह और उमंग के साथ पर्व और त्योहार मनाइये लेकिन साथ में सुरक्षा और अनुशासन का जरूर ध्यान रखा जाए। सीएम योगी, बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर सोमवार को गोरखनाथ मंदिर में शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि पर कन्या पूजन अनुष्ठान के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विजयादशमी का पर्व हमें सभी प्रकार के विकारों से मुक्त होने का भी संदेश देता है। यह पर्व किसी भी प्रकार के विकार को, चाहे वह व्यक्ति के



मुख्यमंत्रीने प्रदेशवासियोंको शारदीय नवरात्र की महानवमी-विजयादशमी की दी बधाई

व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक और आध्यात्मिक जीवन को प्रभावित कर रहा हो या फिर राष्ट्र की प्रगति में बाधक हो, तिलांजलि देने का भी अवसर है। शारदीय नवरात्र के अनुष्ठान और विजयादशमी का यह भी संदेश है कि समाज में नशा, भ्रष्टाचार, अराजकता, असुरक्षा और आतंकवाद के लिए कोई जगह न हो। हमें इस संदेश को घर-घर तक पहुंचाने की तैयारी करनी चाहिए। ये पर्व और त्यौहार समाज को तोड़ने वाले, समाज की एकता को भंगकर राष्ट्र को कमजोर करने का कुत्सित प्रयास करने वाले अराजक और उच्छृंखल **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

आगरामें पलटी कार, तीन की मौत

छुट्टीकी सूचना

विजय दशमी के उपलक्ष्यमें 'आज' कार्यालय में २० अक्तूबर २०२६ को अवकाश रहेगा। अतः 'आज' का अगला अंक २२ अक्तूबर २०२६ को प्रकाशित होगा।

● व्यवस्थापक

आगरा (एजेंसी)। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर सहारनपुर के नागल के गांव बेलड़ा जुनारदार के पास गोल चक्कर पर रविवार तड़के तेज रफ्तार थार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई। इसके बाद थार डिवाइडर को तोड़ते हुए दूसरी तरफ पलट गई। हादसे में आगरा के रहने वाले तीन दोस्तों की मौत हो गई। सहारनपुर में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर हुए थार हादसे में आगरा के तीन **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

मणिपुरमें चौबीस घंटे में चार की हत्या

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर में 24 घंटे के भीतर हिंसा की 2 घटनाओं में 4 लोगों की मौत हो गई। सोमवार सुबह इम्फाल ईस्ट और कांगपोकपी जिलों की सीमा के पास लकड़ी लेने गए लोगों पर संदिग्ध उग्रवादियों ने हमला कर दिया। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 अन्य घायल हुए और 3 लोग लापता बताए गए हैं ।घटना से नाराज लोगों ने इम्फाल में मुख्यमंत्री के आवास के बाहर शव रखकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। इससे पहले रविवार रात थौबल जिले में दो समुदायों के बीच झड़प में एक व्यक्ति की मौत हुई थी।

टाइगर श्राफ पर हमला करने के तीन आरोपी कोटासे गिरफ्तार

मुंबई (आससे.)। अभिनेता टाइगर श्रॉफ को निशाना बनाकर की गई फायरिंग के मामले में मुंबई पुलिस ने आरोपियों को राजस्थान के कोटा से पकड़ लिया है। मुंबई पुलिस के डीसीपी राजतिलक रौशन ने बताया कि घटना के बाद आरोपियों की तलाश के लिए 20 टीमें बनाई गई थीं। जांच में पता चला कि आरोपी ट्रेन से राजस्थान की ओर जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने कोटा में उन्हें पकड़ लिया। मामले की जांच हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट के तहत की जा रही है। घटना के वक्त मौके पर मौजूद तीन लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। डीसीपी राजतिलक रौशन ने बताया कि पुलिस के पास ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं है, जिससे यह पता चले कि फायरिंग की घटना से पहले टाइगर श्रॉफ को कोई धमकी मिली थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस घटना के पीछे की बड़ी साजिश का पता लगाया जाएगा। पुलिस इस तरह के मामलों में तय नियमों और सुप्रीम कोर्ट समेत अदालतों के पुराने आदेशों के मुताबिक कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक, इस मामले में फिलहाल तीन आरोपी पकड़े गए हैं। इनमें से दो हरियाणा के रहने वाले हैं, जबकि एक आरोपी बिहार का है।

नेहा बोराने पुलिसके नोटिस को हाई कोर्टमें दी चुनौती

नयी दिल्ली (आससे.)। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की अध्यक्ष नेहा बोरा ने दिल्ली पुलिस के उस नोटिस को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें उन्हें 10 हजार रुपये का निजी मुचलका भरने और जांच के दौरान शांति बनाए रखने का निर्देश दिया गया है नेहा बोरा को शुक्रवार शाम कनॉट प्लेस में प्रस्तावित 'लहरा दो तिरंगा' मार्च से पहले हिरासत में लिया गया था।

सीजेपीके सौरव-रांका की दो दिन बढ़ी न्यायिक हिरासत

नयी दिल्ली (आससे.)। दिल्ली की एसईएम कोर्ट ने सीजेपी के सह-संयोजकों सौरव दास और आशुतोष रांका की न्यायिक हिरासत दो दिन बढ़ा दी है। विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट द्वारा यह फैसला पुलिस की मांग पर लिया गया। इससे पहले, कोर्ट ने दोपहर में सुनवाई के बाद उनकी रिहाई पर फैसला सुरक्षित रखा था। जानकारी के अनुसार, सीजेपी नेता सौरव दास और आशुतोष रांका को दिल्ली की स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट (एसईएम) अदालत ने पांच दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजते हुए तिहाड़ जेल भेजने के **(शेष पृष्ठ ९ पर)**



रिश्वत मांगने वाले अफसरोंकी जांचके लिए मंजूरी जरूरी नहीं-सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली (आससे.)। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि किसी पुलिसकर्मी पर रिश्वत मांगने का आरोप हो, तो उसके



खिलाफ जांच शुरू करने के लिए पहले से अनुमति लेना जरूरी नहीं है। अदालत ने कहा कि रिश्वत मांगना सरकारी ड्यूटी का हिस्सा नहीं है, इसलिए ऐसे मामलों में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17 के तहत मिलने वाली सुरक्षा लागू नहीं होती ।सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान पुलिस के कांस्टेबल तेजाराम की अपील खारिज करते हुए उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में आरोप तय करने के फैसले को बरकरार रखा। जस्टिस एस.वी.एन. भट्टी और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की पीठ ने 16 अक्टूबर को यह फैसला सुनाया। अदालत ने राजस्थान हाई कोर्ट के उस आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया, जिसमें कांस्टेबल के खिलाफ **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

कानपुरमें सड़क हादसा, दो की मौत

कानपुर (आससे.)। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह करीब 4.30 बजे किलोमीटर-216 पर ईसन नदी पुल के पास तेज रफ्तार अर्टिगा कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में चालक मुनेंद्र उर्फ मुन्ना (50) और टगोरी बालादास (56) की मौत हो गई, जबकि करिश्मा (20) और सोना (18) गंभीर रूप से घायल हो गईं। कार सवार अंकित सुरक्षित बच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और यूपीडा टीम ने घायलों को बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायल महिलाओं को लखनऊ रेफर कर दिया गया। कार सवार राजस्थान के रेवाड़ी से अंबेडकर नगर जा रहे थे। प्रारंभिक जांच में चालक को झपकी आने से हादसा होने की आशंका जताई गई है।

युद्धमें एआई प्रणालियोंका बढ़ेगा इस्तेमाल, समुद्री सुरक्षापर जोर-नौ सेना उपप्रमुख

नयी दिल्ली (आससे.)। भारतीय नौसेना हवा, समुद्र, पानी के भीतर संचालन से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और क्वांटम तकनीक तक सभी क्षेत्रों में विकास पर जोर दे रही है। इसका उद्देश्य नौसेना को एक बहु आयामी नेटवर्क आधारित सैन्य बल के रूप में तैयार करना है। नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल अजय कोचर ने सोमवार को यह जानकारी दी ।नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कोचर ने कहा कि नौसेना केवल नई तकनीक अपनाने पर ही काम नहीं कर रही, बल्कि यह भी सुनिश्चित कर रही है कि इन तकनीकों से उसकी परिचालन क्षमता मजबूत हो ।पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और समुद्री हितों की सुरक्षा में नौसेना की भूमिका से जुड़े सवाल पर कोचर ने कहा कि मौजूदा संकटों के कारण नौसेना की सोच और तैनाती, दोनों स्तरों पर गतिविधियां बढ़ी हैं। उन्होंने नौसेना के ऑपरेशन ऊर्जा सुरक्षा का भी उल्लेख किया। उनके मुताबिक, इस अभियान के तहत महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों पर हमलों के बीच कई जहाजों को सुरक्षित भारतीय तटों तक पहुंचाने में मदद मिली है ।हाल के संघर्षों से तकनीक के इस्तेमाल के बारे में मिले सबक पर कोचर ने कहा कि इन घटनाओं ने नौसेना के सामने कुछ नई जरूरतों को स्पष्ट किया है। इनमें स्वायत्त प्रणालियों और युद्ध के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल जैसे क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य की तैयारियों में मानवरहित विमान प्रणालियों का मुकाबला करने वाली तकनीक यानी काउंटर-यूएएस और क्वांटम तकनीक भी शामिल हैं।







पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की मूर्ति का दृश्य। छाया : आज

लहुरीकाशी में देवी दर्शन की धूम

नवरात्र की नवमी पर मंदिरों और दुर्गा पंडालों में उमड़ा जनसैलाब

गाजीपुर। लहुरीकाशी में शारदीय नवरात्र के अवसर पर मां दुर्गा के दर्शन-पूजन की धूम मची हुई है। शहर से लेकर कस्बों और विभिन्न इलाकों में स्थापित दुर्गा पूजा पंडालों में दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ने लगी है। आकर्षक पंडालों, रंग-बिरंगी झालरों, विद्युत सजावट और भव्य प्रतिमाओं ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया है। पंडालों में गूंज रहे देवी गीतों से वातावरण में श्रद्धा और उल्लास का संचार हो रहा है। मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन के लिए श्रद्धालु परिवार के साथ पहुंच रहे हैं। कई पंडालों की अनूठी सजावट और प्रतिमाएं लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।शहर के नवाब साहब का फाटक स्थित संयुक्त दुर्गा पूजा समिति की ओर से स्थापित भव्य प्रतिमा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। वहीं, रुई मंडी में बनाया गया भूत बंगला पंडाल भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां पंडाल में प्रवेश कर दर्शन करने के लिए 20 रुपये का टिकट निर्धारित किया गया है। शहर के स्टीमर घाट, झुन्नू लाल चौराहा, महुआबाग, मिश्र बाजार, सकलेनाबाद, रेलवे स्टेशन, तुलसीसागर, सिंचाई विभाग चौराहा, गोराबाजार, आरटीआई चौराहा, विकास भवन चौराहा, पीरनगर और आदर्श बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर आकर्षक दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। शहर के प्रमुख पूजा स्थलों पर उमड़ रही भीड़ से नवरात्र का उत्सवी माहौल देखते ही बन रहा है। श्रद्धा, भक्ति और आकर्षक सजावट के बीच लहुरीकाशी में दुर्गा पूजा का उल्लास चरम पर पहुंच रहा है। मोहम्मदाबाद प्रतिनिधि के अनुसार- नवरात्र के पावन पर्व पर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत माहौल देखने को मिला। नगर के विभिन्न देवी मंदिरों में भोर से ही मां के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। तहसील परिसर स्थित प्रसिद्ध माता मनोकामना देवी मंदिर और यूसुफपुर महाकाली मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं। भक्तों ने कतारबद्ध होकर माता रानी के दर्शन किए और नारियल, चुनरी, फल तथा मिष्ठान अर्पित कर अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।महानवमी के विशेष अवसर पर नगर के सभी देवी मंदिरों को रंग-बिरंगी झालर बत्तियों और फूलों से बेहद भव्य एवं आकर्षक रूप से सजाया गया है। नगर के प्रमुख मंदिरों के अलावा नवापुरा मोड़, सलेमपुर मोड़, तिवारीपुर मोड़ और कुंडेसर, यूसुफपुर बाजार, मोहम्मदाबाद नगर स्थित दुर्गा मंदिरों में भी दिनभर दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सेवराई प्रतिनिधि के अनुसार- स्थानीय तहसील क्षेत्र के हनुमान स्पोर्टिंग क्लब के द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा रखी गई है मां के दर्शन के लिए ग्रामीण पंडाल में बिराजमान मां का दर्शन करने के लिए आ रहे हैं, आयोजक द्वारा देवी जागरण का भी आयोजन किया गया है जहां पर बिहार की गजेंद्र और यूपी के गोविंद दीवाना द्वारा देवी गीत प्रस्तुत किया गया देवी गीत सुनकर वहा मौजूद लोग भाव विभोर हो गए।



आज धूं-धूं कर जलेगा ६० फुट का रावण

गाजीपुर। विजयादशमी के अवसर पर आज शहर के लंका मैदान में ऐतिहासिक दशहरा मेले का आयोजन होगा। शहर कोतवाली क्षेत्र की अतिप्राचीन रामलीला कमेटी हरिशंकरी के तत्वावधान में चल रही पारंपरिक रामलीला के 15वें दिन 60 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इस भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। शाम आठ बजे राम-रावण युद्ध की लीला के बाद जिलाधिकारी एवं रामलीला कमेटी के संरक्षक अनुपम शुक्ला बटन दबाकर रावण के पुतले का दहन करेंगे। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहेंगे। लंका मैदान स्थित 65 फुट के रावण बाड़े में होने वाले इस आयोजन को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। विजयादशमी पर आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम शहर की प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं में शामिल है। हर वर्ष की तरह इस बार भी राम-रावण युद्ध और रावण दहन को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। रामलीला कमेटी ने दुर्गा पूजा समितियों से निर्धारित समय का पालन करने की अपील की है। परंपरा के अनुसार, राम-रावण युद्ध से पहले मां दुर्गा की प्रतिमाओं को प्रभु श्रीराम से आशीर्वाद दिलाने के लिए लंका मैदान में लाया जाता है। इसके लिए गेट नंबर चार से प्रवेश की व्यवस्था की गई है। सभी प्रतिमाओं को शाम सात बजे तक ही मैदान में प्रवेश कराना होगा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर इसके बाद गेट बंद कर दिया जाएगा। कमेटी ने पूजा समितियों से समय रहते प्रतिमाओं को मैदान में पहुंचाने का अनुरोध किया है, ताकि कार्यक्रम के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न आए।दशहरा मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं और दर्शकों की सुविधा के लिए लंका मैदान में दो बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई जा रही हैं। इनके माध्यम से लोग राम-रावण युद्ध और रावण दहन का दृश्य आसानी से देख सकेंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम का फेसबुक और यूट्यूब पर सीधा प्रसारण भी किया जाएगा, जिससे मैदान में नहीं पहुंच पाने वाले लोग भी इस ऐतिहासिक आयोजन से जुड़ सकेंगे। आयोजन को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी से प्रशासन एवं आयोजन समिति का सहयोग करने का अनुरोध किया गया है।









जब रावण ने लगवा दी हनुमान जी की पूंछ में आग

दिलदारनगर (गाजीपुर). श्री राम कथा दर्शन रामलीला समिति के स्थानीय कलाकारों द्वारा मंचित किये जा रहे रामलीला प्रसंग में लंका दहन की अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को भाव विभोर कर दिया. जब सीता माता का हरण कर लंकाधीपति रावण को लंका में ले जाने की जानकारी प्रभु श्री राम को होती है तब रामदल में बेचैनी छा जाती है. ऋक्षराज जामवंत, महाराज सुग्रीव और प्रभु श्री राम के बीच गहन मंत्रणा होती है और श्री हनुमान जी को मां सीता का पता लगाने के लिए समंदर पार लंका भेजा जता है।





SNK

दशहरा

की हार्दिक शुभकामनाएं

SNK

SNK

PAN MASALA

0% Nicotine, 0% Tobacco

0% NICOTINE 0%TOBACCO

CHEWING OF PAN MASALA IS INJURIOUS TO HEALTH. NOT FOR MINORS.

वन विभाग के अड़ंगा लगाने के कारण काशीराज परिवार हाथी पर नहीं बैठ पाये

कुंवर अनंत नारायण सिंह बग्घी से लीला स्थल पर पहुंचे और कार में बैठकर देखी लीला

रामनगर। एक घटना क्या घटी वन विभाग नियम और कानून की पूरी किताब लेकर काशी राज परिवार के पीछे पड़ गया। जिसके कारण सोमवार को सायंकाल लंका रामलीला मैदान में संपन्न हुई रामलीला में कुंवर हाथी पर नहीं बैठे। न ही उनके पुत्र हाथी पर बैठे दिखाई दिए। वे अपनी बग्घी से लीला स्थल पर पहुंचे और कार में बैठकर लीला देखी। सोमवार को उनके पुत्र लीला में नहीं पहुंचे। इस संबंध में बताया गया कि वाराणसी वन विभाग की प्रभागीय वनाधिकारी ने नियम और कानून की जंजीरें डाल दी है। जिसके कारण वह हाथी पर नहीं बैठे। दावा तो यहां तक किया जा रहा है कि उनके अड़ंगे के कारण अब विजयादशमी के विजय जुलूस में भी हाथी पर जुलूस नहीं निकलेगा, तो वहीं दूसरी ओर यहां के कोदोपुर क्षेत्र के एक व्यक्ति ने हाथी विदकने की घटना के दूसरे दिन ही नियमों और कानून का हवाला देते हुए जिला अधिकारी को इससे संबंधित पत्र भेज दिया कि उसकी पूरी तरह जांच करायी जाय। उसके बाद ही हाथी को सार्वजनिक स्थानों पर किसी कार्यक्रम में शामिल किया जाय। एक बार काशी राज परिवार के आपसी द्वंद्व के चलते किसी ने आज से लगभग कई वर्ष पहले भी इसी तरह की अड़ंगेबाजी की थी जिसके कारण कुंवर हाथी पर नहीं बैठे थे। उस समय भी इन नियम कानूनो की दुहाई दी गयी थी। उस समय किसी ने मेनका गांधी की वन्य जीवों को लेकर बनायी गयी संस्था में इसको लेकर शिकायत कर दिया था। जिसके आधार पर उस समय भी मामला सामने आया था लेकिन फिर वह सलट गया और उसके बाद पूर्व की भांति परंपरा का निर्वाह होता रहा। लेकिन आज एक हाथी के अचानक बिदक जाने के कारण जो उसने उत्पात मचाया उसके चलते ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई। हालांकि हाथी किराये पर आयी है। उसके नियम और कानून का पूरा हिसाब उसके मालिक के पास होना चाहिए। वन विभाग के अधिकारियों को मालिक को बुलाकर उससे संबंधित जांच पड़ताल करनी चाहिए। तब तक अपने विवेक का प्रयोग करके अधिकारियों को परंपरा का निर्वाह होते देना चाहिए था ऐसा लोगों का मानना है।

रामनगर में आज निकलेगा कुंवर का विजय जुलूस

रामनगर। विजयादशमी के पावन पर्व के अवसर पर मंगलवार को सायंकाल रामनगर दुर्ग से कुंवर अनंत नारायण सिंह का विजय जुलूस निकलेगा, जो लंका रामलीला मैदान तक जायेगा। इस दौरान वह बटाउबीर क्षेत्र में स्थित शमी वृक्ष का दर्शन पूजन करेंगे। इसके उपरांत वह लंका रामलीला मैदान पहुंचकर रणभूमि की परिक्रमा करके वापस दुर्ग लौट आयेंगे। जिसे देखने के लिए रामनगर से लंका रामलीला मैदान तक सड़क के किनारे दोनों और स्थानीय नागरिकों, लीला प्रेमियों की भारी भीड़ लगी रहती है। इससे पूर्व दोपहर में कुंवर दुर्ग के अन्दर हाथी गेट के पास विजयादशमी की पूजा पर बैठते हैं, जिसे देखने के लिए दुर्ग के अंदर भी लीला प्रेमी और स्थानीय नागरिकों की भीड़ जुटती है।

रावण ने युद्ध में देवताओं को दौड़ाया, जामवंत की मार से हुआ मूर्छित

रामनगर। जिस भाई को रावण ने लात मार के लंका से निकाला था उसी भाई ने समय के करवट लेते ही उसकी छाती पर गदा से जमकर प्रहार किया। जिससे उसके मुँह से हाय निकल गयी। विभीषण ने राम को बताया कि रावण यज्ञ कर रहा है अगर उसका यज्ञ सफल हो गया, तो वह नहीं मरेगा। जिसके बाद राम के कहने पर वानर और भालू जाकर उसका यज्ञ असफल कर दिए। जिस पर उसने युद्ध का डंका बजवा दिया। रणभूमि में राम और रावण के बीच घमासान युद्ध हुआ। राम को पैदल युद्ध करते देख इन्द्र ने अपना रथ भेजा जिस पर चढ़कर उन्होंने रावण से युद्ध किया। रावण अपनी माया से अनेको राम और लक्ष्मण बना दिया। यह देखकर राम की सेना डर गयी। राम ने उसकी माया को काट दिया। उन्होंने अपनी सेना को युद्ध करने से रोक दिया और कहा कि उन दोनों के बीच युद्ध होने दो। राम और लक्ष्मण को रणभूमि में देखकर रावण उन्हें काल के हवाले करने के लिए कहने लगा। वह राम की बात सुनकर उनसे कहा कि मुझे उपदेश देता है बैर करते तुम्हें डर नहीं लगी अब अपना प्राण प्यारा लगता है। उसी समय विभीषण ने उसकी छाती पर गदा से प्रहार किया। जिससे उसके मुंह से हाय निकल गया। वह भूमि पर गिर पड़ा। जब वह उठा तो हनुमान से भिड़ गया। यह देखकर देवता पहाड़ की कंदरा और गुफाओं में छिपने की बात करने लगे। रावण ने सभी देवताओं को दौड़ा लिया। यह देखकर राम की सेना उस पर टूट पड़ी और अंगद समेत सभी वानर भालू उससे लड़ने लगे। उसी समय जामवंत की मार से रावण मूर्छित हो गया।

सरायनंदन खोजवां में मकान से ६५ किलोग्राम पटाखा बरामद, गृहस्वामी गिरफ्तार

दीपावली से पहले अवैध पटाखों के भंडारण के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत भेलूपुर पुलिस ने सरायनंदन खोजवा स्थित एक मकान में छापेमारी कर ६५ किलोग्राम पटाखे बरामद कर मौके से मकान मालिक संजय गुप्ता को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने रिहायशी इलाके में बिना वैध लाइसेंस के पटाखों का भंडारण किया था। पुलिस ने बरामद पटाखों को कब्जे में लेकर आरोपित के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा २८७ और विस्फोटक अधिनियम की धारा ९ बी के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक, रविवार की रात उपनिरीक्षक मनोज कुमार चौहान पुलिसकर्मियों के साथ क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान किरहिया तिराहे पर मुखबिर से सूचना मिली कि सरायनंदन खोजवा की एक कालोनी में मकान के भीतर बड़ी मात्रा में पटाखे रखे गये हैं। सूचना पर अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को बुलाकर टीम गठित की गयी और बताये गये स्थान पर छापेमारी की गयी। मौके पर मकान का मुख्य दरवाजा खुला मिला। पुलिस ने अंदर मौजूद व्यक्ति से पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान संजय गुप्ता पुत्र स्वर्गीय रामलाल गुप्ता, निवासी मकान संख्या बी–३४/६–३, सरायनंदन खोजवा, भेलूपुर के रूप में है।

वर्गीकृत आज विज्ञापन

सूचना

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे छोटे पुत्र **प्रदीप चौरसिया** एवं उसकी पत्नी सुमन चौरसिया को मैंने अपने मकान से बेदखल कर दिया है। मेरे चल अचल सम्पत्ति से इनका कोई लेना देना नहीं है और तो कोई मतलब है। **महेन्दर प्रसाद चौरसिया** पुत्र स्व. जवाहिर लाल चौरसिया निवासी बदोली भिटारी हथियान बीर बाबा कालोनी लेन नं. -8, वाराणसी।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम विकाश कुमार था जिसे बदलकर मैंने विकाश कुमार पाण्डेय कर लिया है। भविष्य मे मुझे विकाश कुमार पाण्डेय नाम से जाना पहचाना जाय। आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में मेरा नाम विकाश कुमार पाण्डेय है। **विकाश कुमार पाण्डेय** पुत्र रविन्द्र कुमार पाण्डेय पता छतमी खास, गोपीगंज जिला-संतरविदास नगर भदोही।

सूचना

सूचना-मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2017 अनुक्रमांक 2705557का अंक पत्र व सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **सूर्य प्रकाश** पुत्र लालबिहारी राम, ग्राम- विशुनपुर, पोस्ट-सचुई,जनपद-मऊ,उ.प्र.।

सूचना

मैं **प्रदीप कुमार खत्री** पुत्र स्व० भोला नाथ खत्री निवासी मोहल्ला-कोतवाली पूरब मोहल्ला विन्ध्याचल शहर व जिला मीरजापुर का निवासी हूं। मैने एक अदद मकान/भवन सं०-1204C मोहल्ला विन्ध्याचल उर्फ शरीफपुर तप्पा-छानबे परगना कन्तित तहसील सदर जिला मीरजापुर क्षेत्रफल 385 वर्गफीट 32.003 वर्गमीटर का बैनामा कराया था, जो सब रजिस्टार कार्यालय मीरजापुर के बही सं०-1 जिल्द नं०-1204C पृष्ठ सं०-251 व 306 तक क्रमांक 12697 दिनांकत 14.11.2025 को रजिस्ट्री कृत किया गया है। दस्तावेज की मूल प्रति कहीं गुम हो गयी है।

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वतः जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक

पूर्वोत्तर रेलवे

शुद्धि पत्र संख्या 5

संदर्भः- निविदा सं. DYCE-C-II-GKP-PC-01-2026 उपरोक्त निविदा के अंतर्गत निम्नलिखित शुद्धि पत्र जारी किये जा रहे हैं:

क्रमांक : 01. मद का नाम : **निविदा बयाना राशि (ई एम डी) - पूर्व में दिया गया मानक :** रु.9,91,100.00 (रुपये नौ लाख इक्यानवे हजार एक सौ मात्र), **संशोधित मानक रु.33,64,400.00 (रुपये तैंतीस लाख चौंसठ हजार चार सौ मात्र)। क्रमांक : 02.** मद का नाम : **बिड प्रारंभ करने की तिथि - पूर्व में दिया गया मानक :** 20.10.2026, **संशोधित मानक : 29.10.2026. क्रमांक : 03.** मद का नाम : **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय - पूर्व में दिया गया मानक:** 03.11.2026, 15:00 बजे. **संशोधित मानक : 12.11.2026, 15:00 बजे।** प्री-बिड प्रश्नों के उत्तर तथा प्रूफ चेक कंसल्टेंट हेतु संशोधित/पुनरीक्षित अनुरोध प्रस्ताव **(RFP)** निविदा प्रपत्र को **IREPS** पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। अन्य शर्तें पूर्वतः की भांति लागू रहेंगी। **इस शुद्धिपत्र से संबंधित विस्तृत जानकारी रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।**

उप मुख्य इंजीनियर/नि.-1/गोरखपुर,
मुजाधि/डब्ल्यू-383 पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी

सार्वजनिक सूचना

श्रीमती सुनीता देवी द्वारा आराजी संख्या–151/1, मौजा–विनायका, परगना–देहात अमानत, तहसील–सदर, जिला–वाराणसी पर निर्मित "पेट्रोल पम्प" से सम्बन्धित शमन मानचित्र स्वीकृति हेतु प्राधिकरण में प्रस्तुत किया गया है। उक्त आराजी संख्या– 151/1, मौजा–विनायका, परगना–देहात अमानत, तहसील–सदर, जिला– वाराणसी महायोजना–2031 के अनुसार भू–उपयोग आराजी संख्या–151/1, मौजा–विनायका, परगना–देहात अमानत का अंश भाग 18.00 मीटर मार्ग से प्रभावित है। मार्ग विस्तार से प्रभावित भाग के बाद का भू–उपयोग वाराणसी महायोजना–2031 में सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक सुविधाएं तथा सेवाएं/उपयोगिताएं (PS) है।" उ.प्र. के विकास प्राधिकरणों हेतु मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन्स–2025 के प्रस्तर सं0–15.3.2 प्रमुख भू–उपयोग जोन्स में क्रियाओं की अनुमन्यता हेतु मैट्रिक्स के क्रम सं0–2.8 (ख) में उल्लिखित प्राविधान के अनुसार कृषि क्षेत्र में पेट्रोल पम्प का निर्माण अनुमन्य है तथा प्रस्तर 15.1.3 समाघात शुल्क के क्रम सं.–iv में उल्लिखित प्राविधान के क्रम में शासन द्वारा निर्गत अधिसूचना सं0–आई/1130634/ 2025–8–3099/406/2023 पार्ट–1 दिनांक 04.11.2025 के क्रम में न्यूनतम 15 दिवस की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति/सुझाव, उचित माध्यमों से आमंत्रित किये जायेंगे एवं इन आपत्तियों एवं सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। "प्रश्नगत प्रकरण में प्रमुख भू–उपयोग" आराजी संख्या–151/1, मौजा–विनायका, परगना–देहात अमानत का अंश भाग 18.00 मीटर मार्ग से प्रभावित है। मार्ग विस्तार से प्रभावित भाग के बाद का भू–उपयोग वाराणसी महायोजना–2031 में सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक सुविधाएं तथा सेवाएं/उपयोगिताएं (PS) है।" एवं "पेट्रोल पम्प" की क्रिया इस उपयोग से इतर होने के कारण जनता से आपत्ति/सुझाव प्राप्त किया जाना आवश्यक है।
अतः उक्त प्राविधान के दृष्टिगत यदि किसी हितबद्ध व्यक्ति/संस्था को प्रश्नगत पेट्रोल पम्प शमन मानचित्र के सम्बन्ध में कोई आपत्ति/सुझाव प्रस्तुत करना हो, तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति/सुझाव वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के कार्यालय जोन–4 (नगवां/भेलूपुर) में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

नगर नियोजक/प्रभारी अधिकारी (मानचित्र)
वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, भूगर्भ जल विभाग, खण्ड-आजमगढ़
गौतम काम्पलेक्स, सिधारी, आजमगढ।

-= ऑफलाइन निविदा के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यों की अल्पकालीन निविदा =-

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु अल्पकालीन निविदा, ऑफलाइन निविदा भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से दिनांक 22.10.2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक 29.10.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्री क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक 29.10..2026 को अपरान्ह 01:00 बजे से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेंगी एवं प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं की फाइनेन्शियल बिड दिनांक 29.10.2026 को ही अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेंगी। अल्पकालीन निविदा दिनांक 22.10.2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक 29.10.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक कार्यालय नोटिस बोर्ड पर प्राप्त की जा सकती हैं। कार्यालय बन्द होने या अवकाश की दशा में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेंगी। निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि (EMD) कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता भूगर्भ जल विभाग, खण्ड-आजमगढ़ में जमा की जाएगी।

क्र0 सं0	निविदा सं0	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत जी0एस0टी0 रहित (लाख रू0 में)	कार्य पूर्ण करने का समय	धरोहर धनराशि (रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (रु0 में)
1	2	3	4	5	6	7
1	12/MDABYPIZO/AZM/2026-27	Installation of Medium-Deep Piezometer under UP Atal Bhujal Yojna in various Blocks of District- Azamgarh	5,93,200.00	12 दिवस	12,000.00	800.00
2	13/MDABYPIZO/AZM/2026-27		5,93,200.00	12 दिवस	12,000.00	800.00
3	14/MDABYPIZO/AZM/2026-27		5,93,200.00	12 दिवस	12,000.00	800.00
4	15/MDABYPIZO/AZM/2026-27		5,93,200.00	12 दिवस	12,000.00	800.00
5	16/MDABYPIZO/MAU/2026-27	Installation of Medium-Deep Piezometer under UP Atal Bhujal Yojna in various Blocks of District-Mau	5,93,200.00	12 दिवस	12,000.00	800.00
6	17/MDABYPIZO/MAU/2026-27		5,93,200.00	12 दिवस	12,000.00	800.00
7	18/MDABYPIZO/MAU/2026-27		5,93,200.00	12 दिवस	12,000.00	800.00
8	19/MDABYPIZO/MAU/2026-27		5,93,200.00	12 दिवस	12,000.00	800.00
9	20/MDABYPIZO/BALLIA/2026-27	Installation of Medium-Deep Piezometer under UP Atal Bhujal Yojna in various Blocks of District- Ballia	5,93,200.00	12 दिवस	12,000.00	800.00
10	21/MDABYPIZO/BALLIA/2026-27		5,93,200.00	12 दिवस	12,000.00	800.00
11	22/MDABYPIZO/BALLIA/2026-27		5,93,200.00	12 दिवस	12,000.00	800.00
12	23/MDABYPIZO/BALLIA/2026-27		2,96,600.00	06 दिवस	6000.00	700.00

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण, विस्तृत नियम व शर्तें तथा बिड प्रपत्र कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, भूगर्भ जल विभाग, खण्ड आजमगढ़ के नोटिस बोर्ड पर देखें व प्राप्त की जा सकतीं हैं।

(पीयूष कुमार पाण्डेय)
अधिशासी अभियन्ता

पत्रांक– 348/भू0ज0वि0 खं0आ0/ टेण्डर (2026-27)/ दिनांक/आजमगढ़ / अक्टूबर, 17,2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–गाजीपुर

पत्रांक—1710 / ग्रा0अ0वि0 / निविदा पत्रावली / अनु0सहायक / 2026–27 / दिनांकः 07.10.2026

प्रेस विज्ञप्ति
निविदा आमंत्रण सूचना

1– महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहर बन्द निविदाएं प्रतिशत दर में ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 में श्रेणी ए0,बी0,सी0 डी0 एवं ई0 में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यों के लिए निविदा डाल सकता है।
2 विनियमित क्षेत्र (स्वीकृति की प्रत्याशा में)

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	कार्य पूर्ण करने का समय	निविदा प्राप्त करने का मूल्य	अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	जिलाधिकारी कार्यालय का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	गोराबाजार के सुनील मास्टर के आवास से योगेन्द्र कन्नौजिया के घर तक 150मी0 सड़क सी0सी0 का निर्माण।	11.86	0.2372	3 माह	300+500 +18% (GST) =654	ग्रा0अ0वि0, गाजीपुर।	अधि0अभि0, ग्रा0अ0वि0, वृत्त–वाराणसी।	जिलाधिकारी, गाजीपुर।
2	ग्राम सभा रजदेपुर देहाती अंतर्गत आवास विकास कालोनी के नेषनल हाईवे से निधि जनरल स्टोर तक सी0सी0 सड़क एवं नाली का निर्माण।	16.78	0.3356	3 माह	300+500 +18% (GST) =654			
3	नेषनल हाईवे पर रौजा प्रकाष आयरन स्टोर से अभिषेक कुमार राय के घर तक सड़क नाली।	21.37	0.4274	3 माह	300+500 +18% (GST) =654			
4	चंदन नगर कॉलोनी के आलोक तिवारी के घर से सतीश राय घर होते हुए अवधेश तिवारी के घर तक।	12.89	0.2578	3 माह	300+500 +18% (GST) =654			
5	संतोष गुप्ता जी के घर से लल्लन राय के घर तक नाली सड़क।	12.92	0.2584	3 माह	300+500 +18% (GST) =654			
6	ग्राम सभा मिश्रौलिया स्थित लक्ष्मी विहार कॉलोनी के राजेश सिंह के घर से एस0बी0 सिंह के घर होते हुए एवं तिवारी जी के घर से रामलाल यादव के घर तक सी0सी0 सड़क और नाली का निर्माण।	23.80	0.4760	3 माह	300+500 +18% (GST) =654			

3. वेब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि व समयः– 24.10.2026 समय सुबह 11.00 बजे से।
4. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समयः–07.11.2026 को अपराह्न 12.00 बजे तक।
5. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 07.11.2026 को अपराह्न 12.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेब साइट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

(पुनीत कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड–गाजीपुर।,

उ.प्र.–258555
दिनांक–16.10.2026

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय
शारदा सहायक खण्ड–23, आजमगढ़

ई–टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यो की अल्पकालीन
ई–निविदा सूचना संख्या–01 / स0अ0.II / 2026–27

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई–निविदा (टेक्निकल तथा फाइनेंशियल बिड) वेब पोर्टल https://etender.up.nic.in के माध्यम से सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से तालिका संख्या–01 के अनुसार आमंत्रित की जाती है एवं तालिका संख्या–02 में वर्णित कार्यक्रमानुसार विभाग द्वारा गठित समिति के समक्ष आनलाइन खोली जायेगी।

तालिका संख्या–01

लाट सं0	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख रुपये)	धरोहर धनराशि (लाख रुपये)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 में	पंजीकृत श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1	निकासीपुर मा0 के किमी0 0.000 से किमी0 1.600, चितारा महमूदपुर मा0 के किमी0 0.000 से किमी0 3.000, अमनाथा मा0 के किमी0 0.000 से किमी0 3.500 तक सिल्ट सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वान्टीटी के अनुसार	0.18	15 दिन	75+18% GST	D एवं उच्च श्रेणी
2	बेलवाना मा0 के किमी0 0.000 से किमी0 4.100, महुजा मा0 के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 सोहौली मा0 के किमी0 0.000 से किमी0 3.400, भादो मा0 के किमी0 0.000 से किमी0 2.800 एवं बघुरी मा0 के किमी0 0.000 से किमी0 2.200 सिल्ट सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वान्टीटी के अनुसार	0.31	15 दिन	75+18% GST	D एवं उच्च श्रेणी
3	पकरौल मा0 के किमी0 0.000 से किमी0 3.100, लारपुर मा0 के किमी0 0.000 से किमी0 1.600, पिपरौला मा0 के किमी0 0.000 से किमी0 2.000, कुशहा मा0 के किमी0 0.000 से किमी0 3.400, खासडीह मा0 के किमी0 0.000 से किमी0 0.700 एवं सुरहन मा0 के किमी0 0.000 से किमी0 2.200 सिल्ट सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वान्टीटी के अनुसार	0.29	15 दिन	75+18% GST	D एवं उच्च श्रेणी
4	जोखू मा0 के किमी0 0.000 से किमी0 3.100, ककई मा0 के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 एवं जूनियर कौरागहनी मा0 के किमी0 0.000 से किमी0 2.200, तक सिल्ट सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वान्टीटी के अनुसार	0.15	15 दिन	75+18% GST	D एवं उच्च श्रेणी
5	जमदहा मा0 के किमी0 0.000 से किमी0 5.000, अब्बापुर मा0 के किमी0 0.000 से किमी0 3.100 एवं सीधा मा0 के किमी0 0.000 से किमी0 1.400, तक सिल्ट सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वान्टीटी के अनुसार	0.27	15 दिन	75+18% GST	D एवं उच्च श्रेणी
6	बनगांव रा0 के किमी0 3.000 से किमी0 10.200 तक सिल्ट सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वान्टीटी के अनुसार	0.29	15 दिन	75+18% GST	D एवं उच्च श्रेणी

तालिका संख्या–02

Sl. No.	Particulars	Date	Time
1-	Upload on website	21-10-2026	11:00
2-	Bid Submission Start	21-10-2026	12:00
3-	Bid Submission End	27-10-2026	14:00
4-	Technical Bid Opening	27-10-2026	16:00
5-	Financial Bid Opening	Date and Place to be decided after technical bid evaluation and will be communicated on-line to successful bidders in technical bid	

नियम एवं शर्ते–
1–यह निविदा बिड सूचना उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट https://etender.up.nic.in सूचना विभाग की वेबसाइट (http://information.up.nic.in) तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट (http://irrigation.up.nic.in) पर उपलब्ध है।

(शशि कुमार)
सहायक अभियन्ता द्वितीय
शारदा सहायक खण्ड–23,
आजमगढ़

उ.प्र.–258653
दिनांक–17.10.2026

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

फार्मेट सी–1
(अभ्यर्थियों के लिए समाचार-पत्रों, टी.वी. में प्रकाशन हेतु)

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा
(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता: **पंकज कुमार सिंह उर्फ डब्लू पता-पहाड़ीगेट, वैष्णो विहार कालोनी, भुल्लनपुर पी.ए.सी. वाराणसी- 221108**
राजनैतिक दल का नाम: **निर्दलीय**
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)
निर्वाचन का नाम: **उत्तर प्रदेश विधान परिषद**
*निर्वाचन क्षेत्र का नाम: **वाराणसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र**

मैं **पंकज कुमार सिंह उर्फ डब्लू** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता / करती हूँ:

क्र. सं.	लंबित आपराधिक मामले			आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण	
	न्यायालय का नाम	मामले की सं. एवं मामले की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की की धारा (ए) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण	न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों)की तारीख	अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण
1	2	3	4	5	6
1	A/c 1 वाराणसी	थाना-मंडुवाडीह वाराणसी मु.अ. संख्या 29/2019	302, 34, 120 B,IPC हत्या करना	लागू नहीं	लागू नहीं
2	ADJ-4 1 वाराणसी	थाना-मंडुवाडीह मु.अ. सं. 137/18	307 IPC हत्या के प्रयास	लागू नहीं	लागू नहीं
3	ADJ-4 वाराणसी	थाना-मंडुआडीह वाराणसी मु.आ. संख्या 138/18	3/7/25 IPC आर्म्स एक्ट	लागू नहीं	लागू नहीं
4	JM-2 वाराणसी	थाना-मंडुआडीह वाराणसी मु.आ. सं. 2469/2003	147, 353, 504, 506 IPC , मारपीट व धामी	लागू नहीं	लागू नहीं
5	ADJ-13 स्पेशल जज वाराणसी	थाना-मंडुआडीह वाराणसी मु.आ. संख्या 53/ 2019	3(1) UP IPC गैंगस्टर एक्ट	लागू नहीं	लागू नहीं
6	JM-2 वाराणसी	थाना-मंडुआडीह वाराणसी मु.आ. संख्या 0161/17	386, 323, 504, 506 IPC धमकी देना	माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद	लागू नहीं

*राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद् के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें। **विधान परिषद के निर्वाचन**

तेज रफ्तार कार ने टेम्पो लोडर में मारी टक्कर, युवक की मौत

पिंडरा। फूलपुर थाना क्षेत्र के बहुतरा पुल के पास रविवार शाम तेज रफ्तार कार की टक्कर से टेम्पो लोडर में सवार ३७ वर्षीय वारिस अली की मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे में टेम्पो चालक साजू घायल हो गया। टक्कर इतनी अचानक हुई कि टेम्पो में बैठे वारिस अली को संभलने का मौका तक नहीं मिला। पुलिस को दी गयी तहरीर के मुताबिक, जौनपुर जिले के मछलीशहर कस्बे के मोहल्ला कोतवाली निवासी वारिस अली पुत्र ताहिर सीएनजी टेम्पो लोडर से बनारस से घर लौट रहे थे। रविवार की शाम करीब ७ बजे टेम्पो जैसे ही बहुतरा पुल के पास पहुंचा, सामने से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार ने उसमें टक्कर मार दी। हादसे में वारिस अली की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि चालक साजू घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के भाई आबिद अली ने सोमवार को फूलपुर थाने में तहरीर देकर काररवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा १०६(१), २८१ और १२५(ए) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

महिलाओं पर अश्लील कमेंट करने के मामले में युवक को पुलिस ने पकड़ा

सिंधोरा के पुरानी चौराहे पर राह चलती महिलाओं और लड़कियों पर अश्लील कमेंट करना एक युवक को भारी पड़ गया। मौके पर पहुंची एंटी रोमियो टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। आरोपी की पहचान सिंधोरा बाजार निवासी आरिफ अली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, रविवार को उपनिरीक्षक दीप्ति शर्मा महिला पुलिसकर्मियों और अन्य पुलिसकर्मियों के साथ क्षेत्र में गश्त और एंटी रोमियो अभियान पर थी। इसी दौरान सूचना मिली कि पुरानी चौराहे पर एक युवक आने-जाने वाली महिलाओं और लड़कियों पर आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके के पास पहुंची तो सफेद शर्ट और नीली जींस पहने एक युवक महिलाओं और लड़कियों को देखकर अश्लील गाना गाता मिला। पुलिस का दावा है कि युवक को ऐसा करते देखकर आसपास से गुजर रही महिलाएं और लड़कियां असहज होकर आगे बढ़ गयीं। इसके बाद टीम ने घेराबंदी कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया।

मैजिक के धक्के से युवक घायल

चौबेपुर क्षेत्र के मढ़नी रिंग रोड पर सोमवार की सुबह एक मैजिक के धक्के से शंकरपुर गांव निवासी अभिषेक(१८ वर्ष) पुत्र सोविंदर यादव धक्का मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने एक शहर स्थित एक निजी अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया। जहां स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं मैजिक चालक अपना वाहन छोड़ कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर डायल ११२ की पुलिस पहुंचकर मैजिक को थाने ले आयी। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि मैजिक चालक का पता किया जा रहा है।

दो पक्षों के बीच मारपीट, तोड़फोड़, मुकदमा दर्ज

कैंट थाना क्षेत्र के ठकुरापुरा में दो पक्षों के बीच मारपीट, तोड़फोड़ और बच्ची से छेड़खानी के आरोपों को लेकर विवाद सामने आया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट करने और परिवार के सदस्यों को चोट पहुंचाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। एक पक्ष की महिला का आरोप है कि वह दुकान पर पहुंची थीं, तभी पड़ोसी पक्ष के लोगों ने उनके और उनके पति के साथ मारपीट की। इस दौरान गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी। आरोप है कि हमलावरों ने बिजली का मीटर तोड़ दिया और उनकी बच्ची को उठाकर पटक दिया। वहीं, दूसरे पक्ष ने शिकायत में आरोप लगाया कि १८ अक्तूबर की रात कुछ लोग टिन लांघकर उनके घर में घुस आये। उस समय उनकी बच्ची सो रही थी। आरोपितों ने बच्ची के साथ मारपीट और छेड़खानी की। विरोध करने पर दंपती को भी पीटा गया। घटना में बच्ची समेत परिवार के अन्य सदस्यों को चोटें आयीं। दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बाइक के धक्के से साइकिल सवार समेत तीन घायल

गोसाईपुर। चोलापुर थाना क्षेत्र के गोसाईपुर चौकी अंतर्गत ग्राम सभा पलही पट्टी में सिंधोरा-वाराणसी मार्ग पर बाइक सवार ने साइकिल सवार को मारा धक्का जिससे साइकिल सवार जयप्रकाश चौबे ४५ वर्ष निवासी राजापुर वह बाइक सवार गुलाब प्रसाद ५० वर्ष और उनकी बेटी अवनीश कुमार २५ वर्ष निवासी भगवानपुर सिंधोरा गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को तत्काल पुलिस के द्वारा अस्पताल भिजवाया गया। गंभीर रूप से घायल हो गये ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस १०८ लाया गया उनको अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर उनकी हालत गंभीर है।

गैस सिलेंडर में लगी आग, परिजनों में मचा कोहराम

गोसाईपुर। चोलापुर थाना क्षेत्र के गोसाई पुरचौकी अंतर्गत नेहिया गांव में एक घर में गैस सिलेंडर में आग लग गयी। इससे परिजनों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने समय रहते मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली, जिससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ और किसी को चोट नहीं आयी। यह घटना नेहिया गांव निवासी आशीष दुबे पुत्र स्वर्गीय राजेंद्र दुबे के घर में हुई। उनके घर में रखे सिलेंडर में अचानक आग लग गयी पत्नी खुशबू दुबे चाय बनाने जा रही थी दोपहर में घबराये परिजनों ने तुरंत चोलापुर थाना प्रभारी सधुवनराम गौतम और डायल ११२ को सूचना दी। सूचना मिलते ही गोसाईपुर चौकी प्रभारी अनिकेत श्रीवास्तव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पीआरबी ६२० पर तैनात पुलिसकर्मी उदयभान यादव, रवि कुमार चौबे, भावेश कुमार मिश्र और विकास कुमार ने भी तेजी से काररवाई करते हुए आग पर काबू पाया। पुलिसकर्मियों की सूझबूझ और त्वरित काररवाई से सिलेंडर की आग बुझ गयी। पुलिस की इस काररवाई की स्थानीय ग्रामीणों ने तारीफ की है।

डॉक्टर जिनेश को मातृशोक



'आज' परिवार के सदस्य डॉक्टर जिनेश की माता शारदा देवी का सोमवार को लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। मणिकर्णिका घाट पर छोटे भाई नितेश सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी। उनके निधन की खबर से परिवार और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। वह अपने पीछे पुत्र डॉ. जिनेश कुमार, रितेश सिंह एवं नितेश सिंह सहित पौत्र हितेश, प्रिंस, संजीत और कुशाग्र समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

नवमी पर देवी पंडालों में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

जगतजननी मां शेरावाली के दर्शन पाने के लिए सभी लोग रहे बेताब, कई स्थानों पर कुंवारी कन्याओं को कराया गया भोजन

सोनभद्र। शारदीय नवरात्र के नवमी के मौके पर शाम ढलते ही दर्शन पूजन करने के लिए पंडालों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मां के दर्शन पाने के लिए सभी श्रद्धालु बेताब रहे। पंडालों में बज रहे देवी गीतों से समूचा वातावरण भक्तिमय हो गया था। नवमी पर पंडालों में देर रात तक मां का जयकारा गूंजता रहा। राबर्ट्सगंज नगर में पंडालों में विराजमान मां जगतजनी शेरावाली के दर्शन के लिए हर कोई इच्छुक रहा। नवमी के मौके पर कई स्थानों पर कुंवारी कन्याओं को भोजन कराकर उन्हें दान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। **चुर्क संवाददाता के अनुसार**-नगर पालिका राबर्ट्सगंज के वार्ड नंबर चार सहिजन कला गांव स्थित चन्द्रिका माता मंदिर परिसर में रामनवमी के पावन अवसर पर सोमवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 201 कन्या पूजन समारोह का आयोजन किया गया। धार्मिक परंपरा के अनुसार आयोजित इस समारोह में कन्याओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। समारोह को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां किया गया रामनवमी के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है। इस मौके पर पूर्व विधायक सदर अविनाश कुशवाहा, रामसमुझ मौर्या, वार्ड के सदस्य राकेश भारती, ग्राम प्रधान प्रशासक कन्हैया कोल समेत कई लोग मौजूद रहे। **बीजपुर संवाददाता के अनुसार**-एनटीपीसी परिसर स्थित रिहंदेश्वर महादेव मंदिर में शारदीय नवरात्रि महोत्सव श्रद्धा भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। 17 अक्टूबर को लखनऊ से आए अग्निहोत्री बंधुओं की भजन प्रस्तुतियों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। शंखनाद प्रतियोगिता में अपर महाप्रबंधक ब्रजेश कुमार यादव ने प्रथम तथा मानव संसाधन विभाग के अमित केसरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।मुख्य अतिथि एवं परियोजना प्रमुख कार्यकारी निदेशक संजय असाटी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। 18 अक्टूबर को आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। मुख्य अतिथि संजय असाटी और महिला मंडल की अध्यक्षा नीलू असाटी ने प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में महिला मंडल की अध्यक्षा नीलू असाटी, महाप्रबंधक हेमेश वार्ष्णेय,कीर्ति वार्ष्णेय, पूजा समिति के अध्यक्ष एन.एस. कोरंगा, महासचिव विजेंद्र कुमार मीना, मानव संसाधन विभाग के प्रमुख राजेश बोईपाई, मंदिर समिति के अध्यक्ष योगेश त्रिपाठी,उपाध्यक्ष आर.एन. वर्मा, बीएमएस के महामंत्री एस एन पाठक मौजूद रहे। **लिलासी संवाददाता के अनुसार**-म्योरपुर विकासखंड के विभिन्न ग्रामीण अंचलो मे नवरात्रि के नवमी तिथि पर पूजा पंडाल में विधि-विधान से मां दुर्गा का नवमा रूप मां सिद्धिदात्री की विधि विधान से पूजा अर्चना हुई। आश्रम मोड़ मे नवमी के दिन कन्या पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को देवी का रूप मानकर पूजा की और उन्हें भोजन कराया। इस दौरान कन्याओं को चुनरी, फ्लू, मिठाई और दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया गया। पूजा पंडाल में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया और भक्तों ने मां दुर्गा से सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इस मौके पर यजमान सौरभ राय, कमेटी अध्यक्ष विशाल अग्रहरी, सौरभ मद्देशिया, प्रशांत दूबे, सुनील, आदित्य, अमन, प्रवीण यादव, अभिषेक श्रीवास्तव, दिनेश जायसवाल, रामचन्द्र दूबे आदि मौजूद रहे। **शाहगंज संवाददाता के अनुसार**-शारदीय नवरात्रि की नवमी तिथि पर श्री बाल दुर्गा पूजा समिति राजपुर रोड के तत्वावधान में सोमवार को कन्या पूजन और भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति के पदाधिकारियों और महिलाओं ने देवी स्वरूप नौ कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर उन्हें प्रसाद खिलाया। इसके बाद भंडारा शुरू हुआ, जो दोपहर से देर शाम तक चला। आये हुए हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मां दुर्गा पूजा समिति मराची रोड पर भी भंडारा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में मनोज केशरी, आलोक पटवा, बंटी मोदनवाल, रोहित सिंह, कृष्णा पटेल, आकाश बली, प्रकाश सिंह, अरुण पटेल, शनि गुप्ता, संतोष वर्मा, आलोक रंजन और सुशील सिंह लगे रहे।



देवी जागरण में देवी गीतों पर रात भर थिरकते रहे श्रद्धालु

रेणुकूट(सोनभद्र)। नगर के खाड़पाथर स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष अष्टमी के अवसर पर भव्य देवी जागरण का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्रद्धालु भक्ति गीतों की धुन पर रात भर थिरकते रहे। भक्ति और श्रद्धा से सराबोर माहौल में माता रानी के जयकारों से मंदिर परिसर गूंजता रहा। देवी जागरण में भक्ति गायक कृष्णा अजौरा की टीम ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत कृष्णा अजौरा ने भगवान गणेश की वंदना गौरी के पुत्र गणेश से की। इसके बाद भक्ति गीतों का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर रात से लेकर सुबह तक चलता रहा। गायक दिनेश शर्मा ने चलो बुलावा आया है गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं में उत्साह भर दिया। कार्यक्रम में राजीव सिन्हा, भूपेंद्र सिंह, आशीष शुक्ला, गुड्डू यादव, पीयूष जायसवाल, भानु प्रताप सिंह, निखिल सिंह, ओम राय, पीयूष मौर्य, राहुल शर्मा, विमलेश कुमार, अजय जायसवाल, रूपेश जायसवाल मौजूद रहे।

एनटीपीसी रिहंद में श्रद्धा के साथ मनी महानवमी

बीजपुर(सोनभद्र)। एनटीपीसी रिहंद में सोमवार को महानवमी का पर्व श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर श्री रिहंदेश्वर महादेव मंदिर परिसर स्थित पूजा पंडाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजय आसाटी कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख रिहंद मौजूद रहे। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। महानवमी के पावन अवसर पर खिचड़ी महाभोग का आयोजन किया गया जिसमें एनटीपीसी रिहंद के कर्मचारियों उनके परिवारजनों एवं आसपास के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन ने धार्मिक आस्था के साथ आपसी सौहार्द एवं सामाजिक समरसता की भावना को भी सुदृढ़ किया।कार्यक्रम के माध्यम से कर्मचारियों उनके परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों को एक साथ आकर पर्व मनाने का अवसर मिला।इस प्रकार के धार्मिक आयोजन सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण के साथ सामुदायिक सहभागिता एवं आपसी सद्भाव को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

ट्रेन की चपेट में आने से वृद्धा की मौत

दुद्धी(सोनभद्र)। कोतवाली क्षेत्र के धनौरा गांव में आईटीआई कालेज के पूर्व दिशा में रविवार की तड़के ट्रेन की चपेट में आने से सरस्वती देवी 55 पत्नी विश्वनाथ निवासी सिकनी थाना मेराल जिला गढ़वा झारखंड की मौत हो गई। बताया गया है कि मृतका बीते कई महीनों से धनौरा गाँव के पिपराही टोला में रहकर मजदूरी करती थी। सुबह घर से अपने बिटिया के घर जा रही थी कि रेलवे ट्रैक पार करते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुद्धी भेज दिया।

गैंगस्टर एक्ट में वांछित तीन गिरफ्तार

कोन(सोनभद्र)। स्थानीय पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। गठित टीम ने मुखबीर की सूचना पर रविवार की सुबह कोन बस स्टैंड के पास से गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित तीनों क्रमश: जितेन्द्र यादव, हरिदास उराव तथा सुनील कुमार को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। टीम में प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक वीरेन्द्र वर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

डीएम, एसपी ने दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण कर सम्बंधितों को दिया आवश्यक निर्देश

दुर्गा पूजा दशहरा पर्व को आपसी सौहार्द के साथ मानने की अपील

सोनभद्र। नवरात्रि,दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्रांतर्गत विभिन्न दुर्गा पूजा पण्डालों का भ्रमण किया। इस दौरान दोनों आला अधिकारियों ने पूजा पण्डालों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लेते हुए सुरक्षा के दृष्टिगत की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान डीएम, एसपी ने पूजा पण्डालों में अग्निशमन सुरक्षा के दृष्टिगत उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों की जांच कर आयोजकों को आवश्यक सुरक्षा सावधानियां बरतने हेतु निर्देशित किया जिससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त दोनों अधिकारियों ने कस्बा रॉबर्ट्सगंज में विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं निगरानी व्यवस्था का जायजा लिया ताकि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर सतर्क दृष्टि रखी जा सके। इसके बाद डीएम एसपी ने पर्याप्त पुलिस बल के साथ संबंधित क्षेत्रों में पैदल गश्त कर ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूर्ण सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने, श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाए रखने तथा यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के निर्देश दिए। साथ ही भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखने एवं किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न होने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्व के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था पर निरंतर निगरानी रखी जाए तथा आमजन एवं श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके साथ ही आमजन से अपील की गई कि नवरात्रि,दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व को आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें।



अडाणी पावर में दुर्गा पूजन समारोह का आयोजन

चुर्क(सोनभद्र)। अडाणी पावर लिमिटेड के आवासीय परिसर स्थित न्यू कालोनी के खेल प्रांगण में दुर्गा पूजन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। शारदीय नवरात्र के नवमी के दिन देवी सिद्धदात्री की पूजन अर्चन किया गया। अधिग्रहण करने के बाद अडाणी पावर लिमिटेड द्वारा पहली बार दुर्गा पूजन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। अडाणी पावर लिमिटेड के बिजनेश आफिसर श्रुति नायक ने विधि-विधान के साथ जगतजननी मां दुर्गा का पूजन अर्चन किया। पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जो श्रद्धालुओं को अपने ओर आकर्षिक कर रहा था। इस मौके पर आर एन यादव, सुधीर मिश्रा, के के मिश्रा समेत अडाणी परिवार के सदस्यगण मौजूद रहे।



डांडिया नाइट में खूबे थिरके कालोनीवासी

अनपरा(सोनभद्र)। शारदीय नवरात्र के दुर्गा अष्टमी के दिन अनपरा तापीय परियोजना के आवासीय परिसर स्थित बस स्टैंड पर बने दुर्गा पूजा पंडाल में भव्य डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। नवयुवक सेवा श्री दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में अनपरा कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मनमोहक संगीत की धुन पर गरबा और डांडिया की आकर्षक प्रस्तुतियों ने उत्सव के माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। विभिन्न समूहों ने बारी-बारी से अपनी प्रस्तुतियां दीं। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे प्रतिभागियों ने पारंपरिक गरबा और डांडिया नृत्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं नवरात्र की उमंग को जीवंत कर दिया। संगीत की लय, नृत्य की थिरकन और प्रतिभागियों के उत्साह से पूरा परिसर भक्तिमय में सराबोर नजर आया। डांडिया नाइट में बच्चों, युवाओं और अन्य प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। संगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और पूरे आयोजन को यादगार बना दिया।

महिसासुर मर्दनी की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

अनपरा(सोनभद्र)। शारदीय नवरात्र के मौके पर फेनिक्स क्लब रेनुसागर के तत्वावधान में हिंडालको रेनुसागर परिसर स्थित पैराडाइज प्रेक्षागृह के प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भक्ति, संस्कृति और परंपरा का सुंदर संगम देखने को मिला। उत्सवमय वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम ने उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ कर्मचारियों और उनके परिवारों को एक मंच पर लाकर आपसी सौहार्द एवं सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया और पूरे परिसर में उत्साह एवं उमंग का माहौल बना रहा। शारदीय नवरात्र के अवसर पर आयोजित इस सांस्कृतिक समारोह में दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की सदस्याये द्वारा नव दुर्गा के स्वरूप और उनकी महिमा को बड़े ही अदभुत ढंग से सजीव मंचन किया वही बच्चों द्वारा महिषासुर मर्दनी का नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर प्रांगण में मौजूद भक्तगण को भाव विभोर किया। इस मौके पर हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह, दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की सदस्या इंदू सिंह, संचालन हेड मनीष जैन, हेड एचआर आशीष पांडेय, संदीप येवले, निखिल जैन मौजूद रहे।

साइबर ठगी के पीड़ित को पुलिस ने कराया 1.82 लाख रुपये

अनपरा(सोनभद्र)। साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अनपरा पुलिस ने सराहनीय कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के शिकार अनिल शर्मा को 1,82,750 की पूरी धनराशि वापस करा दी। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से पीड़ित को बड़ी राहत मिली है। हिंडालको कॉलोनी रेणुसागर निवासी अनिल शर्मा पुत्र केसी शर्मा के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति ने साइबर धोखाधड़ी कर धनराशि ट्रांसफर करा ली थी। मामले की जानकारी मिलने पर अनपरा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित बैंक से पत्राचार किया और ठगी की रकम को होल्ड कराया। आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद पूरी धनराशि पीड़ित के मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस करा दी गई।

डाला-बिल्ली क्रेशर ओनर्स असोसियेशन को लीगल नोटिस फर्जी पट्टे,जीएसटी पर बनी सदस्यता रद करने की मांग

ओबरा(सोनभद्र)। ओबरा क्षेत्र की प्रमुख व्यापारिक संस्था डाला-बिल्ली क्रेशर ओनर्स एसोसिएशन में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ली गई अवैध सदस्यता को लेकर एक बड़ा विधिक मामला सामने आया है। ओबरा के अधिवक्ता एस0 के0 चौबे ने एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सचिव को एक 15-दिवसीय विधिक नोटिस (लिगल नोटिस) प्रेषित कर कूटरचित पट्टे और असत्य जीएसटी विवरण के सहारे सदस्य बने इश्तियाक खान की सदस्यता तत्काल प्रभाव से निरस्त करने तथा संबंधितों के खिलाफ आपराधिक प्राथमिकी (फआइआर) दर्ज कराने की मांग की है।

क्या है पूरा मामला ?

अधिवक्ता एस0 के0 चौबे ने अपने पक्षकार सुधीर कुमार श्रीवास्तव (विधिक प्रतिनिधि श्रीमती रिंकी श्रीवास्तव) के निर्देश पर भेजे गए नोटिस में मुख्य रूप से निम्नलिखित गंभीर आरोप लगाए हैं। फर्जी खनन पट्टा व असत्य जीएसटी विवरण जिलाधिकारी कार्यालय के खनिज अनुभाग की आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, जनपद में मेसर्स राधिका इंडस्ट्रीज के नाम पर कोई भी खनन पट्टा कभी स्वीकृत ही नहीं है। बिल्ली-मारकुंडी क्षेत्र का संबंधित 10-वर्षीय खनन पट्टा आधिकारिक राजस्व अभिलेखों में वैध रूप से श्रीमती रिंकी श्रीवास्तव के नाम पंजीकृत है। इसके बावजूद, फर्जी पट्टे के आधार पर इश्तियाक खान का नाम एसोसिएशन की मतदाता सूची में दर्ज कराया गया।

पूर्व सचिव की आपराधिक सांठगांठ, षड्यंत्र

नोटिस में आरोप लगाया गया है कि एसोसिएशन के एक पूर्व सचिव ने अपने पदीय दायित्वों की अवहेलना करते हुए बिना किसी मूल पट्टा सत्यापन के इस कूटरचित सदस्यता फार्म को स्वीकार कराया। इस फर्जी सदस्यता के सहारे विगत चुनाव में अवैध मताधिकार प्राप्त कर संस्था पर कब्जे का आपराधिक षड्यंत्र रचा गया। आरोपी पहले से जेल में निरुद्ध उल्लेखनीय है कि पट्टे के संचालन, फर्जी हस्ताक्षर, कूटरचना एवं वित्तीय गबन के मामले में इश्तियाक खान के खिलाफ थाना ओबरा में मुकदमा अपराध संख्या 153/2025 दर्ज है। ओबरा पुलिस ने उसे मुंबई से गिरफ्तार किया था और वर्तमान में वह न्यायिक अभिरक्षा (जेल) में है।

पते में गंभीर विसंगतियाँ , कूटरचना

सदस्यता फार्म में दर्शाए गए जीएसटी पंजीकरण का व्यावसायिक पता सिग्नेचर स्क्वायर बिल्डिंग, वार्ड नं0 18, ओबरा दर्ज है, जबकि फार्म के पत्राचार/व्यवसाय वाले कॉलम में टोला खैरेटियां, बिल्ली-मारकुंडी, ओबरा अंकित किया गया है। सदस्यता देने से पूर्व इन परस्पर विरोधी विवरणों की कोई भौतिक या स्थलीय जांच नहीं की गई।

विधिक नोटिस के माध्यम से की गयी प्रमुख मांगें

नोटिस प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर निम्नलिखित कार्यवाहियां सुनिश्चित करने को कहा गया है सदस्यता निरस्तीकरण इश्तियाक खान का नाम क्रेशर ओनर्स एसोसिएशन की सदस्यता एवं मतदाता सूची से तत्काल खारिज किया जाए। वैध पट्टाधारक का नाम दर्ज हो सरकारी अभिलेखों के अनुसार वैध पट्टाधारक श्रीमती रिंकी श्रीवास्तव का नाम मतदाता सूची में दर्ज किया जाए। सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन निरस्तीकरण की सूचना समाचार पत्रों एवं एसोसिएशन के नोटिस बोर्ड पर सार्वजनिक रूप से प्रकाशित कराई जाए। आपराधिक मामला (फ्आइआर) दर्ज हो फर्जी दस्तावेजों से धोखा देने के आरोप में एसोसिएशन प्रबंधन द्वारा इश्तियाक खान तथा सहयोगी पूर्व सचिव के विरुद्ध धोखाधड़ी, कूटरचना व षड्यंत्र की धाराओं में पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराई जाए। अन्य संदिग्ध सदस्यों की जांच संस्था में अन्य संभावित फर्जी सदस्यों की पहचान हेतु एक निष्पक्ष जांच समिति का गठन किया जाए। चेतावनी एवं अगला कदम अधिवक्ता ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित 15 दिनों की समयावधि में एसोसिएशन प्रबंधन द्वारा अपेक्षित कानूनी कार्यवाही नहीं की जाती है, तो उनके पक्षकार सक्षम न्यायालय (दीवानी एवं फौजदारी) में विधिक वाद दायर करेंगे, जिसकी संपूर्ण कानूनी एवं वित्तीय जिम्मेदारी संबंधित प्रबंधन की होगी।

विजयादशमी पर 60 फीट ऊंचे रावण के पुतले का होगा दहन

ओबरा(सोनभद्र)। विजयादशमी के पावन पर्व के मद्देनजर ओबरा में भव्य आयोजन की तैयारी अंतिम दौर में पहुंच गई है। मंगलवार को निर्धारित समय पर पुतले का दहन किया जाएगा। स्थानीय राम मंदिर मैदान में श्री राम लीला समिति द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विजयदशमी के अवसर पर मंगलवार को भव्य रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। समिति ने बताया कि सभी तैयारियां पूर्ण हो गई है। स्थानीय कारीगरों द्वारा इस वर्ष लगभग 60 फीट ऊंचे रावण के पुतले का निर्माण किया गया है। इस वर्ष पुतला दहन के साथ भव्य आतिशबाजी होगी, जिसमें कई आकर्षक पटाखों के समूह को शामिल किया गया है। समिति ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ-साथ समिति के वॉलिंटियर्स भी लगे रहेंगे। बताते चले कि ओबरा में दो दिन अलग-अलग स्थान पर रावण के पुतले का दहन होता है। बुधवार को नगर के सेक्टर 9 रामलीला मैदान में भी विशालकाय रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।



महिषासुर मर्दिनी, कृष्ण लीला पर आधारित नृत्य प्रस्तुति कर मोहा मन

शक्तिनगर(सोनभद्र)। एनटीपीसी सिंगरौली के शक्तिनगर स्थित दुर्गा मंडप में दुर्गा पूजा के मौके पर आयोजित धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सेवा कार्यक्रमों में श्रद्धा, उल्लास और सामुदायिक सहभागिता का सुंदर समागम देखने को मिला। शक्ति नृत्यांजलि की मनोहारी प्रस्तुतियों से लेकर हजारों श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी महाप्रसाद वितरण तक, दो दिवसीय आयोजन ने भारतीय सांस्कृतिक परंपरा, सेवाभाव एवं सामाजिक समरसता को प्रभावी अभिव्यक्ति दी। 18 अक्टूबर को नवदुर्गा समिति के तत्वावधान में आयोजित शक्ति नृत्यांजलि सांस्कृतिक संध्या में लखनऊ की अनुज अर्जुन मिश्रा डांस कंपनी (एएडीसी) के कलाकारों ने अपनी मनोहारी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महिषासुरमर्दिनी, कृष्ण लीला एवं शक्ति पूजन पर आधारित नृत्य प्रस्तुतियों में संगीत, नृत्य और भक्ति का प्रभावशाली समन्वय देखने को मिला। देवी शक्ति की आराधना एवं भारतीय संस्कृति के विविध आयामों को कलात्मक रूप से अभिव्यक्त करती इन प्रस्तुतियों ने दुर्गोत्सव की संध्या को विशेष गरिमा प्रदान की। इसी क्रम में 19 अक्टूबर को दुर्गा मंडप में पारंपरिक खिचड़ी भोग का आयोजन श्रद्धा एवं सेवाभाव के साथ किया गया। इस मौके पर ई. प्रभाकर राव, परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी सिंगरौली मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। श्रीमती ई. निर्मला राव, अध्यक्षा, वनिता समाज की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। इस मौके पर अगम प्रकाश तिवारी महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण, सुनील कुमार मिश्रा महाप्रबंधक अभियांत्रिकी, सिद्धार्थ मंडल मानव संसाधन प्रमुख सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।



लक्ष्मण पर मेघनाद का प्रहार, रणभूमि में छाया शोक

रेणुकूट(सोनभद्र)। हिंडाल्को रामलीला परिषद के तत्वावधान में रामलीला के आठवें दिन अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण मूर्छित लीला का सुंदर चित्रण हुआ। अंगद ने लंका का सारा हाल आकर राम जी को सुनाया और आक्रमण की तैयारी के लिए कहा। लंका में कोहराम मच गया। रावण द्वारा परेशान होने पर पहले दिन युद्ध की कमान मेघनाथ को सौंपी गई। इधर भगवान राम ने लक्ष्मण की जिद पर संग्राम की कमान सौंपी। लक्ष्मण मेघनाथ में घोर युद्ध हुआ। लेकिन मेघनाथ ने ब्रह्मास्त्र शक्ति का प्रयोग कर लक्ष्मण पर वार कर दिया जिससे लक्ष्मण मूर्छित हो गए। जिसे राम व्याकुल हो गए तथा पूरी वानर सेना में शोक की लहर दौड़ गई। तब हनुमान जी लंका से सुसेन वैध को लेकर रामादल पहुंचे। जहां उन्होंने बताया की द्रोणागिरी पर्वत पर संजीवनी बूटी अगर रात में ही आ जाए तब लक्ष्मण के प्राण बच सकते हैं। हनुमान जी रामा दल से संजीवनी बूटी लेने के लिए चल पड़े रास्ते में रावण द्वारा भेजे गए कालनेमि ने उनका रास्ता रोका लेकिन हनुमान जी ने उसका वध कर दिया। द्रोणागिरी पर्वत को संजीवनी बूटी सहित उठा लाये फिर सुसेन वैध ने लक्ष्मण के मुख में संजीवनी बूटी डाली। जिससे लक्ष्मण ठीक हो गए रामा दल में जय श्रीराम के नारे गूंजने लगे। हिंडाल्को प्राइमरी स्कूल यूनिट-2 की प्रधानाध्यापिका श्रीमती दीपान्विता रॉय तथा आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कॉलेज के उपप्रधानाचार्य विजय भगवत पाटिल ने अपनी पत्नी सहित वैदिक विधि-विधान से भगवान गणेश का पूजन कर रामलीला मंचन का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर रामलीला परिषद के अध्यक्ष पी.के. उपाध्याय, सचिव आदित्य प्रकाश पांडे, कोषाध्यक्ष पद्माकर मिश्रा एवं निर्देशक राजेन्द्र सिंह शेखावत उपस्थित रहे।



आस्था का नारियल और प्रेम की चुनरी के साथ दी गयी देवी मां को विदाई

शहर के दक्षिणमुखी देवी दरबार में रही सर्वाधिक भीड़, सुबह से दोपहर तक तांता, व्रत न रख पाने वालों ने भी मंदिरों में दर्शन-पूजन के साथ की क्षमा प्रार्थना

आजमगढ़। शारदीय नवरात्र के आखिरी दिन दर्शन-पूजन को लेकर लोगों में कुछ ज्यादा ही उत्साह दिखा। सभी ने मां के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री की आराधना की। किन्हीं कारणों से व्रत न रख पाने वाले भी स्नान के बाद मंदिर पहुंचे और दर्शन-पूजन के बाद मां से क्षमा प्रार्थना की। घर-घर में मां की आराधना के बाद आस्था का नारियल और प्रेम की चुनरी के साथ हलवा-पूरी और हवन-पूजन के साथ मां को विदाई दी गई। जिनके घर कलश की स्थापना की गई थी वहां घर और जिनके घर कलश की स्थापना नहीं की गई थी उन्होंने मंदिरों में पहुंचकर हवन कराया। शहर में सर्वाधिक भीड़



नगर के मुख्य चौक की दक्षिण मुखी देवी दरबार में पूजन करते लोग

शारदीय नवरात्र

मंदिर परिसरों में हवन कुंड के धुएं से सुवासित हो उठा पूरा वातावरण

चौक स्थित दक्षिणमुखी देवी के दरबार में दिखी। यहां ब्राह्मणों ने संकल्प दिलाने के बाद हवन कराया। ब्राह्मण मंत्र बोल रहे थे और साथ में श्रद्धालु आहुति डाल रहे थे।

सुबह पांच बजे से ही शहर के दक्षिणमुखी देवी मंदिर में श्रद्धालु एकत्र होने लगे थे, जो दोपहर बाद तक जारी रहा। मां की एक झलक पाने की होड़ मची थी। इसी तरह शहर के बड़ादेव स्थित दुर्गा मंदिर में भी दोपहर तक श्रद्धालुओं का रेला लगा रहा। यहां हवन कुंड में लोगों ने आहुति डाली। हवन कुंड से उठ रहे धुएं से पूरा वातावरण सुवासित हो उठा। इस दौरान मां का जयकारा गूंजता रहा। उधर ग्रामीण क्षेत्रों में निजामाबाद के शीतला धाम, पाल्हमेश्वरी धाम पर भी श्रद्धालुओं का रेला लगा रहा।



चौक में देवी दरबार परिसर में हवन कराते श्रद्धालु जन

इसी क्रम में सिधौना स्थित सिद्धेश्वरी मंदिर पर श्रद्धालुओं ने माता सिद्धिदात्री के स्वरूप की पूजा आरती करके सुख-संपत्ति का आशीर्वाद मांगा। आस्था का महापर्व नवरात्र का हवन और कन्या पूजन के साथ समापन हो गया। देवी मंदिरों में भीड़ लगी रही। अनेक स्थानों पर सामूहिक रूप से कन्या पूजन कर उन्हें उपहार प्रदान किया गया।

दशहरा को लेकर भीरा गांव व बाजार में चला सफाई अभियान

भीरा, आजमगढ़। ठेकमा ब्लॉक के भीरा गांव और बाजार में दशहरा पर सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सफाई अभियान चलाया गया। सेक्रेटरी बलिराम, ग्राम प्रधान सुरेश पासी और उनके प्रतिनिधि शेखर सरोज के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों ने गांव व बाजार की नालियों और रास्तों पर फैले कूड़ा-करकट को हटाया। जगह-जगह जमा कूड़े के ढेर को जेसीबी मशीन की मदद से साफ कराया गया। अभियान के दौरान नालियों में जमा गंदगी और रास्तों पर बिखरे कचरे को हटाकर आवागमन सुचारु बनाने का प्रयास किया गया। नवरात्रि और दशहरे को लेकर भी और जगह भी साफ सफाई हुई गांव और बाजार के गंदगी से प्रभावित स्थानों की सफाई कर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया गया। सफाई अभियान से सार्वजनिक स्थानों पर जमा कूड़े को हटाने के साथ ही ग्रामीणों और बाजार आने वाले लोगों को राहत पहुंचाने की पहल की गई। इस दौरान गांव और बाजार की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए नियमित सफाई की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।



माहुल के शिवाजी चौक पर कन्या पूजन में शामिल बच्चियां



पुरानी सब्जीमंडी हाल में स्थापित प्रतिमाएं

आज मनेगा दशहरा, होगा रावण का पुतला दहन

आजमगढ़। विजयादशमी का पर्व मंगलवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में पर्व को मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले भर में दशहरा को लेकर काफी उत्साह है। पुलिस ने भी सुरक्षा प्रबंध पूरे कर लिए हैं। दशहरा का मुख्य कार्यक्रम शहर के पुरानी कोतवाली व सिधारी स्थित मेला मैदान में आयोजित किया जाएगा, जहां रावण का पुतला दहन के कार्यक्रम होंगे। अखाड़ा संगठनों की तरफ से जहां शस्त्र पूजन कार्यक्रम किए जाएंगे, वहीं झांकियां भी निकाली जाएंगी। रामलीला मैदान में रावण वध का मंचन होगा। पुरानी कोतवाली रामलीला मैदान में रावण के पुतला बनाया गया है गई है। घरों में दशहरा पर्व पर पूजन होगा। मिट्टी की कुलियाओं की पूजा होगी।

घरों और मंदिरों में पूजा के बाद पंडालों की ओर बढ़े कदम

आजमगढ़। शारदीय नवरात्र के आखिरी दिन महानवमी को घरों और मंदिरों में पूजा अर्चना, हवन के बाद

सुबह से तीखी धूप के बाद भी उफान पर दिखा छोटका दशहरा मेला का उत्साह

पंडालों में स्थापित दुर्गा प्रतिमा के दर्शन को भक्तों के कदम बढ़ना शुरू हुआ, तो देर रात तक जारी रहा। सड़क किनारे पंडाल और लोगों की भीड़ से कहीं-कहीं जाम की स्थिति उत्पन्न होने लगी, जिसे सामान्य करने के लिए यातायात पुलिस को धूप में खड़े होकर मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि महाअष्टमी की शाम तक लगभग सभी प्रतिमाओं का पट खुल जाने के कारण एक दिन पूर्व से ही पूजा पंडालों में दर्शन-पूजन का क्रम शुरू हो गया था। नवमी को घरों की पूजा के बाद दोपहर से ही श्रद्धालुओं के कदम बढ़ने लगे थे दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शन के लिए। शहर में विजयदशमी के एक दिन पहले वाली तिथि को लोग छोटका दशहरा भी कहते हैं और पूजा पंडालों पर इसी दिन से देवी मूर्तियों के दर्शनार्थ श्रद्धालुओं की भीड़ उमडऩी शुरू होती है। मेले में आने वाली भीड़ को ध्यान में रख सड़क किनारे चोटहिया जलेबी के साथ ही खिलौने-गुब्बारे की दुकानें सज गई हैं। हर तरफ जलेबी की भीनी खुशबू ने मेले के उत्साह में मिठास घोल रही थी। पूजा पंडालों के आसपास आकर्षक सजावट की गई है। पुलिस के साथ पूजा कमेटियों के जिम्मेदार लोग पंडाल के पास व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। देवी का दर्शन कर हर कोई अपने परिवार के मंगल एवं सुख शांति की कामना कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगभग हर बाजार में

चोटहिया जलेबी की भीनी खुशबू ने दिलाया मेले का अहसास, जमकर खरीदारी

छोटे-बड़े पंडाल बनाकर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। मां दुर्गा की एक झलक पाने के साथ श्रद्धालु मां का जयकारा लगा रहे हैं। ग्रामीण अंचलों में भी पूजा पंडालों में देवी प्रतिमाओं के दर्शन को लोग पहुंचने लगे हैं। अष्टमी की शाम तक अधिकांश स्थानों पर प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कराई जा चुकी है। कुल मिलाकर दुर्गा पूजा में जहां हर तरफ वातावरण देवीमय हो गया है, वहीं हर तरफ रौनक बढ़ गई है।

प्रेमानंद महाराज की जीवंत झांकी देख दंडवत करने लगे लोग

कलान, आजमगढ़। रामलीला समिति पवई की ओर से प्रेमानंद जी महाराज की आकर्षक झांकी निकाली गई। झांकी में महाराज का स्वरूप इतना जीवंत और प्रभावशाली था कि देखने वाले कुछ पल के लिए ठहर गए। कई लोग उन्हें वास्तविक प्रेमानंद जी महाराज समझकर श्रद्धाभाव से दंडवत प्रणाम करने लगे। झांकी रामलीला आयोजन में आकर्षण का केंद्र बनी रही। झांकी में अशोक सोनी ने प्रेमानंद जी महाराज की भूमिका निभाई, जबकि महीप सिंह, शिवराम सहित अन्य लोग उनके शिष्यों के रूप में नजर आए। आसपास शिष्यों के रूप में मौजूद लोगों ने झांकी की प्रस्तुति को और प्रभावशाली बना दिया। झांकी के सामने पहुंचते ही लोगों ने श्रद्धा प्रकट की। कई लोग हाथ जोड़कर प्रणाम करने लगे तो कुछ ने दंडवत होकर अपनी आस्था व्यक्त की।



हाता की महारानी

बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और आत्मनिर्भरता का संदेश

आजमगढ़। सुदीक्षा नई राह फाउंडेशन ने पुलिस विभाग के सहयोग से तमसा नदी किनारे गौरीशंकर घाट पर कन्या पूजन एवं बालिका सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। बालिकाओं ने नवदुर्गा के नौ स्वरूपों का रूप धारण कर नारी शक्ति और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि सीओ लालगंज आस्था जायसवाल ने बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान को समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बताया। संस्था की निदेशक साक्षी पांडेय ने कहा कि कन्या पूजन तभी सार्थक है, जब हर बेटी सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर हों। पूनम विश्वकर्मा, सुधा पांडेय सहित महिला पुलिसकर्मी मौजूद रहीं।

आदित्य विक्रम सिंह स्मृति हॉस्पिटल में सर्वमंगल मांगल्ये...



लालगंज, आजमगढ़। क्षेत्र के लहुआ मार्ग स्थित साफीपुर उर्फ सरूपहा स्थित आदित्य विक्रम सिंह स्मृति हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के सातवें स्थापना दिवस पर प्रबंधन ने सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके, शरण्ये त्रयम्बके गौरी नारायणि नमोऽस्तु ते। की भावना के अनुरूप मरीजों के लिए सारी सुविधाएं फ्री कर दी। संस्थापक अनिल कुमार सिंह उर्फ डॉक्टर ने बताया कि निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया। ओपीडी में आए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित चिकित्सीय परामर्श दिया गया। इसके अलावा, शिविर में मरीजों के लिए कई महत्वपूर्ण जांचें पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध रहीं। एक दिन चले निशुल्क स्वास्थ्य कैंप में लगभग 300 मरीजों की ओपीडी की गई और आवश्यकतानुसार उनकी नि:शुल्क जांचें हुईं। इस अवसर पर अध्यक्ष जंग बहादुर सिंह उर्फ पप्पू, उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह उर्फ डब्बू, प्रबंधक मधुलिका सिंह, प्रशांत सिंह, कृषिकांत सिंह, डा. विक्रांत सिंह, निशांत सिंह, डा. वैष्णवी सिंह, हर्षवर्धन सिंह, अरुण कुमार सिंह, रामाधीन सिंह, प्रेमनाथ सिंह, आनंद सिंह, शिव प्रताप सिंह उर्फ दादा, मोहम्मद जैद, प्रवीण मिश्रा, विजय प्रताप सिंह, संजय सिंह, राजेश सिंह, अजय सिंह, शिवानंद सिंह आदि उपस्थित रहे।

शिविर में सैकड़ों मरीजों की जांच के बाद किया गया उपचार

देवी स्वरूपा नौ कन्या का पांव पखार किया गया पूजन

आजमगढ़। मंदिरों में देवी की पूजा के साथ कई स्थानों पर देवी के रूप में कन्या की पूजा की गई। परंपरा

साथ में भैरव या हनुमान स्वरूप बालक को भी कराया भोजन

के अनुसार साथ में कहीं भैरव तो कहीं हनुमान जी के रूप में एक बालक को भी आमंत्रित किया गया। आमंत्रित बच्चों के पहुंचने पर सर्व प्रथम उनको तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर चुनरी ओढ़ाया गया। उसके बाद कतार में बैठाकर कहीं भोजन तो कहीं फलाहार कराया गया। गौरीशंकर घाट पर सुदीक्षा नई राह फाउंडेशन ने कन्या पूजन का आयोजन किया। संस्था के सदस्यों द्वारा गौरीशंकर घाट पर मुफ्त शिक्षा प्राप्त करने वाली बालिकाओं का पूजन किया गया, साथ ही कार्यक्रम को मिशन शक्ति से जोड़ते हुए सरकारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। बताया गया कि विपरीत परिस्थितियों में घबराने की बजाय साहस का परिचय दें और हेल्पलाइन नंबरों पर शिकायत करें ताकि सताने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर सके। संस्था की पदाधिकारी सुधा पांडेय ने मंदिर में बच्चियों का पूरे विधि विधान से कन्या पूजन किया, तो वहीं सदस्यों ने कन्या रूपी देवियों का श्रृंगार कर उनके पैर धुलकर व आरती उतारने के पश्चात उन्हें भोजन कराया व उपहार प्रदान किया। **माहुल प्रतिनिधि के अनुसार**- माहुल नगर के अलावा गनवारा, कंदरा, कोर्रा घाटमपुर, पाकड़पुर, फुलवरिया, पुरारामजी रसूलपुर, दखिनगांवा आदि गांवों में 9 दिन के व्रती महिलाओं और पुरूषों ने हवन-पूजन के बाद 9 कन्याओं की पूजन अर्चन और मिष्ठान्न, भोजन कराकर आशीर्वाद लिया। माहुल नगर के शिवाजी चौक पर सभासद एवं भाजपा

तिलक-चुनरी के साथ उपहार देकर दी गयी कन्याओं को विदाई

नेता सुजीत जायसवाल आशु ने कन्याओं का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया।

उधर महुआरी में राजेश सिंह महुआरी ने अपनी पत्नी के साथ नवदुर्गा स्वरूप नव कन्याओं का पूजन अपने घर पर किया गया। सबसे पहले नौ कन्याओं का पैर धुलने के बाद पैर रंगा। ब्राह्मण द्वारा मंत्रोचार के बीच पन्चोपचार पूजन, स्नान, चंदन, वस्त्र, फूल माला व भोजन प्रसाद कराया। अंत में उपहार स्वरूप नौ कन्याओं को दक्षिणा व पैसिल बॉक्स प्रदान किया गया।



पुरानी कोतवाली तकिया रोड पूजा समिति

चक्रपानपुर बाजार में पांच स्थानों पर होगा देवी दर्शन

आजमगढ़। चक्रपानपुर बाजार में पांच स्थानों पर बने पूजा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। अष्टमी पर पंडालों के पट खुलने के साथ ही दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हो गया। श्रद्धालु मां के दर्शन कर रहे हैं, वहीं विभिन्न पूजा समितियों के सदस्य व्यवस्था संभालने में जुटे हैं। ताड़ी स्थित मां परमज्योति धाम में दर्शन-पूजन के बाद श्रद्धालु चक्रपानपुर बाजार के पूजा पंडालों में भी पहुंच रहे हैं। शाम को बाजार में भीड़ बढ़ने के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस सतर्क है। जहानागंज थाना प्रभारी अमित कुमार मिश्रा,चौकी इंचार्ज दिनेश पाल और उपनिरीक्षक अजय कुमार प्रतिदिन शाम को पुलिसकर्मियों के साथ रूट मार्च कर रहे हैं।



मातवरगंज तिराहा शिवा स्पोर्ट क्लब

त्योहारों के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, सीएमओ ने दिए निर्देश

आजमगढ़। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु बनाए रखने तथा संभावित दुर्घटनाओं एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एनआर वर्मा ने सभी संबंधित चिकित्सा इकाइयों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कैंप कार्यालय से जारी विज्ञप्ति में कहा है कि राजकीय मेडिकल कॉलेज चक्रपानपुर, मंडलीय जिला चिकित्सालय , जिला महिला चिकित्सालय, 100 शैय्या युक्त संयुक्त चिकित्सालय, अतरौलिया ,तरवां, लालगंज तथा जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आपातकालीन उपचार की समुचित व्यवस्था बनाए रखी जाए। सभी चिकित्सालयों में चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता के साथ आवश्यक दवाओं, जीवनरक्षक उपकरणों एवं अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

ट्रैक्टर से गिरकर रोटावेटर की चपेट में आया बालक, मौत



फाइल फोटो-साकिब

आजमगढ़। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के मुड़हर गांव में सोमवार सुबह खेत की जोताई के दौरान दर्दनाक हादसे में 13 वर्षीय बालक की मौत हो गई। गांव के ही ट्रैक्टर पर बैठकर खेत की जोताई कराने जा रहा बालक अचानक नीचे गिर गया और पीछे लगे रोटावेटर की चपेट में आ गया। हादसा इतना गंभीर था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक साकिब उर्फ प्रधान पुत्र अमर उर्फ अमीर के बारे में बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह करीब 10 बजे गांव के ही ट्रैक्टर चालक के साथ खेत की जोताई के लिए गया था। इसी दौरान वह अचानक ट्रैक्टर से नीचे गिर गया और रोटावेटर की चपेट में आ गया। घटना के बाद परिजनों ने ट्रैक्टर बदले जाने का आरोप लगाया। सूचना मिलते ही गंभीरपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने परिजनों और ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक साकिब चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था। उसकी तीन बहनें भी हैं, जिनमें से दो की शादी हो चुकी है। परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर बताई जा रही है। मृतक के पिता और उसका एक भाई भी दिव्यांग है। ग्रामीणों के अनुसार, साकिब परिवार के खर्च में सहयोग करता था।

बाइक की टक्कर से कक्षा पांच के छात्र की मौत



फाइल फोटो-अंकित

बलरामपुर, आजमगढ़। फूलपुर थाना क्षेत्र के फदगुदिया गांव के पास रविवार की रात अज्ञात बाइक की टक्कर से घायल कक्षा पांच के छात्र की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) फूलपुर पहुंचे, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। फदगुदिया गांव निवासी कमलेश कुमार का 10 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार रविवार रात करीब आठ बजे दोस्तों के साथ पैदल पंडाल घूमने जा रहा था। गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप के नजदीक पहुंचते ही अज्ञात बाइक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तत्काल सीएचसी फूलपुर ले गए, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। अंकित गांव के ही विद्यालय में कक्षा पांच का छात्र था। वह दो भाइयों और दो बहनों में तीसरे नंबर पर था। मासूम की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे के बाद गांव में भी शोक का माहौल था।



नव दुर्गा सेवा दल सिविल लाइन

मेंहनगर में सीता हरण का मंचन देख नम हुईं दर्शकों की आंखें

मेंहनगर, आजमगढ़। श्री रामलीला कमेटी गोलाबाजार मेंहनगर द्वारा आठवें दिन रविवार की रात श्रीराम की आरती के पश्चात उनके गले में कमेटी के मंच संचालक राम कुबेर ने माल्यार्पण कर शुभारंभ कराया। प्रथम चरण में रावण दरबार में अपनी कटी हुई नाक कान लेकर सुपर्णखा पहुंचती है और अपना वृत्तांत सुनाती है। तत्पश्चात रावण सुपर्णखा की बात सुनकर मारीच के पास रावण पहुंचता है और मारीच को माया मृग बनाकर अपने स्वत: साधु का वेश धारण करके श्री रामचंद्र जी की कुटिया में जाकर सीता का हरण कर लेता है। उसके बाद रावण के साथ जटायु का युद्ध होता है, जिसमें जटायु को घायल करके रावण आगे बढ़ जाता है। इधर जब राम अपनी सुनी कुटिया में पहुंचते हैं तो सीता को न पाकर रोते बिलखते विचलित हो जाते हैं।



माँ वैष्णो सेवा समिति दलसिंगार

पूर्व मंत्री विद्या का हाल जानने पहुंचे सपा मुखिया अखिलेश

मेंहनगर, आजमगढ़। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पूर्व मंत्री एवं मेंहनगर क्षेत्र की पूर्व विधायक विद्या चौधरी का हाल-चाल लेने के लिए सोमवार को उनके लखनऊ स्थित आवास पहुंचे। उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना। इस मौके पर पूर्व मंत्री विद्या चौधरी के सुपुत्र व सपा नेता आशुतोष चौधरी आशु भी मौजूद रहे और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा भी की गई। अखिलेश ने विद्या के पुत्र से कहा कि कमर कस लीजिए सरकार बनानी है और उत्तर प्रदेश को आगे ले जाना है। वहीं इस मुलाकात से मेंहनगर विधानसभा में चर्चा जोरों पर है कि इस बार प्रत्याशी के रूप में सपा आशुतोष चौधरी को ही मैदान में उतारेगी। इस उम्मीद को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ विद्या के व्यक्तिगत समर्थकों में खुशी की लहर देखने को मिली।

फोटोग्राफर-उदयराज शर्मा , पद्माकर पाठक

चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

कप्तानगंज क्षेत्र के जफरा मऊ बाग तिराहे पर आटो सवारों का पुलिस से हुआ आमना-सामना

आजमगढ़। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के जफरा मऊ बाग तिराहे पर रविवार की आधी रात बाद हुई

मुठभेड़

आरोपियों के कब्जे से पिस्तौल, कारतूस, चोरी का सामान और घटना में प्रयुक्त आटोरिक्शा बरामद

मुठभेड़ में थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार की टीम ने चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से कब्जे से तमंचा, कारतूस, चोरी का सामान और घटना में प्रयुक्त ऑटोरिक्शा बरामदकर लिया। इस दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दीपक उर्फ देवदत्त गोंड पुत्र श्यामप्यारे गोंड निवासी ब्रम्हस्थान कोइरान तथा दिनेश कुमार उर्फ लकी पुत्र संतराम निवासी ग्राम हीरापट्टी के बाएं पैर में गोली लगने के कारण



पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया। दीपक के विरुद्ध पूर्व से 13 तथा दिनेश के विरुद्ध 16 अभियोग पंजीकृत बताए गए हैं।

पुलिस के अनुसार थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार की टीम देउरपुर-कोयलसा मार्ग पर जफरामऊ बाग तिराहे पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक ऑटो को रोकने का इशारा किया गया तो चालक ने वाहन की गति बढ़ा दी। पुलिस टीम द्वारा पुन: रोकने का प्रयास करने पर ऑटो अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के बाईं ओर रुक गया। उसमें से निकले दो व्यक्तियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्रवाई में दोनों के बाएं पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। दोनों को एम्बुलेंस एवं सेकेंड मोबाइल की सहायता से उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। पुलिस पूछताछ के अनुसार दिनेश कुमार उर्फ लकी ने बताया कि उसने पवन कुमार के साथ वर्ष 2011 में सिधारी क्षेत्र एवं कुर्मी टोला, एलवल से मोटरसाइकिल चोरी की थी, जिनमें दोनों गिरफ्तार होकर जेल गए थे। इसके बाद सोचन सोनकर एवं दंगली केवट के साथ आराजीबाग से दो मोटरसाइकिल चोरी की और वर्ष 2012 में तहबरपुर पुलिस से मुठभेड़ में गिरफ्तार हुआ था। अक्षय प्रताप सिंह, अभय सिंह उर्फ गब्बल एवं मोविन के साथ कोतवाली क्षेत्र से चार मोटरसाइकिल चोरी कर उनकी नंबर प्लेट बदलकर बेचने ले जाते समय भी गिरफ्तारी हुई थी। संदीप के साथ जयगहां बाजार, थाना बिलरियागंज में एक घर से आभूषण चोरी करने के मामले में भी वह जेल गया था। दिनेश ने बताया कि उसने दीपक उर्फ देवदत्त गोंड, रामजनम तथा रामायन यादव के साथ मिलकर ग्राम भैसाड़, थाना रौनापार में दो घरों से आभूषण एवं नकदी चोरी किए थे। दिनेश और दीपक अपने साथियों सहित जेल गए थे। इसके अलावा कई अन्य घटनाओं के बारे में जानकारी पुलिस को मिली है।



नवयुवक दल आसिफगंज चौक (दामोदर कटरा)

मेंहनगर की महिला सफाईकर्मियों का किया गया सम्मान

मेंहनगर, आजमगढ़। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-6 अभियान के अंतर्गत कार्यालय नगर पंचायत मेंहनगर में शारदीय नवरात्र की नवमी के अवसर पर महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष नगर पंचायत कौशल्या रामबदन कनौजिया, वरिष्ठ लिपिक अशोक कुमार दुबे, उप निरीक्षक इंद्रजीत पटेल, आरक्षी अंशु कुमारी, साक्षी मिश्रा, पूजा यादव उपस्थित रहीं। इसके अलावा वार्ड नंबर 1 की सभासद रीमा, वार्ड नंबर 7 की सभासद मालती सरोज, सभासद त्रिवेणी गुप्ता आदि मौजूद रहे। कौशल्या कनौजिया व सभासद रीमा व मालती सरोज द्वारा नगर की महिला सफाई कर्मचारियों को उनके सराहनीय कार्य के लिए सम्मान प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। महिला आरक्षियों ने मौजूद महिलाओं व बालिकाओं को महिला कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

फोटोग्राफर-उदयराज शर्मा , पद्माकर पाठक

मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना, पूजा पंडालों में उमड़े श्रद्धालु

पंडालों में मां के दर्शन, मेले में खरीदारी, रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाए पंडाल













बलिया। शारदीय नवरात्र में नवमी के दिन सोमवार की शाम को मां शेरवाली के दर्शन करने को पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शाम को पंडालों में मां आदि शक्ति के स्वरूप को देखने के लिए भीड़ उमड़ी रही। शाम होते ही पंडाल रंग-विरंग लाइटों से आकर्षक दिखने लगा। पंडालों में जहां शक्ति के मंत्र और जयकारे गूंजते रहे। वहीं भक्ति गीतों से भक्तों ने मां दुर्गा का गुणगान किया। मां दुर्गा के सात रूपों में सजी युवतियां मानस मंदिर सहित अन्य पूजा पंडालों में पहुंची और माता रानी के दर्शन किए। नवरात्र में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना के बीच युवतियों का यह रूप धार्मिक आस्था और भक्ति का विशेष आकर्षण बना रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ से पंडालों में चहल-पहल बढ़ गई। श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पूजा पंडालों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और मां दुर्गा की विधि विधान के साथ पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की। मेले में झूले, चरखी, खिलौने सजावटी सामान सौंदर्य के सामान और खाने पीने की दुकानों पर बड़ी भीड़ रही। जिले में कुल 636 स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। पूजा पंडालों के आसपास मेले जैसा माहौल रहा। श्रद्धालुओं की आवाजाही से प्रमुख मार्गों और पूजा स्थलों पर चहल-पहल बनी रही। बच्चों और युवाओं में भी दुर्गा पूजा को लेकर उत्साह दिखाई दिया। नगर क्षेत्र के गांधीनगर, ओक्डेनगंज, शास्त्रीनगर, बड़ा गड़हा, आर्यसमाज रोड, कासिमबाजार रोड, जगदीशपुर स्थित सेंट थॉमस स्कूल, रेलवे कॉलोनी, कृष्णानगर, स्टार क्लब कोतवाली, कलेक्ट्रेट कॉलोनी, गुदरी बाजार, लोहापट्टी, चमन सिंह बाग रोड, जापलिनगंज, भृगु मंदिर, कदमतर, महावीर घाट काली मंदिर और सुतरपट्टी सहित विभिन्न स्थानों पर प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। सप्तमी से ही पट खुलने के बाद दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हो गया था, जो नवमी पर भी जारी रहा। **रतसड़।** टावर पर चढ़ी लड़की का झांकी कौतूहल का केंद्र बना है। शारदीय नवरात्र के नौवे दिन महानवमी के अवसर पर देवी पंडालो में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ गया है। वही गांधी आश्रम चौराहे पर त्रिदेव कमेटी द्वारा दुर्गा मां के पंडाल के अलावा एक झांकी बनाया गया है जो वर्तमान में एक गलत संदेश दे रहा है एक लड़की चावल टावर पर चढ़ी है जिसका झांकी बनाया गया है जो कौतूहल का केंद्र बना है। **बेल्थरारोड।** स्थानीय नगर पंचायत समेत ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को शारदीय नवरात्र की महानवमी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। वहीं नवरात्र की परंपरा के अनुसार विभिन्न स्थानों पर नौ कन्याओं एवं भैरव बाबा का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। इसके बाद कन्याओं को उपहार देकर सम्मानपूर्वक विदा किया गया। **हल्दी।** शारदीय नवरात्र के नौवें दिन सोमवार को क्षेत्र के बहुआरा स्थित प्राचीन मां पचेवदेवी मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने मां पचेवदेवी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिर में पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन और आरती की। इस दौरान मंदिर परिसर मां के जयकारों से गूंजता रहा।

त्रिकुटा पर्वत की तर्ज पर बना पंडाल आकर्षण का केंद्र

मां भक्त युवा कमेटी गोठहुली बाजार की ओर से त्रिकुटा पर्वत की तर्ज पर बनाया गया दुर्गा पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की भीड़ जुट रही है। सोमवार को नवमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजन-अर्चन किया। आकर्षक बनावट और साज-सज्जा के कारण यह पंडाल लोगों के बीच विशेष आकर्षण बना हुआ है।

जुआ खेलते नौ लोग गिरफ्तार, २.१९ लाख रुपये बरामद

नगरा (बलिया)। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 9 लोगो को गिरफ्तार किया है। मौके से पुलिस ने फड़ बरामदगी 2.19 लाख रुपये नगद, जामा तलाशी और तीन अदद ताश की गड्डी बरामद की है। थानाध्यक्ष संजय मिश्र ने बताया कि 18 अक्टूबर को उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार यादव मय हमराह कांस्टेबल ज्योतिष यादव, कांस्टेबल प्रीतम सिंह व कांस्टेबल दुर्गेश यादव क्षेत्र में गश्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग पर थे। इसी दौरान मुखबिर खास ने सूचना दी कि ग्राम मलप हसेनपुर (मंगवा) मुर्गी फार्म के पास थाना नगरा में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर विश्वास कर पुलिस टीम ने मौके से कुछ दूरी पर वाहन खड़ा कर सतर्कतापूर्वक घेराबंदी की। मुखबिर ने इशारा कर जुआरियों की पहचान कराई और मौके से हट गया। पुलिस को अचानक सामने देख जुआरी इधर-उधर भागने लगे, लेकिन पुलिस ने आवश्यक बल प्रयोग कर सभी को दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से 2.19 लाख रुपए नकद, तास की गड्डी व 8 मोबाइल बरामद किया है। पकडे गए आरोपियों में गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहन प्रसाद, मिथिलेश कुमार, मंटु राजभर, चंदन, विपिन बिहारी ठाकुर, गोरख सिंह यादव, राजारायनी, अजय और अनमोल के रूप में हुई है। इनमें कुछ आरोपी बलिया जिले के नगरा, कोतवाली और अन्य क्षेत्रों के निवासी हैं, जबकि कुछ गाजीपुर जिले के रहने वाले हैं। इस मामले में नगरा थाने में सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

शांति, भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार-डीएम



बलिया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने जनपद के समस्त नागरिकों को नवरात्रि और विजयदशमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे इन पावन त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार का उपद्रव न करें और सामाजिक सद्भाव बनाए रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि नवरात्रि और विजयदशमी का पर्व हमें आपसी प्रेम, भाईचारे, समानता और एकता का संदेश देता है। समाज के सभी वर्गों के लोगों को मिल-जुलकर इन त्योहारों को मनाना चाहिए, ताकि जनपद में शांति और सौहार्द का वातावरण बना रहे।

त्योहारों में न हो उपद्रव, बना रहे सौहार्द-एसपी



बलिया। दशहरा की बधाई देते हुए पुलिस अधीक्षक डा.ईरज राजा ने कहा कि जनपदवासी एकजुट होकर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें और विकास में अपनी सहभागिता निभाएं। एसपी ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे त्योहारों को आपसी सद्भाव और उल्लास के साथ मनाएं तथा उत्तर प्रदेश और बलिया जनपद की उन्नति एवं समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना करें। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी के सामूहिक प्रयासों से बलिया जनपद विकास के नए आयाम स्थापित करेगा एसपी ने जनपदवासियों से शांति, एकता, भाईचारे की भावना को मजबूत करने तथा मिल-जुलकर त्योहार मनाने का आह्वान किया।

महानवमी पर चितेश्वर नाथ मंदिर में कन्या पूजन, पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने किया पूजन-अर्चन



चितबड़ागांव (बलिया)। महानवमी के पावन पर्व पर नगर पंचायत चितबड़ागांव स्थित चितेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धा और भक्तिभाव के बीच कन्या पूजन एवं भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी और नगर पंचायत चेयरमैन अमरजीत सिंह ने कुंवारी कन्याओं का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर उन्हें भोज कराया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मां भगवती की आराधना कर फेफना विधानसभा सहित पूरे क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। महानवमी के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। कन्या पूजन के साथ ही श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और मां दुर्गा के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।कार्यक्रम में सुनील कुमार सिंह सुमन, स्वामी आनंद जी महाराज, गोपाल सिंह, अशोक वर्मा, प्रकाश सिंह और संजीव तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

ददरी मेले की तैयारियां तेज, आज होगा ध्वज पूजन

बलिया। एतिहासिक ददरी मेला के आयोजन की तैयारियों के क्रम में 20 अक्टूबर को परंपरागत रूप से ध्वज पूजन और स्थापना की जाएगी। नगर पालिका परिषद बलिया की ओर से दशहरा के अवसर पर दिन में 11 बजे से नंदीग्राम पशु मेला परिसर में पूजन कार्यक्रम आयोजित होगा। पिछले साल बलिया में लंपी रोग को देखते हुए मेले में पशु मेला नहीं लगा था, ऐसे में इस बार संभावना है कि पशु मेला लगे। इसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष, जिलाधिकारी से मुलाकात करेंगे। नगर पालिका परिषद बलिया के अध्यक्ष संत कुमार मिठाई लाल ने बताया कि परिषद की ओर से परंपरा के अनुसार एतिहासिक ददरी मेले का आयोजन कराया जाएगा। ध्वज पूजन कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के सभासदों के साथ प्रभारी अधिशासी अधिकारी व नगर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्तिक पूर्णिमा के मुख्य स्नान से लगभग 10 दिन पहले ही देश-विदेश और विभिन्न राज्यों से पशु व्यापारी बलिया के ददरी मेला मैदान में जुटने लगते हैं। इस मेले में उत्तर प्रदेश के अलावा बिहार, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और मध्य प्रदेश से बड़े पैमाने पर पशुपालक और नामी व्यापारी आते हैं। मेले में मुख्य रूप से गाय, भैंस, बैल, घोड़े, ऊंट, गधे और बकरियों का व्यापार होता है।

जमीन पर बने चूल्हे को तोड़ने को लेकर मारपीट, चार घायल

पूर (बलिया)। पकड़ी थाना क्षेत्र के उकछी गांव में रविवार की रात जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। दोनों पक्षों की ओर से थाने में तहरीर दी गई है। जानकारी के अनुसार, राजभर बस्ती के पास राजभर समाज के लोगों ने अपने कब्जे की जमीन पर खाना बनाने के लिए मिट्टी का चूल्हा बनाया था। आरोप है कि शेषनाथ यादव ने चूल्हे को तोड़कर नष्ट कर दिया। इसकी जानकारी होने पर कमलेश राजभर, हीरामन वर्मा और नवमी राजभर इस संबंध में पूछताछ करने के लिए शंभूनाथ गुप्ता की दुकान पर पहुंचे। वहां पहले से ही शंभूनाथ गुप्ता, शेषनाथ यादव और दशरथ वर्मा बैठे थे। चूल्हा तोड़ने को लेकर कमलेश राजभर और शेषनाथ यादव के बीच कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। इसमें कमलेश राजभर (45), हीरामन वर्मा (48) और नवमी राजभर (60) घायल हो गए। वहीं, दूसरे पक्ष के शेषनाथ यादव के सिर में भी चोट लगी। आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत कराया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पकड़ी थानाध्यक्ष रंजीत विश्वकर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। थानाध्यक्ष रंजीत विश्वकर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

भूमि विवाद में मारपीट, दो पर मुकदमा

बैरिया (बलिया)। दोकटी थाना क्षेत्र के दलन छपरा गांव में शनिवार को भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई। घटना के संदर्भ में पीड़ित सुनील यादव निवासी दलन छपरा ने तहरीर दिया कि मेरे ही गांव के मुन्ना यादव व लाल बाबू यादव के साथ भूमि संबंधित विवाद था। जिसमें उक्त दोनों व्यक्तियों द्वारा शनिवार को मुझे बेरहमी से मारा पीटा गया। पुलिस ने सुनील यादव के तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

सनातन के संरक्षण, समृद्धि के लिए मोदी-योगी जरूरी-परशुराम सिंह



बैरिया (बलिया)। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं अवकाश प्राप्त पुलिस उपाधीक्षक परशुराम सिंह ने कहा कि सनातन धर्म के संरक्षण और समृद्धि के लिए देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नेतृत्व जरूरी है। सोमवार को बैरिया में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति पर अंकुश लगा है और सनातन धर्म को मजबूती मिली है। उन्होंने इंडोनेशिया, मलेशिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और मालदीव का उल्लेख करते हुए कहा कि इन देशों में धार्मिक बदलाव के कारण हिंदू समाज की स्थिति प्रभावित हुई है। आरोप लगाया कि कांग्रेस और अन्य कथित धर्मनिरपेक्ष दलों की नीतियां भारत को भी उसी दिशा में ले जाने वाली थीं,लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। उन्होंने कहा कि देश में हिंदुत्व को सुरक्षित रखने के लिए मोदी और योगी के हाथों को मजबूत करना होगा, अन्यथा हिंदुओं की सुरक्षा पर संकट खड़ा हो सकता है। परशुराम सिंह ने उज्ज्वला योजना, स्वच्छता अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना, जननी सुरक्षा, कन्या सुरक्षा, कन्या विवाह तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय और अन्नपूर्णा योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी गरीबों, दलितों, शोषितों और वंचितों के कल्याण की चिंता करते हैं। सुमेर कुंअर, जनार्दन कुंअर, रविंद्र शर्मा, श्रीभगवान सिंह, रणधीर, सुधीर, उपेंद्र, हर्षित, निशांत आदि मौजूद रहे।

पुरानी रंजिश में मारपीट, चार पर प्राथमिकी

बैरिया (बलिया)। पुरानी रंजिश में मारने पीटने के बाद चिल्लाने पर बहन को भद्दी-भद्दी गाली देने व जान मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए चांदपुर निवासी अमित यादव ने बैरिया थाने में रविवार की देर शाम बैरिया पश्चिम टोला निवासी आदित्य तिवारी, चंदन तिवारी, अनिकेत सिंह व अनीश सिंह के खिलाफ संबंधित धाराओं में बैरिया थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि रविवार को जबवह चंपा सती मोहल्ले में आया था तो उक्त लोगों द्वारा उसे घेर कर उसके साथ मारपीट की गई और बहन को गाली देने के साथ ही जान मारने की धमकी दी गई। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने बताया कि संबंधित धाराओं में चारों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

अहिरावण वध होते ही लगे जय श्रीराम के जयकारे

रसड़ा (बलिया)। छोटी काशी की प्रसिद्ध रामलीला में सोमवार को कुंभकरण को जगाने कुंभकरण वध, अहिरावण द्वारा भगवान राम लक्ष्मण को चुराकर पतालपुरी ले जाने अहिरावण वध का सजीव मंचन किया गया। पातालपुरी से वापस आने पर वानरी सेना राम लक्ष्मण को देख जयश्रीराम उदघोष कर जश्न मनाना प्रारम्भ कर देती है, वही कुम्भकर्ण एवं अहिरावण वध से रावण दरवार में मातम छा गया। मेघनाथ की मौत की खबर सुन रावण पति लंका व्यथित हो उठता है। लंका की खबरों से बेखबर गहरी निद्रा में सोए कुंभकरण को काफी प्रयास के बाद रावण जगाने सफल हो जाता है तथा रावण अपनी व्यथा सुनाता है। कुंभकरण बुझे मन से राम लक्ष्मण से युद्ध करने के लिए चल देता है। कुंभकरण भीषण युद्ध के बाद भगवान राम के हाथों कुंभकरण मारा जाता है। कुंभकरण की मरने की खबर रावण दरबार में पहुचती है। तिलमिलाया रावण पातालपुरी में रह रहे अपने भाई अहिरावण के पास जाकर राम लक्ष्मण को मां जगदंबा को बलि देने का प्रस्ताव रखा। जिस पर मायाबी अहिरावण ने भेष बदलकर प्रभु राम दल में पहुंचता है। वहां तंत्र मंत्र के द्वारा भगवान राम लक्ष्मण सहित पूरी बांदरी सेना को मूर्छित कर भगवान राम लक्ष्मण को चुरा कर पाताल लोक ले जाता है। मां जगदंबा को बलि देने के लिए अहिरावण अनुष्ठान प्रारंभ कर देता है। हनुमान जी ने ढूंढते-ढूंढते पातालपुरी पहुंचते है जहां मल युद्ध के दौरान अहिरावण वध कर राम लक्ष्मण को वापस लाते हैं।

भूत प्रेत के चक्कर में मारपीट, पांच घायल

बैरिया (बलिया)। भूत प्रेत के चक्कर में सुरेमनपुर दियराचंल के मानगढ़ गांव में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान चार महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई। मानगढ़ निवासी रामाशंकर यादव ने रेवती थाने में तहरीर देकर बताया कि रविवार को शाम पांच बजे भूत प्रेत को लेकर हमारे पड़ोसी उमेश यादव व उनके पिता मुन्ना यादव उनकी पत्नी रानी देवी गाली गुप्ता देने लगे मना करने पर उक्त लोग लाठी डंडे से हमें पीटने लगे। बीच बचाव करने आई प्रियंका देवी, बिंदु कुमारी, पुतुल यादव, निधि यादव को भी आरोपियों ने लाठी डंडे से पीट कर घायल कर दिया। आरोप था कि मंत्र पढ़वा कर मेरे घर भूत भेज दिया है। जिसको लेकर विवाद हुआ था। घटना के संदर्भ में क्षेत्राधिकारी बैरिया आलोक गुप्ता ने बताया कि उमेश यादव, मुन्ना यादव व रानी देवी निवासी मनगढ़ के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। रेवती पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

एक नजर इधर भी

बोलेरो के धक्के से युवक की मौत

रसड़ा (बलिया)। मऊ मार्ग स्थित नारायणपुर के समीप रविवार की रात्रि में बोलेरो धक्के से गंभीर रूप से घायल युवक वीर बहादुर 34 वर्ष निवासी सब्बलपुर सिलहटा की सोमवार को बीएचयू में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के पिता शारदानंद यादव ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि मेरा पुत्र वीर बहादुर नारायणपुर चट्टी के समीप स्थित एक रेस्टोरेंट में अपने तीन वर्ष के मासूम पुत्र संग खाना खाने के लिए रूका। इस दौरान मेरे पुत्र का मासूम पुत्र सड़क की तरफ बढ़ गया जिसे पकड़ने के लिए जा रहे वीर बहादुर को रसड़ा से मऊ की तरफ आ रही अज्ञात बोलेरे धक्का मारते हुए भाग निकली। गंभीर स्थिति में वीर बहादुर को प्रकाश हास्पिटल में भर्ती कराया गया जहां स्थिति में सुधार नहीं होने पर उन्हें बीएचयू में भर्ती कराया गया जहां उसकी सोमवार की सुबह मौत हो गई। तहरीर पर पुलिस कार्यवाही में जुट गई।

पीड़िता को पुलिस ने लौटाए २० हजार रूपये

पूर (बलिया)। पकड़ी थाना क्षेत्र उससा गांव रविवार की सुबह संजू पुत्री सतनारायण से 22,500 रुपये की कथित साइबर ठगी का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद साइबर टीम ने ठगी की रकम में से 20 हजार रुपये फ्रीज करा दिए हैं। शेष 2,500 रुपये फ्रीज कराने और पीड़िता को रकम वापस दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़िता के अनुसार, 18 अक्टूबर को फोन कॉल के माध्यम से उसे निशाना बनाया गया। आरोप है कि फोन कॉल के बाद उसे ब्लैकमेल कर रुपये की मांग की गई और इस दौरान 22,500 रुपये की ठगी हो गई। घटना की जानकारी होने पर पीड़िता ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। इसके साथ ही पकड़ी थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई और अपनी रकम वापस दिलाने की मांग की। पकड़ी थाना प्रभारी रंजीत विश्वकर्मा ने बताया कि मामला साइबर टीम के संज्ञान में है। ठगी की रकम में से 20 हजार रुपये फ्रीज करा दिए गए हैं, जबकि शेष रुपये फ्रीज कराने के लिए साइबर टीम प्रयास कर रही है।

महीनों से जला पड़ा ट्रांसफार्मर, ग्रामीण परेशान

रतसड़ बलिया)। क्षेत्र के ग्राम सभा बड़सरी की चट्टी पर लगा 10 केवी का ट्रांसफार्मर महीनों से जला पड़ा है। वहीं, गांव में बिजली की समस्या को देखते हुए विधायक निधि से स्वीकृत 25-25 केवी के दो ट्रांसफार्मर विभाग को एक महीने पहले उपलब्ध करा दिए गए, लेकिन अब तक उन्हें स्थापित नहीं किया गया है। विभाग की ओर से पोल तो गड़वा दिए गए हैं, लेकिन ट्रांसफार्मर लगाने और तार खींचने की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। गांव के निवासी रामानंद गोड़, शिवजी सिंह, विजय शर्मा, उमाशंकर वर्मा और श्रीमन राजभर आदि ने बताया कि इस समस्या को लेकर वे कई बार बिजली उपकेंद्र के जेई से संपर्क कर चुके हैं। हर बार उन्हें केवल आश्वासन देकर वापस कर दिया जाता है। इसके बावजूद न तो जले हुए 10 केवी के ट्रांसफार्मर को बदला जा रहा है और न ही विधायक निधि से आए 25-25 केवी के दोनों ट्रांसफार्मरों को लगाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफार्मर खराब होने और नए ट्रांसफार्मर नहीं लगाए जाने से उन्हें बिजली संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों का ध्यान इस समस्या की ओर आकृष्ट कराते हुए मांग की है कि विधायक निधि से उपलब्ध दोनों ट्रांसफार्मरों को जल्द से जल्द स्थापित कराया जाए। साथ ही, जले हुए 10 केवी के ट्रांसफार्मर को भी बदलने की कार्रवाई की जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

नया बस स्टेशन बन कर तैयार, उद्घाटन का इंतजार



नरहीं (बलिया)। तीन दशक से उजियार सरयां बस स्टेशन वीरान पड़ा था अब नया बस स्टेशन बन कर तैयार हो गया है यहां फिर रौनक लौटने की संभावना जगी है। क्षेत्रीय लोगों को बस स्टेशन उद्घाटन का बेसब्री से इंतजार है। बक्सर भरौली वीर कुंवर सिंह सेतु नहीं बना था तो बक्सर उजियार घाट ही आवागमन का प्रमुख स्थान था यहां से दूर दराज की बसें चलती थी, उजियार हमेशा गुलजार रहता था। चाय दुकानदार विजय गुप्ता ने बताया कि पहले उजियार और बक्सर के बीच में काठ लकड़ी का पुल हुआ करता था जिस पर रात दिन लोगों का आवागमन होता था। वर्ष 1978 में वीर कुंवर सिंह सेतु चालू होने के बाद उजियार स्टेशन पर प्रभाव पड़ गया। वर्ष 1993 से बस स्टेशन ही बंद हो गया और बसों का संचालन बंद हो गया। गाजीपुर की कुछ बसें भरौली गोलम्बर से चलने लगी। और उजियार स्टेशन बंद हो गया और उजियार वीरान हो गया। सरंया ग्राम प्रधान मुकेश तिवारी ने बताया कि चार साल पहले परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह स्थलीय निरीक्षण किया उनके प्रयास से 5.29 करोड़ की से पुनर्निर्माण कार्य शुरू हुआ और बस स्टेशन बन कर तैयार हो गया है। अब लोगों की नजरें उद्घाटन पर और बसों के संचालन पर टिकी है और दुकानदारों को पुन: रौनक लौटने की उम्मीद है। यहां बक्सर आने जाने के लिए यात्री स्टीमर का प्रयोग करते हैं। नरहीं के कारोबारी संतोष गुप्ता ने बताया कि बलिया नरहीं लक्ष्मणपुर भरौली होते हुए वाराणसी की बसें नहीं है इसको भी चालू करने से लोगो को शाम को घर आने में कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ता।

जमीनी विवाद में मारपीट, पांच से अधिक घायल

रसड़ा (बलिया)। क्षेत्र के माधोपुर ग्राम सभा में रविवार की देर शाम जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष आमने सामने हो गए। जमकर हुई मारपीट में पांच से अधिक व्यक्ति लहुलूहान हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों से तहरीर लेकर आवश्यक कार्रवाई जुट गई है। माधोपुर गांव के विधवा शुभवंती देवी एवं उनके पड़ोसी पंकज कुमार की बीच पुश्तैनी जमीन को लेकर विवाद बढ़ गया और देखते ही देखते लाठी-डंडे चलना शुरू हो गया। एक पक्ष से शुभवंती देवी उसकी बहू लक्ष्मी देवी तथा पुत्री पूनम गंभीर से घायल हो गई। वहीं दूसरे पक्ष नीरा, पंकज आदि घायल हो गए। सभी घायलों को रसड़ा सीएचसी लाया गया जहां प्राथमिक उपचार कराया गया। सभी घायलों को रेफर कर दिया।

बाढ़ राहत चेक वितरण में गड़बड़ी का आरोप, लेखपाल को निलंबित की मांग

बलिया। सदर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बघऊंच में बाढ़ राहत के तहत फसल मुआवजा चेक वितरण और खाद्यान्न आवंटन में कथित अनियमितताओं का मामला सामने आया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी सदर को प्रार्थना पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और संबंधित लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने अपने प्रार्थना पत्र में बघऊंच के लेखपाल संजीत पाण्डेय पर फसल मुआवजा चेक वितरण में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ग्राम पंचायत के अंतर्गत मौजा बाबुबेल, चौबेबेल, बघऊंच और पोखरा बाढ़ से प्रभावित रहते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र में मुख्य रूप से रबी की खेती होती है और दो फसली खेती नहीं होती। इसके बावजूद कुछ काश्तकारों के नाम पर फसल क्षति मुआवजे के चेक जारी किए जाने पर उन्होंने सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों ने चेक वितरण की पात्रता और संबंधित अभिलेखों की जांच कराने की मांग की है। प्रार्थना पत्र में पिछले बाढ़ राहत अभियान के दौरान खाद्यान्न वितरण में भी कथित लापरवाही का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का दावा है कि बाढ़ प्रभावित करीब 63 लोगों को खाद्यान्न नहीं मिला, जबकि कुछ अपात्र लोगों को वितरण किए जाने की शिकायत है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी सदर से पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराने, फसल मुआवजा चेक वितरण की पात्रता और अभिलेखों का सत्यापन कराने तथा खाद्यान्न आवंटन एवं वितरण का ब्योरा सार्वजनिक कराने की मांग की है।

राजनीतिक दल २३ अक्तूबर तक प्रस्तुत कर सकेंगे आपत्ति एवं सुझाव

जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक

ज्ञानपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जनपद के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में अधिकतम 1200 मतदाताओं के मानक के आधार पर मतदान स्थलों के संभाजन की कार्रवाई के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदान स्थलों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पर चर्चा करते हुए प्रस्तावित परिवर्तनों से राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। इस प्रक्रिया के अंतर्गत ऐसे मतदान स्थलों, जहां मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है, के मतदाताओं को निकटवर्ती मतदान स्थलों पर समायोजित करने की कार्रवाई प्रस्तावित है। जहां मतदाताओं का समायोजन संभव नहीं होगा, वहां उसी भवन में नया मतदेय स्थल बनाए जाने का प्रस्ताव किया गया है। इस क्रम में दो नए मतदान स्थल बनाए जाने का प्रस्ताव भी शामिल है। इसके अतिरिक्त जनपद में छह मतदान स्थल भवन जर्जर पाए जाने के कारण उनके स्थान परिवर्तन की कार्रवाई की गई है।उक्त प्रक्रिया के उपरांत जनपद में कुल 1379 मतदान स्थल प्रस्तावित किए गए हैं। प्रस्तावित मतदान स्थलों की सूची का आलेख्य प्रकाशन कर दिया गया है तथा सूची की प्रतियां राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे सूची का अवलोकन कर लें तथा यदि किसी प्रकार की आपत्ति अथवा सुझाव हो तो उसे 23 अक्टूबर, 2026 तक संबंधित कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों का नियमानुसार परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी शुभांगी शुक्ला समस्तएसडीएम सहित बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी, राम प्रसाद यादव, आम आदमी पार्टी के आशुतोष पांडेय, भारतीय जनता पार्टी के राजेश्वर दुबे, जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस तथा अन्य संबंधित राजनीतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

असत्य पर सत्य के विजय का पर्व विजयदशमी आज

कांवल। विजय दशमी को दशहरा के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व असत्य पर सत्य की विजय का पर्व है। यह हिंदुओं का एक प्रमुख त्योहार है। अश्विन मास के दशमी के शुक्लपक्ष की तिथि को इसका आयोजन होता है। विनय कुमार मिश्र ने बताया कि भगवान राम ने इसी दिन रावणका वध किया था तथा देवी दुर्गा ने नौ रात्रि एवं दस दिन के युद्ध के उपरान्त महिषासुर पर विजय प्राप्त किया था। इसे असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है। इसीलिये इस दशमीको 'विजयादशमी' के नाम से जाना जाता है। इस दिन लोग शस्त्र पूजन करते हैं और नया कार्य प्रारम्भ करते हैं। ऐसा विश्वास है कि इस दिन जो कार्य आरम्भ किया जाता है उसमें विजय मिलती है। प्राचीन काल में राजा लोग इस दिन विजय की प्रार्थना कर रण-यात्रा के लिए प्रस्थान करते थे। इस दिन जगह-जगह मेले लगते हैं। रामलीला का आयोजन होता है। रावण का विशाल पुतला बनाकर उसे जलाया जाता है। उन्होंने बताया कि दशहरा अथवा विजयदशमी भगवान राम की विजय के रूप में मनाया जाए या दुर्गा पूजा के रूप में दोनों ही रूपों में यह शक्ति पूजा का पर्व है। शस्त्र पूजन की तिथि है। हर्ष और उल्लास तथा विजय का पर्व है। यह पर्व भारतीय संस्कृति में वीरता की सूचक है। व्यक्ति और समाज के रक्त में वीरता प्रकट हो इसलिए दशहरे का उत्सव किया जाता है। दशहरा का पर्व दस प्रकार के पापों- काम, क्रोध, लोभ, मोह मद, मत्सर, अहंकार, आलस्य, हिंसा और चोरी के परित्याग की सद्प्रेरणा प्रदान करता है।

पंडाल में मेधावी छात्राओं का सम्मान

ज्ञानपुर। औराई थाना क्षेत्र के भगौतीदासपुर ग्रामसभा में सार्वजनिक नवरात्रि उत्सव समिति के पंडाल में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समाजसेवी राहुल सिंह की ओर से आयोजित कार्यक्रम में औराई थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान थाना प्रभारी ने कुमारी रागिनी बिंद, राधिका बिंद, साधना बिंद, पलक सिंह, आकांक्षा बिंद सहित अन्य मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को कानून व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी दीं। उन्होंने लोगों को कानून के प्रति जागरूक रहने तथा सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने के साथ ही ग्रामीणों में शिक्षा और कानून के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा। इस अवसर पर अमर बहादुर बिंद, पंधारीलाल बिंद, रामलाल प्रजापति, राममूरत बिंद, ललकी देवी बिंद, कबूतरा देवी बिंद, विष्णु बिंद, शुभम बिंद सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।



फोन हैक कर खाते से निकाले ८९ हजार रुपये पुलिस ने कराये वापस

ज्ञानपुर। सुरियावां थाना क्षेत्र में साइबर ठगी के शिकार युवक के खाते में पुलिस ने 89 हजार रुपये वापस करा दिए। फोन हैक कर युवक के खाते से रकम निकाल ली गई थी। शिकायत मिलने पर साइबर हेल्प डेस्क ने त्वरित कारज़्वाई करते हुए पीडित को उसकी धनराशि वापस दिलाई। पुलिस के अनुसार, सुरियावां थाना क्षेत्र के बनकट निवासी यश दुबे पुत्र कैलाश नाथ का मोबाइल फोन हैक कर साइबर ठगों ने उनके खाते से 89 हजार रुपये की धोखाधड़ी कर ली थी। पीड़ित ने इसकी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देश पर साइबर हेल्प डेस्क ने शिकायत और नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर उपलब्ध विवरण की जांच की। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरी धनराशि पीड़ित के खाते में वापस करा दी गई।

एमएलसी चुनाव : मतदेय स्थलों के १०० मीटर के दायरे में प्रचार पर रोक

ज्ञानपुर। वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक विधान परिषद निर्वाचन-2026 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन प्रशासन ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत मतदेय स्थलों के 100 मीटर के दायरे में चुनाव प्रचार, पोस्टर-बैनर लगाने और राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के बूथ स्थापित करने पर प्रतिबंध रहेगा। जिले में 23 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान कराया जाएगा। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। प्रतिबंधित क्षेत्र में निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात अधिकृत अधिकारियों को छोड़कर अन्य लोगों को मोबाइल या वायरलेस फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मतदान कार्मिकों को मोबाइल फोन साइलेंट मोड में रखना होगा। जरूरी बातचीत के लिए उन्हें मतदान केंद्र से बाहर जाना होगा। मतदेय स्थलों पर शोर-शराबा करने और अव्यवस्था फैलाने पर भी रोक रहेगी। उन्होंने बताया कि मतदेय स्थल से 100 मीटर के बाहर ही राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के बूथ स्थापित किए जा सकेंगे।

तीन युवकों की मौत से मेदनीपुर में मातम,दूसरे दिन भी गांव में पसरा सन्नाटा

ज्ञानपुर। औराई कोतवाली क्षेत्र के मेदनीपुर गांव में सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत के बाद सोमवार को भी मातम पसरा रहा। रविवार दोपहर बाइक के डिवाइडर से टकराने से तीनों युवकों की जान चली गई थी। सोमवार सुबह शव गांव पहुंचे तो परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। शोक में कई घरों में चूल्हे तक नहीं जले। नवरात्र के दौरान पूजा और उत्सव की तैयारियों में जुटे गांव में हादसे के बाद सन्नाटा छा गया। तीनों युवकों का अंतिम संस्कार कोल्हापुर घाट पर किया गया। जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर करीब दो बजे औराई कोतवाली से लगभग चार किलोमीटर दूर एक ही मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक जा रहे थे। इसी दौरान बाइक का संतुलन बिगड़ने से वह डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में तीनों के सिर में गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौत हो गई। एक साथ तीन युवकों की मौत से गांव के लोग स्तब्ध हैं।

दुर्गा पूजा पंडाल का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

खमरिया। नगर पंचायत खमरिया में दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी शैलेष कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने औराई थाना क्षेत्र में स्थापित दुर्गा पूजा पंडाल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सुरक्षा प्रबंधों, साफ-सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पूजा पंडाल में श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन और आवागमन की व्यवस्था देखी। उन्होंने निर्देश दिया कि त्योहार के दौरान किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो और आयोजन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराया जाए। पंडाल का निरीक्षण करने के बाद डीएम और एसपी ने कस्बे में पैदल गश्त की। इससे आमजन को सुरक्षा का संदेश दिया गया।

एमएलसी चुनाव में मतदान कक्ष के अंदर मोबाइल और कैमरा ले जाना प्रतिबंधित

ज्ञानपुर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के लिए 23 अक्टूबर को जिले में मतदान कराया जाएगा। इसके लिए जनपद में कुल 20 मतदेय स्थल निर्धारित किए गए हैं। मतदान के दौरान मतदाता मतदान कक्ष के अंदर मोबाइल फोन या किसी भी प्रकार का कैमरा नहीं ले जा सकेंगे। जिलाधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर शैलेष कुमार ने 18 अक्टूबर को जारी जानकारी में बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 15 और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए पांच मतदेय स्थल बनाए गए हैं। इन सभी केंद्रों पर मतदान की तैयारियां की जा रही हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मतदान दिवस पर मतदान कक्ष के अंदर मोबाइल फोन और कैमरा ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। मतदाताओं को निर्वाचन संबंधी दिशा-निदेर्शों का पालन करना होगा, ताकि मतदान प्रक्रिया की गोपनीयता और मर्यादा बनी रहे। उन्होंने बताया कि मतदान के लिए मतदाता को मतदान प्रकोष्ठ में पीठासीन अधिकारी की ओर से बैंगनी रंग का स्केच पेन उपलब्ध कराया जाएगा। मतदाताओं को अपने मतपत्र पर मत अंकित करने के लिए केवल इसी पेन का प्रयोग करना होगा। जिलाधिकारी ने सभी स्नातक एवं शिक्षक मतदाताओं से अपील की कि वे निर्धारित नियमों का पालन करते हुए मतदान करें और निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें।

टीएसआई सद्दाम हुसैन बने निरीक्षक, एएसपी ने कंधे पर स्टार लगाकर दी बधाई

ज्ञानपुर। जिले की यातायात शाखा में तैनात टीएसआई सद्दाम हुसैन को उपनिरीक्षक से निरीक्षक (नागरिक पुलिस) के पद पर पदोन्नति मिली है। सोमवार को पुलिस कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने उनके कंधे पर स्टार लगाकर पदोन्नति की बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। पुलिस विभाग के अनुसार, पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के अनुमोदन के बाद प्राधिकृत बोर्ड ने सद्दाम हुसैन को पदोन्नति के लिए उपयुक्त पाया। इसके बाद उन्हें निरीक्षक (नागरिक पुलिस) के पद पर पदोन्नत किया गया। 19 अक्टूबर को पुलिस कार्यालय भदोही में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एएसपी शुभम अग्रवाल ने उन्हें नए पद के अनुरूप स्टार लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस कार्यालय के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर ४५ हजार से अधिक चालान

ज्ञानपुर। जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफपुलिस ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम-2005 के तहत मिली जानकारी के अनुसार, आठ माह में कुल 45,056 चालान किए गए और 19,57,540 रुपये शमन शुल्क वसूला गया। हालांकि, पुलिस की ओर से उपलब्ध कराई गई सूचना में अलग-अलग यातायात उल्लंघनों के तहत किए गए चालानों और वसूली गई धनराशि का श्रेणीवार ब्योरा स्पष्ट नहीं हो सका। औराई थाना क्षेत्र के भगौतीदासपुर गांव निवासी समाजसेवी राहुल सिंह ने 29 अगस्त 2026 को जनसूचना अधिकारी के समक्ष आवेदन देकर यातायात नियमों के उल्लंघन पर की गई कार्रवाई का विवरण मांगा था। इसके जवाब में अपर पुलिस अधीक्षक एवं जनसूचना के नोडल अधिकारी की ओर से क्षेत्राधिकारी औराई की आख्या संलग्न कर जानकारी उपलब्ध कराई गई। प्राप्त सूचना के मुताबिक, गलत दिशा में वाहन चलाने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाने, टिंटेड शीशे का इस्तेमाल करने, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने, बिना बीमा वाहन चलाने, ओवरस्पीड और रेड लाइट जंप करने जैसे मामलों में चालान किए गए। पुलिस ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जाती है। आरटीआई के जवाब में कुल चालानों और शमन शुल्क की जानकारी तो दी गई, लेकिन किस नियम के उल्लंघन में कितने चालान हुए और प्रत्येक श्रेणी में कितनी धनराशि वसूली गई, इसका स्पष्ट विवरण नहीं मिल सका। ऐसे में यातायात नियमों के उल्लंघन की प्रकृति और पुलिस की कार्रवाई का श्रेणीवार आकलन करना मुश्किल है।

दुर्गा पूजा पंडालों और विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के निर्देश

ज्ञानपुर। शारदीय नवरात्र, दुर्गा पूजा और दशहरा को देखते हुए जिला प्रशासन ने पूजा पंडालों और प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने की कवायद तेज कर दी है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने संबंधित अधिकारियों को पंडालों का संयुक्त निरीक्षण कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, अग्निशमन, यातायात और साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निरीक्षण के दौरान मिलने वाली कमियों को तत्काल दूर कराया जाए। डीएम ने उपजिलाधिकारियों, पुलिस, विद्युत, अग्निशमन और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से जिम्मेदारी निभाने को कहा। उन्होंने पंडालों में श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग रास्ते बनाने, मजबूत बैरिकेडिंग तथा आपातकालीन निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, सुरक्षित विद्युत वायरिंग और अस्थायी संरचनाओं की मजबूती की जांच करने को कहा। लोक निर्माण विभाग को पंडालों तक जाने वाले मार्गों पर गड्ढों, अवरोधों और बैरिकेडिंग की स्थिति की जांच कर आवश्यक सुधार कराने के निर्देश दिए गए। वहीं, पुलिस को पर्याप्त बल तैनात करने, यातायात नियंत्रण, पार्किंग और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार, एंबुलेंस और अन्य जरूरी सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर साफ-सफाई और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

नुक्कड़ नाटक से बाल विवाह के खिलाफ किया जागरूक

ज्ञानपुर। मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के तहत विकास भवन स्थित कांशीराम कॉलोनी परिसर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए बालिकाओं की शिक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए 'बाल विवाह को ना, शिक्षा को हां' का संदेश दिया।

कोनियां के दंगल में इंस्पेक्टर प्रमोद यादव और लक्कड़ पहलवान ने मारी बाजी

कटरा। भभौरी कोनियां में पं. बच्चू पहलवान विनीता देवी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित विशाल दंगल में पहलवानों ने दमखम दिखाया। अखाड़े में हुए रोमांचक मुकाबलों में कोइरौना थाने के इंस्पेक्टर प्रमोद यादव और अयोध्या के लक्कड़ पहलवान ने जीत दर्ज की। महिला पहलवानों ने भी शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की तालियां बटोरीं। दंगल में संचालक अतुल पांडेय (बच्चाबाबू) की मौजूदगी में पहलवानों ने एक-दूसरे को पटखनी देने के लिए विभिन्न दांव-पेंच आजमाए। प्रमुख मुकाबले में इंस्पेक्टर प्रमोद यादव ने गोपीगंज के संजय को हराकर 6,100 रुपये की इनामी कुश्ती अपने नाम की। वहीं, बनारस के लक्कड़ पहलवान ने अयोध्या के मनीष को शिकस्त देकर पांच हजार रुपये का मुकाबला जीता।

भदोही पुलिस ने १०२ गुमशुदा मोबाइल बरामद कर मालिकों को सौंपे

ज्ञानपुर। दशहरा और दीपावली के अवसर पर भदोही पुलिस ने आमजन को सौगात देते हुए विशेष अभियान के तहत 102 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत 17 लाख 34 हजार रुपये है। सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स, ज्ञानपुर स्थित सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे। अपना खोया मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने पुलिस की इस पहल की सराहना की। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में जिले में गुम और खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने सभी थानों पर नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटरों को सीईआईआर पोर्टल का प्रभावी इस्तेमाल कर मोबाइल बरामदगी में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। एएसपी शुभम अग्रवाल ने कहा कि अभियान का उद्देश्य तकनीकी माध्यमों से गुम हुए मोबाइल फोन का पता लगाकर उन्हें उनके वास्तविक स्वामियों तक पहुंचाना है। पुलिस के अनुसार, मोबाइल गुम होने की शिकायत मिलने पर संबंधित फोन का आईएमईआई नंबर और अन्य आवश्यक विवरण सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज किया जाता है। इसके बाद पोर्टल से प्राप्त जानकारी, सिम नंबर और लोकेशन सहित अन्य तकनीकी विवरणों का विश्लेषण कर मोबाइल की तलाश की जाती है। इस प्रक्रिया में नियमित समीक्षा और शिकायतों पर लगातार फॉलोअप के जरिए बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिले के विभिन्न थानों पर तैनात कंप्यूटर ऑपरेटरों ने सीईआईआर पोर्टल, जनसुनवाई और डायल-112 के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए 102 मोबाइल फोन बरामद किए। सोमवार को इन्हें उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया गया।

२१ को कृषि भवन घरांव में होगा किसान दिवस

ऊंज। इस माह का किसान दिवस 21 अक्टूबर को सुबह 11 बजे कृषि भवन घरांव में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपनिदेशक कृषि डॉ. रामप्रवेश करेंगे। किसान दिवस में किसानों की समस्याओं को सुनने और उनके निराकरण पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी कृषि विभाग के स्टेनो समर बहादुर सिंह ने दी।

अमवां माफी में देवी जागरण में बही भक्ति की बयार, झांकियों ने मोहा मन

गोपीगंज। अमवां माफी गांव में नव दुर्गा पूजन समारोह समिति द्वारा आयोजित चार दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव के तीसरे दिन अष्टमी की रात भव्य भगवती जागरण और दिव्य झांकी का आयोजन हुआ। देर रात तक चले इस भक्ति आयोजन में पूरा पंडाल माता के जयकारों से गूंजता रहा। आरती के बाद शुरू हुए जागरण में वाराणसी के प्रसिद्ध लोक गायक बाबा पांडेय और गायिका निशा पांडेय ने भजनों की ऐसी रसधार बहाई कि श्रद्धालु झूम उठे। निबिया के डार मईया झूलेली झूलनवा हो से लेकर माई के पचरा और देवी गीतों पर पूरा पंडाल भक्तिरस में सराबोर हो गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत झांकियां रहीं। राधा-कृष्ण की प्रेम लील, शिव-पार्वती विवाह, मां दुर्गा और महाकाली के रौद्र व करुणामयी स्वरूपों की जीवंत प्रस्तुति ने दशज़्कों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समिति के आयोजक पं. कलक्टर मिश्र ने बताया कि नवमी पर हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगो ने आहुति दी। उन्होंने बताया कि विजयादशमी पर विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

रामलीला में लक्ष्मण शक्ति, कुंभकर्ण और मेघनाद वध का भव्य मंचन

सुरियावा। नगर की ऐतिहासिक श्रीरामलीला में वृंदावन से आए कलाकारों ने लक्ष्मण शक्ति, कुंभकण्र वध और मेघनाद वध की लीलाओं का भव्य मंचन किया। कलाकारों के सजीव अभिनय और प्रभावशाली संवादों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रभु श्रीराम के जयकारों से रामलीला परिसर गूंज उठा। मंचन के दौरान लक्ष्मण शक्ति का प्रसंग विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। लक्ष्मण जी के मूर्छित होने पर प्रभु श्रीराम की व्याकुलता और भाई के प्रति उनके प्रेम का मार्मिक दृश्य देखकर श्रद्धालु भावुक हो उठे। वहीं, हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाने के प्रसंग ने दर्शकों में उत्साह भर दिया। इसके बाद कुंभकण्र वध और मेघनाद वध की रोमांचक लीलाओं ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। रामलीला के इन प्रसंगों के माध्यम से कलाकारों ने साहस, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और भ्रातृप्रेम का संदेश दिया। साथ ही अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर श्रीरामलीला समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन नंदलाल गुप्ता, संचालक अशोक उमर वैश्य, महामंत्री अवधेश उमर वैश्य, संयुक्त मंत्री अश्वनी साहू, कोषाध्यक्ष छेदीलाल साहू, लोकेश सेठ, जय कुमार, हरिमोहन, प्रकाशचंद, संतोष, मनीष जायसवाल, सूचना मंत्री मनोज मोदनवाल, ठाकुर प्रसाद, वैभव, विशाल, अमित और आशुतोष सहित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

आज लगेगा विशाल विजयदशमी मेला, होगा रावण वध

कटरा। स्वामी गंगानन्द आदर्श रामलीला कमेटी कोनिया मण्डल के तत्वावधान में आज कलातुलसी रामलीला मैदान में विजयदशमी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। मंच पर प्रभु श्री राम द्वारा रावण वध के बाद विशालकाय पुतले का दहन होगा। इस अवसर पर लगने वाले पारंपरिक दशहरे मेले में दर्जनों गांवों के हजारों लोग शामिल होंगे, जिसके लिए मैदान सज-धजकर तैयार है। कमेटी के अनुसार, 11 अक्टूबर से शुरू हुआ यह 129वाँ ऐतिहासिक महोत्सव आगामी 21 अक्टूबर को भव्य भरत मिलाप एवं लव-कुश चरित्र मंचन के साथ संपन्न होगा। मेले में सुरक्षा और व्यवस्था के कड़े प्रबंध किए गए हैं।

बाइक डिवाइडर से टकरायी, पति-पत्नी घायल

गोपीगंज। कोतवाली गोपीगंज क्षेत्र के अंतर्गत माधोपुर गांव के पास रविवार की देर शाम राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिंगल लेन होने के कारण वाराणसी से बाइक से रिश्तेदारी से अपने घर आते समय सड़क पर रखी प्लास्टिक के डिवाइडर से टकराकर संतुलन बिगड़ने के कारण असंतुलित होकर डिवाइडर से टकराकर गिरकर पति पत्नी रोहित तिवारी 32 वर्ष पुत्र देवी शंकर,बेबी पांडे 29 वर्ष पत्नी रोहित तिवारी गोपीगंज थाना क्षेत्र के भिडिउरा गांव निवासी घायल हो गए घायल अवस्था में स्थानीय लोगों के सहयोग से गोपीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

शांति भंग की आशंका में १३ गिरफ्तार, २८६ वाहनों का चालान

ज्ञानपुर। जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 13 लोगों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया। वहीं, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफअभियान चलाकर 286 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस ने इन वाहनों से कुल चार लाख 49 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला। पुलिस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, गोपीगंज थाना क्षेत्र के कोईलरा गांव से उपनिरीक्षक ओमप्रकाश यादव ने चार लोगों को गिरफ्तार किया। भदोही थाना क्षेत्र के नई बाजार से उपनिरीक्षक कमल टावरी ने एक व्यक्ति को पकड़ा। औराई थाना क्षेत्र के कोलाहलपुर गांव से प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह ने तीन लोगों और झउवां गांव से उपनिरीक्षक अनिल कुमार ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। वहीं, चौरी थाना क्षेत्र के अमवां कला गांव से उपनिरीक्षक नथुनी सिंह ने चार लोगों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों के खिलाफभारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170/126/135 के तहत कार्रवाई करते हुए संबंधित न्यायालय में चालान किया गया।

नवमी पर सिद्धिदात्री स्वरूप का दर्शन कर निहाल हुए भक्त

गोपीगंज। शारदीय नवरात्र की नवमी पर सोमवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों और पूजा पंडालों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सिद्धिदात्री के रूप में माता के दर्शन-पूजन कर भक्त निहाल हो उठे। दिनभर शेरावाली के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। नवमी पर सुबह से ही मंदिरों में दर्शन के लिए कतारें लगी रहीं। नगर के फ्रेंड्स क्लब ज्ञानपुर रोड, न्यू स्टार क्लब पश्चिम मोहाल, आर्यंस क्लब ज्ञानपुर रोड फूल बाग, मां जगदंबा श्रृंगार समिति न्यू यंग बॉयज क्लब सोनखरी, काली मोहाल में मां सिंह वाहिनी श्रृंगार समिति शिवम क्लब, स्टार क्लब पश्चिम मोहाल सहित अन्य पंडालों में देर रात तक दर्शन-पूजन का क्रम चलता रहा। ग्रामीण क्षेत्र में नव दुर्गा पूजन समारोह समिति अमवां, नव युवक मंगल दल जगन्नाथपुर, श्री दुर्गा पूजन समिति पूरे रजई, पूरे रघुनाथ, भिखारीपुर, सुजातपुर आदि गांवों में स्थित पूजा पंडालों में भी भक्तों की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने माता रानी के दरबार में हाजिरी लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की।

बाइक से गिरकर तीन युवक घायल

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के अमवा गांव के पास रविवार की देर शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। एक ही बाइक पर सवार तीन युवक अनियंत्रित होकर बाइक सहित गिर जाने घायल हो गए। औराई थाना क्षेत्र के भरतपुर गांव निवासी सूरज (20) पुत्र ताराशंकर, अभिषेक (18) पुत्र रामराज और पवन (18) पुत्र मनोहर लाल एक ही बाइक पर सवार होकर गोपीगंज में दुर्गा पूजा देखने आ रहे थे। अमवा गांव के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक असंतुलित हो गई और सड़क पर गिर गए। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सरकारी एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस की सहायता से तीनों घायलों को गोपीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भतीज़् कराया गया।

युवक को बाइक ने मारी टक्कर, बाइक सवार सहित युवक घायल

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गोपपुर गांव के पास सड़क पार कर रहे राजेश गुप्ता 35 वर्ष पुत्र मेंही लाल कोतवाली गोपीगंज क्षेत्र के गोपपुर गांव निवासी को मिर्जापुर की तरफसे तेज रफ्तार बाइक सवार अवध गौतम 35 वर्ष पुत्र बेचू लाल कोतवाली क्षेत्र के दरवासी गांव निवासी ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए घायल अवस्था में स्थानीय लोगों के सहयोग से सरकारी एंबुलेंस की सहायता से गोपीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भतीज़् कराया गया जहां उपचार के बाद राजेश गुप्ता की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

लक्ष्मण को लगी शक्ति तो फूट-फूट कर रोने लगे प्रभु श्रीराम, लीला देख भावुक हुए दर्शक

गोपीगंज। नगर के रामलीला मैदान व बाबा कबूतर नाथ मंदिर पर चल रही रामलीला में सोमवार को मेघनाद-लक्ष्मण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, कुंभकर्ण व मेघनाद वध लीला का मंचन किया गया। लक्ष्मण को मूर्च्छित देख प्रभु श्रीराम के विलाप का दृश्य देख दर्शक भावुक हो गए। लीला में दिखाया गया कि प्रभु श्रीराम-लक्ष्मण वानर सेना के साथ लंका में प्रवेश करते हैं तो राक्षसों में खलबली मच जाती है। एक-एक कर रावण के वीर योद्धा धराशायी होने लगते हैं। तब लंकाधिपति रावण अपने भाई कुंभकर्ण और पुत्र मेघनाद को युद्धभूमि में भेजता है। भीषण युद्ध के बाद कुंभकर्ण का वध होता है। कुंभकर्ण के वध के बाद मेघनाद अपनी मायावी शक्ति से लक्ष्मण पर प्रहार करता है, जिससे लक्ष्मण मूर्च्छित हो जाते हैं।

धूमधाम से मनाया गया सर सैयद डे, समारोह में जुटे अलीगढ़ के पूर्व छात्र

भदोही। एएमयू एल्युमनी एसोसिएशन भदोही के तत्वावधान में एक प्रतिष्ठान में सर सैयद डे समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों (अलीगों) का संगम हुआ। इस दौरान सर सैयद अहमद खान के शैक्षिक विचारों और मिशन को आम लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अलीग शकील अहमद ने की, जबकि संचालन मुशीर इकबाल ने किया। मुख्य अतिथि इलाहाबाद के एडीजे परवेज अख्तर और विशिष्ट अतिथि ज्ञानपुर की सिविल जज खैरून निसा रहीं। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि परवेज अख्तर ने कहा कि सर सैयद अहमद खान ने शिक्षा के माध्यम से समाज को नई रोशनी दी। मौजूदा दौर में भी उनकी सोच और विचार बेहद प्रासंगिक हैं। वहीं, विशिष्ट अतिथि खैरून निसा ने कहा कि शिक्षा ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई। इस अवसर पर एएमयू के पूर्व छात्र एवं क्रिकेटर इम्तियाज अहमद और वरिष्ठ अलीग सिराजुद्दीन को मुख्य अतिथि ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। वहीं, जज खैरून निसा ने सबीहा जमाल और एखलाक अहमद को उनके आठ बच्चों के नीट परीक्षा में सफल होने पर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को डॉ. अरशद महमूद और मुमताज आलम ने तथा विशिष्ट अतिथि को शमुना मुशीर और हिना कौसर ने स्मृति चिह्न भेंट किया। इससे पूर्व कारी नजीर ने कुरान पाक की तिलावत से कार्यक्रम का आगाज किया। इसके बाद इंतखाब वजीरी, शाहिद जमाल, सैय्यद कादिर, अशफाक अंसारी, राशिद कमर, मुमताज आलम, सबीना अंजुम, रेहाना, मोहम्मद सफीक, मोहम्मद याहिया, आफताब आलम, मोहम्मद यूनुस, शमुना मुशीर और हिना कौसर ने अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर एएमयू एल्युमनी एसोसिएशन के कोर ग्रुप के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में अलीग बिरादरी के लोग मौजूद रहे।

मां सिद्धिदात्री देती हैं सफलता का वरदान

कांवल। सोमवार को देवीभक्तों का महापर्व नवरात्र समाप्त हो गया। भक्तजनों द्वारा माता दुर्गा के नौवें स्वरुप सिद्धिदात्री की पूजा बड़े ही आस्था व भक्ति के साथ की गयी। तदुपरांत हवन व माता दुर्गा के निमित्त स्थापित कलश का विसर्जन भी किया गया। पं. प्रदीप तिवारी ने बताया कि नवदुर्गाओं में माँ सिद्धिदात्री अंतिम स्वरुप हैं। अन्य आठ दुर्गाओ की पूजा उपासना शास्त्रीय विधि-विधान के अनुसार करते हुए भक्त दुर्गा पूजा के नौवें दिन इनकी उपासना में प्रवृत्त होते हैं। इन सिद्धिदात्री माँ की उपासना पूर्ण कर लेने के बाद भक्तों और साधकों की लौकिक, पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाओं की पूर्ति हो जाती है। माता सिद्धिदात्री अपने भक्तों को सफलता का वरदान देती हैं। सिद्धिदात्री माँ के कृपापात्र भक्त के भीतर कोई ऐसी कामना शेष बचती ही नहीं है, जिसे वह पूर्ण करना चाहे। वह सभी सांसारिक इच्छाओं, आवश्यकताओं और स्पृहाओं से ऊपर उठकर मानसिक रूप से माँ भगवती के दिव्य लोकों में विचरण करता हुआ उनके कृपा-रस-पीयूष का निरंतर पान करता हुआ, विषय-भोग-शून्य हो जाता है। उन्होंने बताया कि माँ भगवती का परम सान्निध्य ही उसका सर्वस्व हो जाता है। इस परम पद को पाने के बाद उसे अन्य किसी भी वस्तु की आवश्यकता नहीं रह जाती। माँ के चरणों का यह सान्निध्य प्राप्त करने के लिए भक्त को निरंतर नियमनिष्ठ रहकर उनकी उपासना करने का नियम कहा गया है। ऐसा माना गया है ।

मंडी का लेखा संपरीक्षा अधिकारी साक्षी ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं पर जताया संतोष

गोपीगंज। स्वच्छ मंडी-शुभ मंडी अभियान-2026 के तहत सोमवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति गोपीगंज का निरीक्षण किया गया। इस दौरान लेखा संपरीक्षा अधिकारी साक्षी ने मंडी परिसर में स्वच्छता सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। निरीक्षण के दौरान मंडी परिसर की साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण, नालियों की स्थिति, जल निकासी, शौचालय, हैंडपंप,पेयजल तथा सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर ध्यान दिया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य मंडियों को स्वच्छ, व्यवस्थित और किसानों एवं व्यापारियों के लिए सुविधाजनक बनाना है। अभियान के अंतर्गत मंडी परिसर में जमा कचरे और गंदगी की नियमित सफाई, बंद नालियों को साफकरने तथा जलभराव की समस्या को दूर करने पर विशेष जोर दिया।

सुभाषित

जो तुम्हें बुराईसे बचाता है, नेक राहपर चलाता है और जो मुसीबतके समय तुम्हारा साथ देता है, बस वही मित्र है। ❑ **हितोपदेश**

बड़े आन्दोलनकी आहट

जन-सरोकारसे जुड़े मुद्दोंको लेकर फ्रांसमें विगत शनिवारको देशव्यापी स्तरपर हुई हिंसा, विरोध और प्रदर्शनोंसे भारी तबाहीने बड़ा सन्देश दिया है। लगभग दस लाख लोगोंका सड़कोंपर उतरना और कई स्थानोंपर शान्तिपूर्ण प्रदर्शन, हिंसा, आगजनी, तोड़फोड़ और लूटपाटकी घटनाएं सरकारके लिए चिन्ता बढ़ाने वाली है। फ्रांसके ऐतिहासिक लिमोज शहरके सिटी हालमें आगजनी और दुकानों तथा सार्वजनिक सम्पत्तियोंकी क्षतिसे एक गम्भीर प्रश्न यह भी सामने आया है कि क्या फ्रांस एक और 'येलो वेस्ट' जैसी लम्बी सामाजिक उथल-पुथलकी ओर बढ़ रहा है? फ्रांसमें आन्दोलनकी शुरुआत स्कूलोंकी खराब स्थिति, शिक्षकोंकी कमी और शिक्षा व्यवस्थासे असन्तोषसे हुई। बादमें महंगी, ईंधनकी बढ़ती कीमत, वेतन, पेंशन और सरकारी खर्चमें कटौती जैसे मुद्दे भी इसमें शामिल हो गये। ट्रेड यूनियनों, छात्रों और अन्य सामाजिक समूहोंके शामिल होनेसे आन्दोलन व्यापक हो गया। इस आन्दोलनको केवल फ्रांसका आन्दोलन मानना उचित नहीं होगा। फ्रांससे लेकर बेल्जियम, इटली, पुर्तगाल, स्पेन, ग्रीस, अमेरिका, बोलीविया, अर्जेंटीना, आस्ट्रेलिया, अल्बीनिया जैसे देशोंमें अलग-अलग कारणोंसे हो रहे प्रदर्शनोंमें एक साझा आर्थिक-सामाजिक असन्तोष दिखायी दे रहा है। एक बड़ा सवाल यह भी उठता है यूरोपमें बढ़ता जनाक्रोश बड़े सामाजिक आन्दोलनकी आहट तो नहीं है? इन सभी देशोंमें विरोध प्रदर्शनके कारण भले ही अलग-अलग हों। लेकिन बेचैनी एक जैसी है। बेल्जियममें आर्थिक दबाव और सार्वजनिक सेवाओंको लेकर असन्तोष है। इटलीमें जीवनयापनकी बढ़ती लागत और शिक्षा सम्बन्धी मुद्दे हैं। पुर्तगालमें आवास और बढ़ते किरायेकी समस्या है। स्पेनमें मकानोंका महंगा होना और किरायेके संकटका बढ़ना। अल्बानियामें भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, शिक्षाकी खराब स्थिति और सरकारके खिलाफ असन्तोषका मामला है। अमेरिकामें राष्ट्रपति ट्रम्पके विरोधमें प्रदर्शन हो रहे हैं। अर्जेंटीनामें कठोर आर्थिक नीतियां और आस्ट्रेलियामें महंगीको लेकर जनाक्रोश है। इन सभी देशोंमें मुद्दे अलग है, लेकिन शिकायतका मूल स्वर समान है। सरकारें आम नागरिकोंकी आर्थिक और सामाजिक कठिनाइयोंको पर्याप्त महत्व नहीं दे रही है। इन आन्दोलनोंका एक महत्वपूर्ण पहलू युवाओंकी सक्रिय भागीदारी है। युवा वर्गको रोजगार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, महंगे आवास और भविष्यकी आर्थिक सुरक्षाको लेकर चिन्ता है। लेकिन इससे बड़ी चिन्ता आन्दोलनका हिंसक होना है। ऐसे आन्दोलन भारतके लिए क्या संकेत देते हैं, इसपर भी ध्यान देना होगा। यूरोप भारतका सबसे बड़ा व्यापारिक और निवेश साझेदार है। यदि आन्दोलन लम्बे समयतक चला तो इससे भारत भी प्रभावित हो सकता है। यूरोपमें राजनीतिक अस्थिरताका प्रभाव वैश्विक बाजार, तेलकी कीमतोंपर भी पड़ सकता है। भारतको सजग रहनेकी जरूरत है।

खाद्य पदार्थोंकी निगरानी

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसआई) ने खाद्य पदार्थोंकी निगरानीके लिए जो सख्त और नये नियम जारी किये हैं, वह लोगोंकी सेहतकी सुरक्षाकी दिशामें सार्थक और बड़ा कदम है। इसके लिए जहां सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशोंके सम्बन्धित अधिकारियोंको जांच और विशेष सतर्कता बरतनेका निर्देश दिया गया है, वहीं कारोबारियोंको सचेत किया गया है कि पूरी आपूर्ति चेनमें निर्धारित तापमान और सुरक्षाके पालनमें पूरी सतर्कता बरतें। सुरक्षा मानकोंका उल्लंघन अक्षम्य अपराध माना जायगा और कड़ी काररवाइ की जायगी। त्योहारी सीजनमें खाद्य पदार्थोंकी बढ़ती मांगके बीच मिलावटी, नकली और कई दिन पूर्व तैयार किये गये खाद्य पदार्थोंके भण्डारणसे इनकार नहीं किया जा सकता है। कारोबारियोंका इन खाद्य पदार्थोंको भण्डारण और ढुलाईसे लेकर ग्राहकोंतक पहुंचानेकी पूरी प्रक्रियामें निर्धारित तापमान बनाये रखनेका निर्देश महत्वपूर्ण है। खोवा, पनीर, मांस, मछली और इसी तरहके अन्य जल्द खराब होने वाले कई खाद्य पदार्थोंको उचित तापमानपर नहीं रखा जाता जिससे इनके खराब होनेका खतरा बढ़ जाता है। यह सार्वजनिक रूपसे स्वास्थ्यके लिए हानिकारक है। इसी तरह खाने-पीनेके चीजों गैर-खाद्य रंगोंके इस्तेमालपर पूर्ण प्रतिबन्ध भी महत्वपूर्ण है। कच्चे दूध, सादे दही, ताजे फलों, कच्ची सब्जियों और शिशु आहारमें रंग मिलाना पूरी तरह प्रतिबन्धित कर दिया गया है। एफएसएसआईका बाजारोंमें बिकने वाले मिलावटी, नकली और जन-स्वास्थ्यके लिए हानिकारक, बीमारियोंको दावत देने वाले खाद्य पदार्थोंके बिक्रीपर प्रतिबन्ध लोगोंके स्वास्थ्यकी सुरक्षा सुनिश्चित करनेकी दिशामें उपयोगी पहल है लेकिन इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाना, इससे भी ज्यादा जरूरी है। इसके पहले भी केन्द्र सरकारने स्वास्थ्यको प्रभावित करने वाले खाद्य पदार्थोंपर अंकुश लगानेके लिए नियमोंमें बदलाव और कड़े निर्देश जारी किये हैं फिर भी स्थिति यथावत है। इसके लिए प्रशासनिक तंत्र जिम्मेदार है। इनकी नकेल कसना जरूरी है, ताकि इन्हें अपना कर्तव्यबोध हो सके, तभी मिलावटी एवं नकली खाद्य पदार्थोंकी बिक्री रोकी जा सकती है।

लोक संवाद

परम्पराकी तिलांजलि

महोदय,-पहले किसी किसी भी आयोजन-प्रयोजनमें भारतीय संस्कृतिमें मिट्टीके दीये जलानेकी परम्परा रही है। परन्तु अब तो दीपावलीमें भी लोग इस परम्पराका निर्वहन नहीं करते हैं। मिट्टीके दीयोंकी सौंधी महक, घरमें बनते पकवानोंकी मिठास, आंगनके मांडणों, रिश्तोंके अपनत्व और लोक-परम्पराओंकी जीवंतताका पर्व हुआ करती थी। आज बिजलीकी रंग-बिरंगी लड़ियां हैं, महंगे उपहार हैं, मिठाइयोंके आकर्षक डिब्बे हैं, पटाखोंका शोर है और इंटरनेटपर शुभकामनाओंकी भरमार है। सब कुछ है, लेकिन क्या वह पहले जैसा उल्लास, वह आत्मीयता और वह सुकून भी है। आधुनिकताकी चकाचौंधमें कहीं हम दिवालीकी आत्मा तो नहीं खोते जा रहे हैं। दिवाली केवल अमावस्याकी रातको रौशन करनेका पर्व नहीं है। यह अंधकारपर प्रकाश, निराशापर आशा और दूरीपर अपनत्वकी विजयका प्रतीक है। यह वह अवसर है जब घरोंके साथ रिश्तोंकी भी सफाई होती थी, मनके मैल दूर किये जाते थे और रूठोंको मनाया जाता था। **-सुनील प्रजापति, वाया ईमेल।**

शौर्य और नवसंकल्पका महापर्व

भारतीय संस्कृतिकी सबसे बड़ी विशेषता है कि उसने जीवनके उत्सवोंको आनन्द और उल्लासके साथ आत्मचिंतन, साधना और जीवन-परिवर्तनका माध्यम बनाया है। प्रत्येक पर्व शाश्वत संदेश समेटे हुए है। विजयादशमी ऐसा ही प्रेरणाप्रद पर्व है, जो आध्यात्मिक परम्पराओं और जीवन-दर्शनसे जुड़कर सत्य और विजयकी राह दिखाता है।

❑ ललित

दशहरा पर्व हमें स्मरण कराता है कि जीवनकी वास्तविक विजय दूसरोंको पराजित करनेमें नहीं, बल्कि अपने भीतर विद्यमान दुर्बलताओं, विकारों और नकारात्मक प्रवृत्तियोंपर विजय प्राप्त करनेमें है। असत्यपर सत्य, अंधकारपर प्रकाश, निराशापर आशा और अधर्मपर धर्मकी विजयका यह उत्सव भारतीय जनमानसमें सदियोंसे नयी ऊर्जा, नया विश्वास और नया संकल्प भरता आया है। दशहरेकी सांस्कृतिक चेतनाका सबसे प्रभावशाली आधार भगवान श्रीरामकी रावणपर विजय है। रामायणका यह प्रसंग केवल एक ऐतिहासिक अथवा पौराणिक युद्धकी परिणति नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों और अहंकारके बीच संघर्षका शाश्वत आख्यान है। श्रीराम मर्यादा, करुणा, सत्य, कर्तव्य और धर्मनिष्ठाके प्रतीक हैं, जबकि रावण ज्ञान, सामर्थ्य और वैभवसे संपन्न होनेके बावजूद अहंकार, अनियंत्रित इच्छाओं और अनैतिक आचरणका प्रतीक बन जाता है। रावणका व्यक्तित्व इस सत्यको उजागर करता है कि ज्ञान यदि विवेकसे, शक्ति यदि मर्यादासे और समृद्धि यदि नैतिकतासे विमुख हो जाय तो मनुष्यके पतनका कारण बन जाती है। श्रीरामकी विजय इसलिए महत्वपूर्ण है कि उन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियोंमें भी अपने आदर्शोंका परित्याग नहीं किया। दशहरा हमें सिखाता है कि परिस्थितियां कितनी ही कठिन क्यों न हों, सत्य और धर्मके मार्गपर चलने वाला व्यक्ति अंततः समाजकी आस्था और इतिहासकी प्रेरणा बनता है।



दशहरा हमें भीतरके प्रकाशका दीप जलाने, निराशाओंके बीच आशा, कठिनाइयोंमें साहस बनाये रखने और जीवनको नवसृजनकी दिशा देनेका सन्देश देता है। इस विजयादशमीपर हम अपने भीतरके अहंकार, स्वार्थ और दुर्बलताओंको समाप्त कर सत्यको आधार, करुणाको स्वभाव और कर्मको अपनी साधना बनायें। यही भारतीय संस्कृतिकी आध्यात्मिक विरासतका सम्मान है। यही उत्सवकी सार्थकता और विजय है, जो व्यक्तिके जीवनको प्रकाशित करते हुए परिवार, समाज और राष्ट्रमें नयी चेतनाका संचार कर सकती है। क्योंकि सच्चा दशहरा तभी है, जब रावणका दहन मैदानमें ही नहीं, मनमें भी हो।

भारतीय संस्कृतिमें दशहरेका संबंध केवल रामकी विजयसे नहीं, बल्कि मां दुर्गाकी महिषासुरपर विजयसे भी जुड़ा है। नवरात्रके नौ दिनोंमें शक्तिकी आराधना और दसवें दिन विजयादशमीका उत्सव इस बातका प्रतीक है कि साधनाके बाद सिद्धि, संघर्षके बाद सफलता और आत्मबलके जागरणके बाद विजयका मार्ग प्रशस्त होता है। मां दुर्गाकी उपासना हमें यह संदेश देती है कि जीवनकी चुनौतियोंका सामना करनेके लिए शक्ति और संवेदना, साहस और विवेक तथा पराक्रम और करुणाका समन्वय आवश्यक है। भारतीय आध्यात्मिक परम्परामें शक्तिका अर्थ केवल बाहुबल अथवा प्रभुत्व नहीं है, बल्कि आत्मबल, इच्छाशक्ति, धैर्य, आत्मसंयम और अन्यायके विरुद्ध खड़े होनेकी नैतिक क्षमता भी है। इसीलिए दशहरा शक्तिकी साधनाके साथ-साथ उस शक्तिके सदुपयोगका भी पर्व है।

दशहरा पर्वका आध्यात्मिक पक्ष अत्यंत गहरा है। बाहरी रावणका दहन तभी सार्थक है, जब मनुष्य अपने भीतर बैठे रावणको पहचानने और परास्त करनेका साहस जुटाये। काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर, अहंकार, आलस्य, हिंसा और चोरी जैसी प्रवृत्तियां मनुष्यके व्यक्तित्वको भीतरसे दुर्बल बनाती हैं। रावणके दस सिरोंको इन दस विकारोंके प्रतीकके रूपमें भी देखा जा सकता है। प्रतिवर्ष रावणके पुतले जलते हैं, आतिशबाजी होती है और उत्सव संपन्न हो जाता है, लेकिन यदि हमारे भीतर ईर्ष्या, छल, स्वार्थ, द्वेष और अहंकार जीवित रहें तो विजयादशमीका मूल उद्देश्य अधूरा रह जाता है। सच्चा दशहरा वह है, जब हम किसीके प्रति अपने मनमें पल रहे द्वेषको समाप्त करें, अपने व्यवहारसे छलको निकालें, अपने अधिकारोंके साथ कर्तव्योंको स्वीकारें और अपनी सफलतामें दूसरोंके योगदानको भी सम्मान दें। आत्मविजय ही सभी विजयोंका आधार है।

भारतीय संस्कृति उत्सवको साधना और साधनाको जीवनकी श्रेष्ठतासे जोड़ती है। विजयादशमी इसी परम्पराका जीवंत उदाहरण है। इस दिन शस्त्रपूजाकी जाती है, नये कार्योंका शुभारम्भ होता है और विजयकी कामनाके साथ जीवनमें आगे बढ़नेका संकल्प लिया जाता है। शस्त्रपूजाका वास्तविक अर्थ केवल अस्त्रोंकी आराधना नहीं, बल्कि शक्तिके प्रति श्रद्धा और उसके उत्तरदायी उपयोगका संकल्प है। आजके सन्दर्भमें हमारे शस्त्र ज्ञान, विवेक, शिक्षा, विज्ञान, श्रम, नैतिकता और सत्यनिष्ठा भी हैं। यदि इन शक्तियोंका उपयोग मानवताके कल्याणके लिए किया जाय तो वे राष्ट्रनिर्माणके प्रभावशाली साधन बन सकती हैं। दशहरा हमें अकर्मण्यतासे कर्मशीलता, निराशासे आशा और निष्क्रियतासे सृजनशीलताकी ओर बढ़नेकी प्रेरणा देता है। यह दिन अपने अधूरे संकल्पोंको पूरा करने, नयी संभावनाओंके द्वार खोलने और जीवनको श्रेष्ठ दिशा देनेका अवसर है।

दशहरेका एक महत्वपूर्ण पक्ष प्रकृति, कृषि और लोकजीवनसे उसका संबंध भी है। भारतीय समाजमें यह पर्व फसल, समृद्धि, ऋतु-परिवर्तन और सामुदायिक उल्लासकी परम्पराओंसे जुड़ा रहा है। शमी वृक्षकी पूजा, उसके पत्तोंका आदान-प्रदान और नये कार्योंका शुभारंभ प्रकृतिके प्रति श्रद्धा तथा मंगलकामनाकी भावनाको व्यक्त करते हैं। कृषि प्रधान भारतमें फसलकी समृद्धि केवल आर्थिक उपलब्धि नहीं, बल्कि धरती, किसान और प्रकृतिके परस्पर सहयोगका उत्सव भी है। यह परम्परा हमें याद दिलाती है कि मनुष्यकी प्रगति प्रकृतिसे अलग होकर संभव नहीं है। जिस संस्कृतिने वृक्षों, नदियों, पर्वतों और धरतीमें पवित्रताका अनुभव किया, उसकी उत्सवधर्मितामें पर्यावरण संरक्षण और सह-अस्तित्वकी प्रेरणा भी अंतर्निहित है। आज जब पर्यावरणीय संकट मानवताके सामने गम्भीर चुनौती बन रहा है, तब दशहरा हमें प्रकृतिके प्रति अपनी जिम्मेदारियोंको पुनः समझनेका अवसर देता है।

विजयादशमी भारतीय संस्कृतिकी समन्वयकारी चेतना का भी उत्सव है। देशके अलग-अलग क्षेत्रोंमें इसे विविध रूपोंमें मनाया जाता है। कहीं रामलीला और रावण-दहन होता है, कहीं दुर्गापूजाके बाद मांकी विदाई, कहीं शस्त्रपूजा तो कहीं लोक-परम्पराओंके माध्यमसे विजयका उल्लास व्यक्त किया जाता है। इन विविधताओंके पीछे एक साझा सांस्कृतिक सूत्र है-सत्यके प्रति आस्था, धर्मके प्रति निष्ठा, शक्तिके प्रति सम्मान और जीवनमें मंगलकी कामना। आज दशहरेके सन्देशको अपने सामाजिक और राष्ट्रीय जीवनमें उतारना पहलेसे अधिक आवश्यक है। भ्रष्टाचार, हिंसा, सामाजिक विद्वेष, अनैतिक प्रतिस्पर्धा, छलपूर्ण व्यवहार और स्वार्थपरक राजनीति जैसी प्रवृत्तियां समाजकी नैतिक शक्तिको कमजोर करती हैं। इन बुराइयोंका अंत केवल भाषणों, नारों अथवा प्रतीकात्मक आयोजनोंसे नहीं हो सकता। इसके लिए व्यक्तिगत चरित्र, सामाजिक उत्तरदायित्व और संस्थागत ईमानदारीको मजबूत करना होगा। यदि हम अपने कार्यक्षेत्रमें प्रामाणिकता अपनायें, सार्वजनिक जीवनमें कर्तव्यनिष्ठ रहें, शिक्षा और चिकित्साको मानवीय संवेदनासे जोड़ें तथा समाजमें प्रेम और सद्भावको बढ़ावा दें तो यही दशहरेकी वास्तविक साधना होगी। राष्ट्रकी शक्ति केवल उसकी आर्थिक समृद्धि, सैन्य क्षमता अथवा तकनीकी उपलब्धियोंमें नहीं, बल्कि उसके नागरिकोंके चरित्र, नैतिकता, अनुशासन और परस्पर विश्वासमें भी निहित होती है।

दशहरा अंततः बाहरी विजयसे अधिक आंतरिक जागरणका पर्व है। यह हमें अपने भीतर प्रकाशका दीप जलाने, निराशाओंके बीच आशा खोजने, कठिनाइयोंमें साहस बनाये रखने और जीवनको नवसृजनकी दिशा देनेका सन्देश देता है। आइये इस विजयादशमीपर हम केवल रावणका पुतला जलानेतक सीमित न रहें, बल्कि अपने भीतरके अहंकार, स्वार्थ, असत्य और दुर्बलताओंको समाप्त करनेका संकल्प लें। सत्यको अपना आधार, विवेकको अपना मार्गदर्शक, करुणाको अपना स्वभाव और कर्मको अपनी साधना बनायें। यही भारतीय संस्कृतिकी आध्यात्मिक विरासतका सम्मान है, यही उत्सवकी सार्थकता है और यही वह विजय है, जो व्यक्तिके जीवनको प्रकाशित करते हुए परिवारए समाज और राष्ट्रमें नयी चेतनाका संचार कर सकती है। क्योंकि सच्चा दशहरा तभी है, जब रावणका दहन मैदानमें ही नहीं, मनमें भी हो। विजयका उत्सव केवल आतिशबाजीमें नहीं, आचरण में दिखाई देय और प्रकाश केवल दीपोंमें नहीं, हमारे विचारों, संस्कारों तथा कर्मोंमें भी प्रकट हो।

दशहरेके असली अर्थको समझें

दशहरा नवरात उत्सवके बाद मनाया जाने वाला सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक त्योहार है। असत्यपर सत्यकी विजय और राक्षस प्रवृत्ति और संस्कृतिपर दैवीय प्रवृत्ति एवं संस्कृतिकी विजय जैसे तमाम संदर्भ इससे जुड़ते हैं।

❑ अखिलेश आर्येन्दु

दशहरा यानी विजयादशमी मानवका चरित्र उच्चता हासिल कराता है और नीचता भी। यह चरित्र ही है जिससे कुल, गोत्रादिको उच्च या निम्न बनाता है। चरित्रकी वजहसे ही रावण और उसका खानदान लाखों सालोंसे तिस्कार ही नहीं, बल्कि पुतला जलाकर उसके अत्यंत दागदार चरित्रको दुत्कारा जाता है। इन्द्रियोंका संयम कितना महत्वपूर्ण है इसका वर्णन रामायण और रामचरित मानस दोनों पुस्तकोंमें देखा जा सकता है। राम-लक्ष्मणके अलावा हनुमान, अंगद और सुग्रीव इसके उदाहरण हैं। वेदमें आया है- अकृण्वत श्रवस्यानि दुष्टरा, यानी वे संसारमें ऐसे अद्भुत और महान् कार्य करते हैं जो सुननेमें अद्भुत मालूम पड़ते हैं। यह है उच्च चरित्रके वैभवका आदर्श है। दशहरा हमारे जिन्दगीका वह सबसे बेहतर एवं पुनीत अवसर प्रदान करता है जब हम अपनी अच्छी-खराब वृत्तियोंकी विवेचना ही नहीं करते, बल्कि सफलता और असफलतामें मानवीय सद्गुणोंका क्या महत्व है उनकी विवेचनाका भी अवसर होता। महज रावण कुलके वीरोंका पुतला जलाकर दशहरा मनानेका कोई मायने नहीं, बल्कि अपने परिवार, समाज और संस्कृतिके साथ-साथ स्वराष्ट्रके बारेमें चिन्तन एवं विमर्श भी हमें लगातार करनेका संकल्प लेना चाहिए। अपने जीवन, परिवार, समाज एवं राष्ट्रकी हालातको समझनेके लिए राजारामके चरित्र और रावणके चरित्रको देखना और यह समझना कि बड़ा-सा बड़ा साम्राज्यका प्रमुख यदि चरित्रवान नहीं है तो उसकी गति वैसी ही होती है जैसी दिग्विजयी रावण की। रावणकी लंकाको हनुमानने जला डाली, यह बहुत हैरतकी बात थी। योगदर्शनके मुताबिक सिद्धियां हासिल किया हुआ व्यक्ति वे सभी तरहके करिश्मे कर सकता है जो आम तौरपर असंभव लगता है। हनुमान सिद्ध थे उन्होंने अपनी सिद्धियोंके बलपर सोनेकी लंका फूंक डाली। यानी अलौकिक शक्तियोंकी महाशक्तिके आगे असंभव कुछ नहीं होता।

दशहराको हम त्यौहार या उत्सव कस रूपमें मनाते हैं। इसके पीछे छिपे हुए भाव, धर्म, व्यवहारए प्रेरणा और मूल्योंको समझना आवश्यक है। विश्व मानवताका कल्याण जिन मानवीय सद्गुणोंसे हो सकता है उसके निर्माता और संस्थापक श्रीराम हैं। श्रीरामका नाम आते ही मानवता, धर्म, संस्कृति, सभ्यता, शिक्षा, सदव्यवहार और आचार-विचारकी उत्तमता स्वमेव प्रकत हो जाती है। एक उच्च चरित्रका मानव कैसा होना चाहिए रामके जीवनमें देखा जा सकता है। आज जब देश-दुनियामें अन्याय, अनर्थ, हिंसा, शोषण, विश्वासघात और क्रूरताएं इंसानियतको लहू-लुहान कर रहीं हैं, भगवान रामका जीवन आदर्श इन्हें रोकनेका कार्य कर सकतीं हैं। भगवान रामका जीवन विश्वमें अनुपम, अद्भुत और मूल्यपरक है जिसकी कीर्ति आज भी विश्वमें कायम है। विश्व जानता है भगवान रामका चरित्र उच्च, आदर्श और प्रेरणा देने वाला है। जिसका गुणगान भारतमें ही नहीं, बल्कि भारतसे बाहर भी लेखकों, कवियों और इतिहासकारोंने अनेक लेख, कविताएं एवं किताबें लिखीं। इनमें कामिल बुल्के, वारान्निकोव और हेनरी केलाग सहित सैकड़ों विदेशी विद्वान शामिल हैं, जिन्होंने राम कथाके प्रसंगमें राम-रावण-युद्धकी विवेचनाएं अत्यंत सुन्दर, गौरव-युक्त और वैदिक एवं राक्षस संस्कृतिपर व्यापक स्तरपर लिखा।

भारतीय संस्कृति सदासे मानव मूल्योंपर आधारित रही है। इनसे ही विश्वमें सनातनसे हमारी संस्कृतिका डंका बजता रहा है। इन मूल्योंके जो सबसे अधिक स्वीकार्यकर्ता हुए उन्हें भगवान या ईश्वरके रूपमें सम्मान दिया गया। इन्हीं मूल्योंके प्रतिप्रादक थे भगवान श्रीरामचन्द्र। रामका सारा जीवन संघर्षका पर्याय रहा, लेकिन कभी संघर्षोंकी वजहसे उन्होंने मानव मूल्यों यानी सद्गुणोंको नहीं छोड़ा। वहींपर रावणने सभी तरहके सद्गुणोंको छोड़ दिया और अमानवीय गुणोंको ही जिन्दगीका आधार बना लिया, जिससे वेदोंका ज्ञाता होते हुए भी सबके तिरस्कारकी वजह बना। राम-रावण युद्धकी वजह भी यही रहा। वैदिक संस्कृतिमें पग-पगपर मूल्योंकी वीथियाएं बनायी गयी हैं। वे वीथियाएं राम जैसे भगवत्ता प्राप्त यानी बारह कलाओंसे युक्त भगवान राम जैसे युग-पुरुषोंने बनायी थी। इसलिए राम आज भी जहां-जहां भी भारतीय संस्कृतिका वैभव यानी धन है वहां-वहां वे विराजमान हैं। क्योंकि संसारमें भले ही आज हिंसा चारों तरफ अपना दबदबा कायमकी हो, लेकिन अहिंसा, धर्म, प्रेम, धैर्य और न्याय हर किसीको चाहिए। राम मानव सभ्यता संस्कृतिके प्रेरक, आदर्श और नायक हैं। क्योंकि वे सबके लिए शुभ और शांतिके प्रेरक हैं। शुभ और अशुभ नामोंका स्मरण संत तुलसीदासकी दृष्टिमें जानना आवश्यक है। यह नाम और कर्मकी कैसी विलक्षणता है कि राम नामका ध्यानमें लाना शुभ और रावण नामका स्मरण अशुभ माना गया है। इसका मनोवैज्ञानिक कारण है। हम राम नामका स्मरण करते ही यह धारणा बना लेते हैं कि राम नामके केवल जपसे कल्याण हो जाता है। राम हमारी चेतनके अंग हैं। सत्य जहां भी होता है वहां आदर्श और नीति दोनों भी रहते हैं। और ये सब सद्गुणोंसे ही हासिल हो सकते हैं और मानव संस्कृति महानायक राममें ये सभी सद्गुण मौजूद हैं। विदेशी विद्वान् भी कहते हैं- राम हमारे लिए इसलिए भी पूज्य हैं, क्योंकि वे सभी तरहके सद्गुणोंसे युक्त हैं। तुलसी दास भी। कहते हैं-धीर बीर रघुबीर प्रिय सुमिरि समीर कुमारु। अगम सुगम सब काज करु करतल सिद्धि विचारु॥ राम धीर, वीर, गम्भीर प्रकृति वाले हैं। रामसे अतिशय प्रेम करने सच्चा रामानुरागी कभी युग-धर्मसे प्रभावित नहीं होता है। क्योंकि रामका जीवन चरित्र युग-धर्मकी द्वंद्वात्मक विश्रृखलाओंसे पूरी तरह रहित है। संत तुलसी दासने लिखा है- काल धर्म नाहिं व्यापहिं ताही, रघुपति चरन प्रीति अति जाही। मानसमें युगानुरूप धर्मके चार चरणोंका वर्णन किया गया है। वे हैं, सत्य, दया, तप और दान। इन चार चरणोंकी व्याख्या मानस मर्मज्ञ अपनी सुविधानुसार करते हैं। लेकिन मेरा चिन्तन कहता है कि ये मानवको सम्पूर्णता दिलाने वाले मूल्य हैं जिसकी जरूरत हर युगमें जन-जनको होती है। रामराजमें ये चारों चरण मौजूद थे। इसलिए रामराजको स्वर्गका राज कहा जाता है जहां निवास करनेके लिए देवता भी आतुर रहते हैं। वहींपर लंका सोनेकी होकर भी बनी न रह सकी। कारण धर्मके चारों चरणोंमें वहां कोई चरण मौजूद नहीं था।

मानसकी ये पंक्तियां, प्रकट चारि पद धर्मके कलि महुं एक प्रधान। जेन केन बिधि दीन्हे दान करइ कल्यान। वैदिक संस्कृतिमें चार पुरुषार्थ बताये गये हैं और इनमें पहला पुरुषार्थ धर्म है। राम उन असंख्य मानवोंमेंसे एक हैं, जिन्होंने धर्मका सम्यक् पालन किया। जिनका सारा जीवन ही धर्ममय है। मूल्य जिनके जीवनके आभूषण हैं। मानसकार कहते हैं-नर सहस्त्रमें सुनहु पुरारी, कोउ एक होइ धर्म व्रत धारी। मानव मनके आदर्श, मर्यादा, नियम और मूल्यसे आदर्शका निर्माण होता है और वह आदर्श रामकी जिन्दगीमें पग-पगपर देखा जा सकता है। दशहरा भारतीय समाजका ऐसा त्यौहार है जिसमें असत्यकी पराजय, दुष्ट प्रवृत्तियोंका पराभव और अहंकारका नाश होता है। मूल बात यह है कि अधर्म जहां भी दिखे उसके खात्मेके लिए बिना देर किये हर किसीको लग जाना चाहिए-रामने यही किया। राम सभी मूल्योंके उदगाता हैं इसलिए वह परमेश्वर हैं। मूल्योंसे रहित कोई भी व्यवहार, सम्बन्ध, भाव और मर्यादा निर्मित नहीं हो सकते हैं। दशहराके अवसरपर हम रावण परिवारके पुतलोंका ही दहन न करें, बल्कि रावणी प्रवृतियोंके खात्मेका संकल्प लें। तभी दशहरा मनानेका मकसद पूरा हो सकता है।

आत्मबोध

कुल्लू दशहरा

❑ भवान सिंह

हिमाचल प्रदेशकी सुरम्य वादियोंमें बसा कुल्लू केवल अपनी प्राकृतिक सुंदरताके लिए ही नहीं, बल्कि अपनी अनूठी सांस्कृतिक धरोहरके लिए भी दुनियाभरमें प्रसिद्ध है। अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहराकी विश्वमें पहचान है। जब बाकी जगहोंपर दशहरा खत्म होता है तो कुल्लूमें रघुनाथ जीकी रथयात्राके साथ कुल्लूका दशहरा शुरू होता है। इसमें कुल्लू घाटीके दूरदराज क्षेत्रोंसे आये देवी-देवता रघुनाथ जीकी रथयात्रामें शामिल होते हैं। पूरी वादीमें ढोल-नगाड़े और श्रीराम जीकी जय जयकारके उद्घोष सुनाई देते हैं। बड़ा जनसैलाब रघुनाथ जीकी रथयात्रामें शामिल होता है। कुल्लू दशहरामें आने वाले सभी देवी-देवता ढालपुर मैदान और आसपासके चिह्नित स्थानोंपर अस्थायी शिविरोंमें ठहराते हैं। सात दिनतक चलने वाले इस दशहरा उत्सवके दौरान भगवान रघुनाथ भी ढालपुरमें अस्थायी शिविरमें रहकर उत्सवको सुशोभित करते हैं। दशहरा मनाते हुए हमें इस महत्वपूर्ण तथ्यका बोध अवश्य होता है। हिमाचल प्रदेशके कुल्लू जिलामें मनाया जाने वाला दशहरा उत्सव न सिर्फ देशमें, बल्कि विदेशोंमें भी ख्याति प्राप्त है। कुल्लूका दशहरा सबसे अलग और अनोखे अन्दाजमें मनाया जाता है। यहां इस त्योहारको दशमी कहते हैं। आश्विन महीनेकी दशवीं तारीखको इसकी शुरुआत होती है। जब पूरे भारतमें विजयादशमीकी समाप्ति होती है, उस दिनसे कुल्लू घाटीमें इस उत्सवका रंग और भी अधिक बढ़ने लगता है। कुल्लू दशहराके लिए ३६९ साल पहले राजा जगत सिंहने देवताओंको बुलानेके लिए न्योता देनेकी परम्परा शुरू की थी, जो आज भी चली आ रही है। बिना न्योतेके देवता अपने मूल स्थानसे कदम नहीं उठाते। न्योतेपर करीब २०० किमी. तक पैदल यात्रा कर नदियों, जंगलों, पहाड़ोंसे होते हुए अट्ठारह करड़ूकी सोह ढालपुर पहुंचते हैं। सात दिनोंमें एक जगहपर तीन सौसे अधिक देवी-देवताओंके दर्शनके लिए लाखोंकी संख्यामें लोग, देशी-विदेशी पर्यटक, शोधार्थी हाजिरी भरते हैं। देवी हिडिंबाके बिना रघुनाथ जीकी रथयात्रा नहीं निकाली जाती है। दशहरेके आरंभमें सर्वप्रथम राजाओंके वंशजों द्वारा देवी हिडिंबाकी पूजा-अर्चना की जाती है तथा राजमहलसे रघुनाथ जीकी सवारी रथ मैदान ढालपुरकी ओर निकल पड़ती है। राजमहलसे रथ मैदानतककी शोभा यात्राका दृश्य अनुपम एवं मनमोहक होता है। इस स्थानपर जिलेके विभिन्न भागोंसे आये देवी-देवता एकत्रित होते हैं। दशहरेके छठे दिन सभी देवी-देवता रघुनाथ जीके शिविरमें शीश नवाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हैं। देवी-देवताओंकी पालकियोंके साथ ग्रामवासी वाद्य यंत्र बजाते हुए चलते हैं। ब्यास नदीके तटपर एकत्रित घास एवं लकड़ियोंको आग लगानेके पश्चात पांच बलियां दी जाती हैं तथा रथको पुनः खींचकर रथ मैदानतक लाया जाता है। इसीके साथ लंका दहनकी समाप्ति हो जाती है तथा रघुनाथ जीकी पालकीको वापस मंदिर लाया जाता है। देवी-देवता भी अपने-अपने गांवके लिए प्रस्थान करते हैं।

बुराइयां मिटानेसे ही सार्थक होगी विजयदशमी

❑ योगेश कुमार गोयल

धार्मिक मान्यताओंके अनुसार विजयादशमी वह दिन है, जब भगवान श्रीरामने लंकापति रावणका वध कर सत्य और धर्मकी विजय स्थापित की थी और जब आदि शक्ति दुर्गाने महिषासुर जैसे महाबलशाली असुरका संहार कर धरती और देवताओंको उसके अत्याचारोंसे मुक्त किया था। यही कारण है कि इसे बुराईपर अच्छाईकी जीतका पर्व कहा जाता है। दशहरा शब्द स्वयं अपने भीतर गहन प्रतीकवाद समेटे हुए है। 'दश' का अर्थ है दस और 'हरा' का अर्थ है हर लेना, नष्ट करना या दूर करना। इस दृष्टिसे दशहराका अर्थ हुआ, मनुष्यके भीतर मौजूद दस प्रमुख अवगुणों जैसे काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या, आलस्य, असत्य, अन्याय और हिंसाको नष्ट करनेका संकल्प लेना। विजयादशमीको इतिहासमें भी शुभारंभ और विजयके प्रतीक पर्वके रूपमें माना जाता रहा है। कई प्राचीन राजाओं और क्षत्रियोंने युद्ध या किसी विशेष अभियानपर निकलनेके लिए इसी दिनको चुना, क्योंकि यह दिन विजयके लिए प्रस्थानका प्रतीक है। भगवान श्रीराम द्वारा समुद्र तटपर शारदीय नवरात्रिकी पूजाका प्रारम्भ और उसके बाद लंकापर चढ़ाईका ऐतिहासिक प्रसंग भी इसी परम्परासे जुड़ा है। नवरात्र और विजयादशमीका गहरा संबंध है। नवरात्रके नौ दिन शक्तिकी उपासनाके लिए माने जाते हैं। देवीके नौ रूपोंकी पूजाके माध्यमसे भक्त अपने भीतर शक्ति और साहसका संचार करते हैं और दसवें दिन यानी दशमीको विजयका प्रतीक मानते हैं। नवरात्रके दौरान शक्तिकी उपासनाका एक व्यापक सामाजिक और दार्शनिक महत्व है। यह समाजमें स्त्री शक्तिके प्रति सम्मान और आदरका संदेश है। दशहरेका वास्तविक संदेश तभी साकार होगा, जब हम समाजमें प्रत्येक नारीको गरिमा, शिक्षा, स्वतंत्रता और सम्मानका अधिकार देंगे। दशहरेका सांस्कृतिक और सामाजिक स्वरूप भी अत्यन्त जीवंत है। उत्तर भारतमें इस दिन रावण, मेघनाद और कुम्भकर्णके विशाल पुतले बनाये जाते हैं और शामको उनका दहन किया जाता है। हजारों लोग एकत्रित होकर इस आयोजनको देखते हैं और आतिशबाजीके बीच रावणके पुतलेके जलनेका दृश्य सामूहिक रूपसे बुराईपर अच्छाईकी जीतका प्रतीक बन जाता है। यह दृश्य न केवल धार्मिक भावनाओंसे जुड़ा है, बल्कि सामुदायिक एकता और लोक परम्पराओंका भी अद्भुत उदाहरण है। बंगाल और पूर्वी भारतमें दुर्गा पूजाका भव्य आयोजन इसी कालमें सम्पन्न होता है। दुर्गा प्रतिमाओंकी स्थापना, पूजा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और फिर विसर्जन, ये सब इस पर्वके सामाजिक और सांस्कृतिक आयामको और समृद्ध करते हैं। यह पर्व भारतीय संस्कृतिकी विविधतामें एकताका सशक्त प्रतीक है। लोकमान्यताओं और ग्रामीण परम्पराओंमें तो दशहरेका विशेष स्थान है। कई क्षेत्रोंमें दशहरेके दिन घरों और खेतोंमें बोये गये जौको काटकर 'ज्वारे' के रूपमें पूजा जाता है। इन्हें स्त्रीके गर्भ और उसकी संतानका प्रतीक माना जाता है। बहनें अपने भाइयोंके सिरपर ज्वारे रखती हैं और भाई बहनोंको उपहार देते हैं। यह परम्परा भाई-बहनके पवित्र संबंधको और अधिक मजबूत करनेका संदेश देती है। इस पर्वमें पारिवारिक, सामाजिक और भावनात्मक संबंधोंकी यह गहराई भारतीय जीवन मूल्योंकी विशेषता है।

पौराणिक दृष्टिसे देखें तो दशहरा केवल रावण-वधतक सीमित नहीं है। महिषासुर मर्दिनीकी कथा भी इसी दिनसे जुड़ी है। जब महिषासुरके आतंकसे देवता और मनुष्य सभी पीड़ित हो उठे थे, तब देवी दुर्गाने नौ दिनोंतक उससे युद्ध किया और दसवें दिन उसका वध किया। यह घटना शक्ति और साहसके महत्वको उजागर करती है। यह बताती है कि जब बुराई और अन्याय अपने चरमपर पहुंच जाते हैं, तब शक्तिका स्वरूप धारण कर ही उनका अंत किया जा सकता है। महिषासुर वधकी कथा स्त्री शक्तिकी सर्वोच्च अभिव्यक्ति है, जो हमें सिखाती है कि प्रत्येक व्यक्तिमें यह शक्ति निहित है कि वह अन्याय और अत्याचारका सामना कर सके। दशहरेका वास्तविक महत्व आत्मचिंतन और आत्मसुधारमें निहित है। यह पर्व केवल रावणके पुतले जलानेका उत्सव नहीं है, बल्कि हमें यह सोचनेपर विवश करता है कि हमारे भीतर कौन-कौनसे रावण अब भी जीवित हैं। अहंकार, क्रोध, लोभ, ईर्ष्या, स्वार्थ, असत्य, ये सब रावणके ही विभिन्न रूप हैं। यदि हम हर दशहरेपर यह संकल्प लें कि कमसे कम अपनी एक बुराईको समाप्त करेंगे तो धीरे-धीरे हम अपने भीतरके रावणका अंत कर पायंगे। यही इस पर्वकी सच्ची साधना और सार्थकता है।

आजके समयमें जब समाजमें हिंसा, असमानता, भ्रष्टाचार, शोषण और अन्याय जैसी समस्याएं व्याप्त हैं, तब दशहरेका महत्व और बढ़ जाता है। यह पर्व हमें प्रेरित करता है कि हम सामूहिक रूपसे भी इन बुराईयोंके विरुद्ध खड़े हों। जिस प्रकार भगवान रामने रावणका अंत कर धर्म और सत्यकी स्थापना की, उसी प्रकार हमें भी अन्याय और भ्रष्टाचारके विरुद्ध संघर्ष करना होगा। जिस प्रकार माता दुर्गाने महिषासुरका वध किया, उसी प्रकार समाजकी स्त्रियोंको भी अपने अधिकारों और गरिमाकी रक्षाके लिए सशक्त और आत्मनिर्भर बनना होगा। दशहरा राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक अखंडताका प्रतीक है। भारत जैसे विशाल और विविधताओंसे भरे देशमें यह पर्व हमें जोड़ता है। चाहे उत्तरमें रामलीला और रावण-दहनकी परम्परा हो या पूर्वमें दुर्गा पूजा, पश्चिममें शस्त्र-पूजन हो या दक्षिणमें देवी विजयादशमी उत्सव, सबका उद्देश्य एक ही है, बुराईपर अच्छाईकी जीतका संदेश देना। यह पर्व हमें अहसास कराता है कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर कितनी समृद्ध है और हमारी परम्पराएं किस प्रकार हमें एक सूत्रमें बांधती हैं। दशहरेका सबसे बड़ा संदेश यही है कि धर्म, सत्य, न्याय और करुणाकी विजय निश्चित है। चाहे बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न लगे, अंततः अच्छाई ही विजयी होती है। यह पर्व हमें केवल उत्सवका आनन्द लेनेके लिए नहीं, बल्कि अपने जीवनको संवारने और समाजको बेहतर बनानेकी दिशामें कदम बढ़ानेके लिए प्रेरित करता है। सही मायनोंमें विजयादशमीका उत्सव तभी सार्थक है, जब हम अपने भीतरके रावणका वध कर सकें और अपने जीवनमें अच्छाई, सत्य और प्रेमको स्थान दे सकें। यही इस पर्वका वास्तविक और शाश्वत संदेश है, जो इसे सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और राष्ट्रीय एकताका पर्व बनाता है।

एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ने की एनएससी पर एचडीएफसी एफटीएसई इंडिया इक्विटी ईटीएफ की लिस्टिंग

मुंबई, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड के इन्वेस्टमेंट मैनेजर, एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने आज मुंबई स्थित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में आयोजित एक बेल-रिंगिंग(घंटी बजाने की) सेरेमनी के जरिए एनएससी पर एचडीएफसी एफटीएसई इंडिया इक्विटी ईटीएफ की लिस्टिंग की। इस समारोह में एचडीएफसी के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, श्री नवनीत मुनोट; एफटीएसई रसेल के एशिया प्रमुख, श्री निको बौले; और एनएससी के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, श्री आशीषकुमार चौहान शामिल हुए, जिन्होंने मुख्य भाषण दिए। एचडीएफसी एफटीएसई इंडिया इक्विटी ईटीएफ एक ओपन-एंडेड स्कीम है, जो एफटीएसइ इंडिया इक्विटी इंडेक्स को ट्रैक करती है। यह इंडेक्स भारत के इक्विटी बाजारों का व्यापक प्रतिनिधित्व करता है और इसमें एफटीएसई इंडिया ऑल कैप इंडेक्स के मार्केट कैपिटलाइजेशन का लगभग 90% हिस्सा शामिल है। यह ईटीएफ निवेशकों को एक विविध और नियमों पर आधारित निवेश दृष्टिकोण के माध्यम से भारत की दीर्घकालिक विकास यात्रा में शामिल होने का अवसर देता है। इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए, एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ,श्री नवनीत मुनोट ने कहा, पिछले एक दशक में भारत के पूंजी बाजारों में बड़ा बदलाव आया है। इसके पीछे आर्थिक औपचारिकीकरण, बाजार की गहराई में सुधार, विभिन्न क्षेत्रों की बढ़ती भागीदारी और निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी जैसे कारक रहे हैं। जैसे-जैसे इक्विटी बाजार में अवसर बढ़ रहे हैं, निवेशक ऐसे समाधान तलाश रहे हैं जो एक अनुशासित और पारदर्शी निवेश ढांचे के जरिए देश के विकास के मुख्य कारकों तक विविध पहुंच प्रदान करें। एचडीएफसी एफटीएसइ इंडिया इक्विटी ईटीएफ इसी जरूरत को पूरा करता है। यह एक नियमों पर आधारित इंडेक्स रणनीति के जरिए निवेशकों को भारत के लिस्टेड इक्विटी बाजार के व्यापक हिस्से तक पहुंच देता है, जिससे वे भारतीय अर्थव्यवस्था और पूंजी बाजारों के दीर्घकालिक विकास में भागीदार बन सकते हैं।



बढ़ रहा डिजिटल क्रेडिट सेवाओं का इस्तेमाल

ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान BNPL का विकल्प चुनना बेहद आम हो गया है। बिना किसी ब्याज के अभी खरीदें और बाद में चुकाएं का यह आकर्षक ऑफर पहली बार कर्ज लेने वालों और युवाओं को बहुत लुभाता है। ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान BNPL का विकल्प चुनना बेहद आम हो गया है। बिना किसी ब्याज के अभी खरीदें और बाद में चुकाएं का यह आकर्षक ऑफर पहली बार कर्ज लेने वालों और युवाओं को बहुत लुभाता है। मान लीजिए आपने BNPL के जरिये सिर्फ 1,000 रुपये की खरीदारी की और किसी वजह से समय पर भुगतान नहीं कर पाए। आपके लिए यह बहुत छोटी रकम है, लेकिन क्रेडिट ब्यूरो के लिए यह एक आधिकारिक डिफॉल्ट है। इसके विपरीत, होम लोन या कार लोन जैसी बड़ी ईएमआई में थोड़ी देरी का असर सिबिल स्कोर पर उतनी तेजी से नहीं पड़ता, क्योंकि ब्यूरो उसे सुरक्षित और दीर्घकालिक ऋण मानता है। पेनल्टी काफी ज्यादा होती है। यदि 1,000 रुपये के बकाया पर 300 रुपये लेट फीस लग जाए, तो यह मूल राशि का 30 प्रतिशततक बैठती है। सिर्फ सिबिल नहीं, बड़े लोन पर भी असर जेस्टमनी, लेजीपे और ईपेलेटर जैसी फिनटेक कंपनियां BNPLभुगतान न करने की रिपोर्ट क्रेडिट ब्यूरो को देती हैं। इसके बार-बार चूकने से यह संदेश जाता है कि ग्राहक वित्तीय रूप से अनुशासित नहीं है। यह भविष्य में बड़े लोन मिलने की संभावनाओं को कमजोर कर सकती है।

कम क्रेडिट ट्रांजैक्शन वाले लोगों का स्कोर BNPLडिफॉल्ट के कारण बहुत तेजी से गिरता है।

बचाव के लिए क्या करें?

BNPLभी एक कर्ज ही है। इसे हल्के में न लें। पेमेंट की समय सीमा बहुत कम होती है, इसलिए एप्स पर रिमाइंडर सेट करें या ऑटो-डेबिट का विकल्प चुनें। अपनी वित्तीय क्षमता को परख कर ही इसका उपयोग करें और समय-समय पर सिबिल स्कोर जांचते रहें।

पीएनजी ज्वेलर्स की और से सप्तम कलेक्शन के साथ दिवाली उत्सव की शुरुआत की

भारत के प्रतिष्ठित और भरोसेमंद आभूषण ब्रांडों में से एक पीएनजी ज्वेलर्स ने दिवाली के अवसर पर अपने विशेष अभियान की घोषणा की है । इस अभियान का मुख्य आकर्षण 'सप्तम कलेक्शन' है । इसके साथ ही ग्राहकों को सोने के आभूषणों की मेकिंग चार्जेस पर 50प्रतिशत तक और हीरे के आभूषणों की मेकिंग चार्जेस पर 100प्रतिशत तक की छूट मिलेगी । पुराने सोने के बदले नए आभूषण खरीदने पर प्रतिशत कटौती का लाभ भी मिलेगा । पीएनजी ज्वेलर्स के अध्यक्ष व व्यवस्थापकीय संचालक डॉ. सौरभ गाडगीळ ने कहा दिवाली भारत में सोने की खरीदारी के सबसे महत्वपूर्ण अवसरों में से एक है। इसका सांस्कृतिक महत्व होने के साथ-साथ इसे निवेश के नजरिए से भी देखा जाता है। हाल में सोने की कीमतों में आए सुधार के बाद ग्राहकों में खरीदारी को लेकर उत्साह दिखाई दे रहा है विशेषकर त्योहारों और आगामी विवाह समारोहों के लिए। सप्तम कलेक्शन के माध्यम से हम दिवाली से जुड़ी भावनाओं को खूबसूरत आभूषण डिजाइनों में प्रस्तुत कर रहे हैं. मेकिंग चार्जेस पर विशेष छूट और पुराने सोने के एक्सचेंज पर बिना किसी कटौती के लाभ से ग्राहकों को अपने बजट के अनुरूप पुराने आभूषणों को नए डिजाइनों से बदलने में मदद मिलेगी।नए डिजाइनों और पीढ़ियों से हमारे साथ जुड़े परिवारों के भरोसे के बल पर हम इस त्योहारी सीजन के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

फॉर्च्यून ने भव्य राजबाड़ी इंस्टॉलेशन फूड आर्ट और सामुदायिक पहलों के साथ मनाया दुर्गा पूजा का उत्सव

एडल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड ने अपने प्रमुख ब्रांड फॉर्च्यून के माध्यम से एक बार फिर दुर्गा पूजा के अवसर पर व्यापक अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और त्योहार की उमंग का जश्न मनाना है। फॉर्च्यून हर साल त्योहारों के दौरान उपभोक्ताओं से जुड़ने के लिए खास पहल करता है। इस वर्ष भी ब्रांड ने कोलकाता और पश्चिम बंगाल में कई आकर्षक गतिविधियों, उपभोक्ताओं से जुड़ने के कार्यक्रमों और सामुदायिक पहलों की शुरुआत की है।इस साल के उत्सव का प्रमुख आकर्षण देशप्रिय पार्क में बनाई गई भव्य राजबाड़ी शैली की कलाकृति है। इसके माध्यम से बंगाल के ऐतिहासिक और प्रतिष्ठित कुलीन परिवारों के पारंपरिक घरों यानी 'बोनेदी बाड़ी' की भव्यता को दर्शाया गया है। इस अनूठी स्थापत्य कलाकृति को तैयार करने में फॉर्च्यून के 3,000 से अधिक जार और उत्पाद पैक का इस्तेमाल किया गया है। विरासत को दर्शाने वाली इस पहल के साथ फॉर्च्यून ने अनूठी फूड आर्ट भी पेश की है। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए एडल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड के सेल्स एंड मार्केटिंग के संयुक्त अध्यक्ष मुकेश मिश्रा ने कहा, पश्चिम बंगाल फॉर्च्यून के लिए बेहद महत्वपूर्ण मार्केट है और हम पूरे राज्य में अपने उपभोक्ताओं से जुड़ने के सार्थक मौके तलाशते रहते हैं। दुर्गा पूजा जैसे पारंपरिक त्योहार हमें उपभोक्ताओं के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने का अनूठा अवसर देते हैं। पीढ़ियों से भोजन त्योहारों की परंपराओं, रीति-रिवाजों और सामूहिक अनुभवों का अभिन्न हिस्सा रहा है। देशप्रिय पार्क और बादामतला अशर संघ में अपनी पहलों के जरिए हमने कला के माध्यम से बंगाल की समृद्ध स्थापत्य विरासत और त्योहारों की परंपराओं को जीवंत करते हुए इस स्थायी संबंध का सम्मान करने का प्रयास किया है।

फोनपे ने अपने स्टॉक ब्रोकिंग प्लेटफ़ॉर्म को फोनपे इन्वेस्ट में अपग्रेड किया

फोनपे का बड़ा एक कदम! कंपनी ने अपने ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म शेयर.मार्किट का नाम बदलकर फोनपे इन्वेस्ट कर दिया है, ताकि यूज़र्स को एक ही भरोसेमंद ब्रांड नेम के साथ निवेश का एक बेहतर अनुभव मिल सके। शेयर.मार्किट अब फोनपे इन्वेस्ट हो गया है। इस बदलाव के साथ ही पेमेंट्स, लोन और इंश्योरेंस की तरह बेहतरीन रिसर्च-आधारित इन्वेस्टिंग सर्विस भी अब फोनपे के एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी। इसके ज़रिए निवेश अब फोनपे के करोड़ों यूज़र्स के लिए और भी आसान हो जाएगा, जिससे वेल्थ सर्विसेज एक बड़े वर्ग तक पहुँच सकेंगी। इस मौके पर फोनपे के फाउंडर और सीपीटीओ राहुल चारी ने कहा, फोनपे इन्वेस्ट का लॉन्च हमारी वेल्थ मैनेजमेंट सेवाओं को एक नए और बेहतर स्तर पर ले जाने वाला बड़ा कदम है। जैसे हम फोनपे की पहचान के साथ वेल्थ और ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म को एक साथ ला रहे हैं, फोनपे इन्वेस्ट ब्रांड सभी भारतीयों के लिए स्मार्ट इन्वेस्टिंग को सबके लिए आसान बनाने के हमारे मकसद को दिखाता है, ठीक वैसे ही जैसे हमने भारत के पेमेंट इकोसिस्टम को सबके लिए आसान बनाया है। हम ऐसे स्मार्ट प्रोडक्ट्स और टूल्स एक साथ ला रहे हैं, जिनकी मदद से निवेशक अपने पोर्टफोलियो बना सकेंगे, उनकी रिव्यु कर सकेंगे और उन्हें बेहतर बना सकेंगे। जैसे-जैसे भारत में ज़्यादा से ज़्यादा लोग अपनी वेल्थ क्रिएशन जर्नी शुरू कर रहे हैं, हमारा मकसद निवेश को आसान और ज़्यादा जानकारी वाला बनाना है, ताकि लोग अपने निवेश के फैसलों पर पूरा नियंत्रण रखते हुए भरोसे के साथ निवेश कर सकें।

पूर्वोत्तर रेलवे

शुद्धि पत्र संख्या-5

सन्दर्भः ई-निविदा सं.:
DYCE-CON-1-GKP-3-2026

उपरोक्त निविदा के अंतर्गत निम्नलिखित शुद्धि पत्र जारी किये जा रहे हैं। **क्रमांक-1** मद का नाम: बिड प्रारम्भ करने की तिथि, पूर्व में दिया गया मानक: 13-10-2026, संशोधित मानक: 03-11-2026, **क्रमांक-2** मद का नाम: निविदा समापन तिथि पूर्व मेंदिया गया मानक: 27-10-2026, 15:00 hrs, संशोधित मानक: 17-11-2026, 15:00 hrs, **क्रमांक-3** मद का नाम: निविदा बयाना राशि (इ.एम.डी.), पूर्व में दिया गया मानक: ₹ 1,00,00,000/- (एक करोड़ मात्र), संशोधित मानक: ₹ 7,03,79,600/- (सात करोड़ तीन लाख उनासी हजार छः सौ मात्र)
प्री-बिड प्रश्नों के उत्तर तथा पी.जी.एम.एस का संशोधित/पुनरीक्षित अनुरोध प्रस्ताव (RFP) निविदा प्रपत्र को IREPS पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। अन्य शर्तें संशोधित निविदा प्रप्रत्र के अनुसार लागू होंगी। इस शुद्धिपत्र से संबंधित विस्तृत जानकारी रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है।

उप मुख्य इंजीनियर/नि०-I/
मुजाधि/डब्लू-384 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। **क्र0 सं0: 1 ई-प्रापण निविदा संख्याः उप मु0 इ0-नि0-मुख्या0-गो र0-09-2026 कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के अन्तर्गत गोरखपुर छावनी - वाल्मीकिनगर दोहरीकरण परियोजना के अन्तर्गत पनियहवा अप से महत्वपूर्ण पुल सं. 50 (गण्डक नदी के दाहिने पहुँच छोर) पर एम्बैंकमेंट के निर्माण हेतु मिट्टी एवं सुरक्षा का कार्य। **अनुमानित निविदा मूल्य**: 880972355.96 **बयाना राशि (रु0)**: 17619500.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0)**: 0.00 **कार्य पूर्ण करने की अवधि**: 12 (बारह माह) ● बिड प्रारम्भ करने की तिथि: 27.10.2026 ● उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अंतिम तिथि: दिनांक 10.11.2026 को 15.00 बजे तक। ● उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि: दिनांक 10.11.2026 15:30 बजे। ● निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https:// ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

उप मुख्य इंजी./नि0/
मुजाधि/डब्लू-382 मुख्या0, गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो०नि०वि०, वाराणसी
(Email ID-secirclevaranasi@gmail.com)

पत्रांक—4911/183काम—वा0वृत्त/2026—27 दिनांक: 09.10.2026

ई—निविदा सूचना

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त लो0नि0वि0, वाराणसी उ0प्र0, के अन्तर्गत निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली में निम्न सारणी के कॉलम—11 के अनुसार मार्ग श्रेणी के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दरों में अधोलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत 5 वर्षीय अनुरक्षण सहित (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यकारी अधि. अभि0 कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
मा0 मुख्यमंत्री समग्र ग्राम विकास योजनान्तर्गत—(विधान सभा—चकिया) स्वीकृति की प्रत्याशा में—										
1	चन्दौली	मैनपुर मार्ग का नव निर्माण कार्य।	265.00	15.25	Rs. 2714.00 (Including GST)	10 माह	निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 चन्दौली	वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0 वाराणसी	वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0 वाराणसी	A

बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http://tender.up.nic.in पर दिनांक 21.10.2026 अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 28.10.2026 अपरान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 28.10.2026 को समय 12:00 बजे अपरान्ह तक अपलोड किये जा सकते है. इसकी तकनीकी बिड दिनांक 28.10.2026 को समय 12:30 बजे, कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी में ऑनलाइन खोली जायेगी।

निविदाएं प्रहरी साफ्टवेयर पर अपलोड की जायेगी तथा निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा, जिसका विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगाई गयी समस्त शर्तो/नियमों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जॉच कर ली गयी है, जो सही है।

(कृष्ण कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
चन्दौली

(प्रवीण कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0,
वाराणसी

उ.प्र.—258559, दिनांक—16.10.2026

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
शारदा सहायक खण्ड-36, जौनपुर

ई-टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यों की निविदा सूचना सं.:-04/अ.अ./2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाइन प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल एवं फाइनेंसियल बिड सिंचाई विभाग, उ0प्र0 में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती हैं। जिसकी प्री-क्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक-27.10.2026 को बाद दोपहर 02.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में गठित समिति के समक्ष आनलाइन खोली जायेगी एवं टेक्निकल बिड में सफल निविदा दाताओं की फाइनेन्शियल बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निर्धारित समिति के समक्ष आनलाइन खोली जायेगी। निविदा सम्बन्धी समस्त प्रपत्र दिनांक-21.10.2026 11.00 बजे से दिनांक 27.10.2026 को बाद दोपहर 01:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। कार्यालय बन्द होने, राजकीय अवकाश होने की दशा में अथवा सर्वर में परेशानी होने की दशा में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। आनलाइन निविदा के साथ सिंचाई विभाग की निर्धारित श्रेणी में वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र, जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्गत वैध चरित्र प्रमाण-पत्र (IDT-1),हैसियत प्रमाण-पत्र (IDT-2) एवं स्वघोषणा पत्र (IDT-3), श्रम विभाग द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाण पत्र, आयकर विभाग द्वारा निर्गत पैन नम्बर, जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र, व पैन कार्ड की प्रति आदि की स्पष्ट स्कैण्ड कापी अपलोड करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की दशा में निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। इस निविदा को पूर्ण या आंशिक रूप से बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। यह निविदा सूचना धनावंटन की प्रत्याशा में आमंत्रित की जा रही है। धनावंटन कम प्राप्त होने अथवा प्राप्त न होने की दशा में निविदा निरस्त की जा सकती है।

क्र. सं. / लाट नं0	कार्य का विवरण	कार्य की मात्रा	कार्य की अनुमानित लागत (लाख रु0 में)	बिड सिक्योरिटी (रु0 में)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी सहित+GST 18%	ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	सहना राजवाहा के किमी 0.000 से किमी0 7.200 तक स्कैपिंग का कार्य।	BOQ के अनुसार	3.27	6540.00	20 days	677.00	सी एवं उच्च
2	सौंगर राजवाहा के किमी0 0.00 से 16.200 तक स्कैपिंग का कार्य।	BOQ के अनुसार	8.37	16720.00	20 days	766.00	सी एवं उच्च
3	रामपुर राजवाहा के किमी0 0.000 से 6.900 तक स्कैपिंग का कार्य।	BOQ के अनुसार	3.50	6980.00	20 days	677.00	सी एवं उच्च
4	हुसेनाबदा राजवाहा के किमी0 0.00 से 11.100 तक स्कैपिंग का कार्य।	BOQ के अनुसार	5.57	11140.00	20 days	766.00	सी एवं उच्च
5	लालापुर राजवाहा के किमी0 0.000 से 18.300 तक स्कैपिंग का कार्य।	BOQ के अनुसार	10.63	21260.00	20 days	766.00	सी एवं उच्च
6	पखनपुर राजवाहा के किमी 0.000 से 10.300 तक स्कैपिंग का कार्य।	BOQ के अनुसार	4.55	9000.00	20 days	677.00	सी एवं उच्च
7	जमुनिया राजवाहा के किमी0 0.000 से 8.000 तक स्कैपिंग का कार्य।	BOQ के अनुसार	2.78	5560.00	20 days	677.00	सी एवं उच्च
8	शाहगंज राजवाहा प्रथम के किमी0 0.000 से 9.200 तक स्कैपिंग का कार्य।	BOQ के अनुसार	4.83	9660.00	20 days	677.00	सी एवं उच्च
9	शाहगंज बढ़ोत्तरी राजवाहा के किमी 0.000 से 6.900 तक स्कैपिंग का कार्य	BOQ के अनुसार	3.42	6840.00	20 days	677.00	सी एवं उच्च
10	पेसारा राजवाहा के किमी 0.000 से 5.200 तक स्कैपिंग का कार्य	BOQ के अनुसार	6.97	13940.00	20 days	766.00	सी एवं उच्च
11	पेसारा राजवाहा के किमी 5.200 से 17.000 तक स्कैपिंग का कार्य	BOQ के अनुसार	12.77	25540.00	20 days	766.00	सी एवं उच्च
12	पेसारा राजवाहा के किमी 17.020 से 25.400 तक स्कैपिंग का कार्य	BOQ के अनुसार	7.13	14260.00	20 days	766.00	सी एवं उच्च
13	अमुवारा राजवाहा के किमी 0.000 से 18.600 तक स्कैपिंग का कार्य	BOQ के अनुसार	8.20	16400.00	20 days	766.00	सी एवं उच्च
14	औड़िहार राजवाहा के किमी 0.000 से 19.000 तक स्कैपिंग का कार्य	BOQ के अनुसार	8.27	16540.00	20 days	766.00	सी एवं उच्च
15	पलिया राजवाहा के किमी 0.000 से 14.800 तक स्कैपिंग का कार्य	BOQ के अनुसार	7.40	14800.00	20 days	766.00	सी एवं उच्च
16	धरौली राजवाहा के किमी0 0.000 से 30.015 तक स्कैपिंग का कार्य	BOQ के अनुसार	12.06	24120.00	20 days	766.00	सी एवं उच्च
17	भीमपुर राजवाहा के किमी 0.000 से किमी0 26.439 तक स्कैपिंग का कार्य।	BOQ के अनुसार	10.76	21520.00	20 days	766.00	सी एवं उच्च

नोटः- यह निविदा/बिड सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट https://etender.up.nic.in/ सूचना विभाग की वेबसाइट https://information.up.nic.in/ तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट www.idup.gov.in पर भी उपलब्ध है।

उ.प्र.:- 258661
दिनांकः- 17.10.2026

अधिशासी अभियन्ता
शारदा सहायक खण्ड-36, जौनपुर

वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, मऊ

पत्रांक—2213/12ए ई—प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना दिनांक— 17.10.2026

ई—निविदा सूचना

1. इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई—टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनॉक 24.10.2026 से दिनॉक 31.10..2026 को दोपहर 12:00 बजे तक आनलाइन अपलोड की जा सकती है। दिनॉक 31.10.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे तकनीकी बिड आनला. इन खोली जायेगी। उक्त कार्यो के लिये लोक निर्माण विभाग में क्लास "ए, बी, सी एवं डी" (रोड सेफ्टी) श्रेणी में कार्य की प्रकृति के अनुरूप पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने योग्य होंगे।

2. कार्यों का विवरण

क्र. स0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की श्रेणी
1		3	4	5	6	7	8	9	10	11
रोड सेफ्टी के कार्य (स्वीकृति की प्रत्याशा में) (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)										
1	मऊ	बिन्द्रा बाजार चिरैयाकोट बेल्थरा मार्ग (एस.एच.-149) पर स्थित सेव लाईफ फाउ. डेसन द्वारा चिन्हित क्रिटिकल कैश प्रोन लोकेशन चुनी (चौराहा) पर सड़क सुरक्षात्मक व जंक्शन सुधार का कार्य।	6.80	0.68	855	3 माह	अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, मऊ	अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आजमगढ़ क्षेत्र, लो0नि0वि0, आजमगढ़	ए.बी.सी डी
2	मऊ	मऊ रानीपुर सुल्तानीपुर मार्ग (ओ.डी.आर) पर स्थित सेव लाईफ फाउ.डेसन द्वारा चिन्हित क्रिटिकल कैश प्रोन लोकेशन तेन्दुली चट्टी (चौराहा) पर सड़क सुरक्षात्मक व जंक्शन सुधार का कार्य।	5.00	0.50	855	3 माह	—तदैव—	तदैव	तदैव	ए.बी.सी डी
3	मऊ	गाजीपुर आजमगढ़ राज्य मार्ग (एस.एच.67) पर स्थित सेव लाईफ फाउ.डेसन द्वारा चिन्हित क्रिटिकल कैश प्रोन लोकेशन सरसेना (पासी बस्ती) पर सड़क सुरक्षात्मक कार्य।	4.90	0.49	767	3 माह	—तदैव—	तदैव	तदैव	ए.बी.सी डी
4	मऊ	गाजीपुर आजमगढ़ राज्य मार्ग (एस.एच.67) पर स्थित सेव लाईफ फाउ.डेसन द्वारा चिन्हित क्रिटिकल कैश प्रोन लोकेशन बख्तीयार चक, मीरनपुर पर सड़क सुरक्षात्मक कार्य।	6.40	0.64	855	3 माह	—तदैव—	तदैव	तदैव	ए.बी.सी डी
5	मऊ	लखनऊ बलिया राज्य मार्ग (एस.एच.34) पर स्थित सेव लाईफ फाउ.डेसन द्वारा चिन्हित क्रिटिकल क्रेश प्रोन लोकेशन इटौराबाद पर सड़क सुरक्षात्मक कार्य।	5.20	0.52	855	3 माह	—तदैव—	तदैव	तदैव	ए.बी.सी डी

प्रत्येक निविदा का शुल्क खाता UP e-tender online Account Government Internet Banking के द्वारा ही स्वीकार की जायेगी।

प्रत्येक निविदा सिक्योरिटी धनराशि खाता UP e-tender Online Account-Government के Internet Banking के द्वारा ही स्वीकार की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

इसकी तकनीकी बिड अंतिम तिथि 31.10.2026 को 12.00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

निविदा से संबंधित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है ।

उ.प्र.—258676
दिनांक—17.10.2026

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
मऊ

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

फार्मेट सी-1

(अभ्यर्थियों के लिए समाचार-पत्रों, टी.वी. में प्रकाशन हेतु)

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पताः **लाल बिहारी यादव और ग्राम विशुनपुर, पोस्ट कम्हरिया, थाना-तरवाँ, तहसील - मेंहनगर, जिला-आजमगढ़**

राजनैतिक दल का नामः **समाजवादी पार्टी**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नामः **उत्तर प्रदेश विधान परिषद के स्नातकों और शिक्षकों के निर्वाचन क्षेत्रों का द्विवार्षिक निर्वाचन**

*निर्वाचन क्षेत्र का नामः **वाराणसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र**

मैं **लाल बिहारी यादव** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता / करती हूँ:

क्र. सं.	लंबित आपराधिक मामले			आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण	
	न्यायालय का नाम	मामले की सं. एवं मामले की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की की धारा (ए) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण	न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों)की तारीख	अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण
1	2	3	4	5	6
1	कोई समन प्राप्त नहीं हैं	थाना-कैंट वाराणसी मु.अ. संख्या 275/25	धारा-196(1)ख, 197(1) ख BNS विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता का संप्रवर्तन	लागू नहीं	लागू नहीं
2	कोई समन प्राप्त नहीं हैं	थाना-कॉठ मुरादाबाद मु.अ. संख्या 213/22	धारा-153 A, 153 B,IPC राष्ट्रीय अखण्डता पर प्रभाव डालने वाले लांछन	लागू नहीं	लागू नहीं
3	कोई समन प्राप्त नहीं हैं।	थाना हजरतगंज लखनऊ मु.अ. संख्या 54/16	धारा-143, 188 341 IPC लोक सेवक द्वारा सम्यक रूप से प्रख्यापित आदेश की अवज्ञा	लागू नहीं	लागू नहीं
4	कोई समन प्राप्त नहीं हैं।	थाना-तरवाँ आजमगढ़ मु.अ. संख्या 101/15	धारा-186, 187, 189, 332 IPC , लोक सेवक को अपने कर्तव्य से भयोपरत करने के लिए स्वेच्छया उपहति कारित करना	लागू नहीं	लागू नहीं
5	कोई समन प्राप्त नहीं है।	थाना हजरतगंज लखनऊ मु.अ. संख्या 548/13	धारा 147, 336341, 188 332 IPC ऐसे कार्य जिसमें दूसरे का जीवन या वैयक्तिक क्षेय संकटापन्न हों	लागू नहीं	लागू नहीं
6	कोई समन प्राप्त नहीं हैं।	थाना हजरतगंज लखनऊ मु.अ. संख्या 120/09	धारा-148, 323,504,506,341, 153, 336, 427, 352, 332, 186, 188 IPC, 7LPA Act, 3PPAct ऐसे कार्य जिसमें दुसरे का जीवन या वैयक्तिक क्षेय संकटापन्न हों	लागू नहीं	लागू नहीं
7	C.J.M कोर्ट, लखनऊ	थाना हजरतगंज लखनऊ मु.अ. संख्या 1238/08	धारा-143, 188, 341, 353, 323, 504 IPC, 7LPA Act सरकारी कार्य में व्यवधान, गाली-गलौज जान से मारने की धमकी देने के संदर्भ में	लागू नहीं	लागू नहीं
8	कोई समन प्राप्त नहीं हैं।	थाना-तरवाँ, आजमगढ़ मु.अ. संख्या 441/06	धारा-323, 504, 506, 325, 427 IPC रास्ता बनने में विवाद होने के कारण गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के संदर्भ	लागू नहीं	लागू नहीं

*राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद् के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें। **विधान परिषद के निर्वाचन**






मां दुर्गा के जयकारे से गूंज उठे पंडाल

चंदौली। दुर्गा महोत्सव के तीसरे दिन सोमवार को दुर्गा पूजा पंडालों में दर्शन-पूजन हेतु भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का दर्शन किया। साथ ही भव्य आरती में भी शामिल हुए। इस दौरान भक्तों के जयकारे से पूजा पंडाल गूंज उठे। विदित हो कि शारदीय नवरात्र के नवमी के दिन सोमवार को माँ दुर्गा के पाठ के पश्चात लगातार नौ दिनों तक व्रत रहते हुए अनुष्ठान रखने वाले लोग हवन-पूजन के पश्चात अपने-अपने घरों में कुंवारी कन्याओं का पूजन अर्चन कर उन्हें खाना भी खिलाया। भारत में कुंवारी कन्याओं के पूजन-अर्चन का विधान है। नवरात्रि में अष्टमी और नवमी के दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व है। इन दिनों भक्त मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा करते हैं और छोटी कन्याओं को देवी का रूप मानकर उनकी पूजा करते हैं। घरों में हलवाए, पूरी और काले चने का प्रसाद बनाया जाता है। इसके बाद कन्याओं के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया जाता है। लेकिन कई बार लोगों को कन्या पूजन के लिए छोटी बच्चियां नहीं मिल पाती हैं। ऐसे में वे इस बात को लेकर परेशान रहते हैं कि आखिर कन्या पूजन कैसे करें और अगर नौ कन्याएं न मिलें तो क्या किया जा सकता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, छोटी कन्याएं मां दुर्गा का स्वरूप होती हैं, उन्हें भोजन कराने और उनकी पूजा करने से मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त होता है, इसी वजह से अष्टमी या नवमी पर कन्या पूजन किया जाता है, कन्या पूजन के दौरान नौ छोटी बच्चियों को भोजन कराने का विशेष महत्व है। शाम होते-होते पंडालों में भारी भीड़ नजर आयी। उधर, सुरक्षा व्यवस्था में लगी पुलिस फोर्स भीड़ को संभालने में व्यस्त दिखी। दर्शन पूजन के बाद भक्तों में मेले में लजीज व्यंजकों का लुत्फ उठाने के साथ ही खिलौने व घरेलू उपयोग के सामान की खरीदारी भी की। **चंदौली** नगर सहित पूरे जिले में नवरात्रि में दुर्गा पूजा महोत्सव की धूम रही। नगर के श्रीराम जानकी शिव मठ मंदिर, यंग ब्वाज क्लब गंगा रोड, सती माता मंदिर, महावीर मंदिर, बिछिया स्थित मां दुर्गा पूजा पंडाल सहित अन्य स्थानों दिन भर भक्तों की आवाजाही लगी रही, लेकिन शाम होते-होते भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। रात ढलने के साथ ही दर्शनार्थियों की भीड़ बढ़ती गई। दुर्गा पूजा पंडालों की भव्यता और खूबसूरती देखते ही बन रही थी। वहीं पूजा समितियों की ओर से पंडालों के आस पास रंग-बिरंगे विद्युत झालरों की आकर्षक सजावट बरबस ही लोगों को अपनी ओर खींच रही थी। दुर्गा पूजा महोत्सव के मद्देनजर पंडालों के आसपास खिलौने-गुब्बारे व खाने-पीने के सामान की अस्थायी दुकानें लगी रही। लोग मध्य रात्रि तक आते गए और पंडाल में मां दुर्गा के दर्शन करते रहे। यह सिलसिला अनवरत मध्य रात्रि तक जारी रहा। इस दौरान पूजा समितियों की ओर से प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई थी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल जगह-जगह तैनात रहा। वहीं पूजा समिति के स्वयंसेवी भी भीड़ को नियंत्रित करने के साथ ही दर्शनार्थियों की सेवा में पूरी शिद्दत के साथ जुटे रहें। **कमालपुर प्रतिनिधिनुसार**- स्थानीय क्षेत्र के गांवों में दुर्गा पूजा के अवसर पर भव्य पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है।आकर्षक ढंग से सजाए गए पंडाल में मां के दर्शन-पूजन के लिए शाम होते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। मां दुर्गा जी का दर्शन करने गांव के अलावा आस पास के विभिन्न गांवों से भी भारी संख्या संख्या में स्त्री पुरुष तथा बच्चें अपने अभिभावकों के साथ पहुंचकर लोग मां दुर्गा के दर्शन कर रहे हैं और पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा को आकर्षक सजावट, झालर और रंग-बिरंगी रोशनी से भव्य रूप दिया गया है। शाम के समय रोशनी से जगमगाता पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। कुछ स्थानों पर जागरण और भक्ति संगीत का भी आयोजन किया जा रहा है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। भक्ति गीतों की गूंज से श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं, पंडाल के पास लगे मेले में भी खूब चहल-पहल है।मेले में गोलगप्पे, छोला, जलेबी पूजा सामग्री, बादाम सहित अन्य खाद्य पदार्थों की दुकानें सजी हुई हैं। दर्शन-पूजन के बाद श्रद्धालु मेले में पहुंचकर विभिन्न व्यंजनों का स्वाद ले रहे हैं। छोटे बच्चों के साथ पहुंचे परिवार मेले का भरपूर आनंद उठा रहे हैं। मेले में लोगों की बढ़ती भीड़ से दुकानदार भी उत्साहित हैं। दुर्गा पूजा के चलते महुजी गांव में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। स्थानीय स्तर पर पुलिस प्रशासन पहुंच कर शांति प्रदान करने का काम कर रही है।श्रद्धालुओं की आवाजाही देर शाम तक जारी रहती है। पूरा क्षेत्र मां दुर्गा की भक्ति में सराबोर नजर आ रहा है।

ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो के नारे के साथ कांग्रेस का प्रदर्शन

धानापुर। कांग्रेस पार्टी के दर्जनो कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष सिराजुद्दीन भुट्टो के नेतृत्व में सोमवार को जुलूस निकालकर वोट चोर गद्दी छोड़ नारे के साथ चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन कर इस्तीफे की मांग की। इस अवसर कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने बीजेपी पर वोट चोरी कर सत्ता में आने का आरोप लगाया। और कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस लोकतंत्र बचाने को लड़ रही है। जुलूस ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय से जुलूस निकला,जो धानापुर कस्बे में नारेबाजी करते हुए शहीद पार्क पहुंचा। जिला अध्यक्ष अरुण द्विवेदी ने ज्ञानेश कुमार पर बीजेपी एजेंट होने का आरोप लगाते हुए उनके इस्तीफे तक आंदोलन जारी रखने को कहा। रामानंद यादव, सिराजुद्दीन भुट्टो, अरुण द्विवेदी, कुलदीप वर्मा, दिलीप यादव, गंगा राम, रामआधार यादव, दीनदयाल विश्वकर्मा, टी एन दिनकर, असगर अली, कृष्ण कुमार, बाबूलाल तिवारी, मुनीर खान, तरुण पाण्डेय, कमलेश कुमार, मुराहु राम समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

एमएलसी चुनाव को निष्पक्ष,मतदान कराने को लेकर प्रशासन सतर्क

चंदौली। उत्तर प्रदेश विधान परिषद वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए अपर जिलाधिकारी न्यायायिक रतन वर्मा की अध्यक्षता में आईटीआई कालेज रेवसा सभागार में ब्रिफिंग आयोजित हुई, जिला व पुलिस प्रशासन ने तैयारियां भी पूरी कर ली हैं। आगामी 23 अक्टूबर 2026 को होने वाले मतदान के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक समन्वय और जोनल व सेक्टर अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं। जिले के कुल 10 मतदान केंद्रों पर प्रात: 8: 00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक मतदान कराया जाएगा। इस निर्वाचन प्रक्रिया में ईवीएम का प्रयोग न होकर मतपत्र और मतपेटी का इस्तेमाल किया जाएगा। निष्पक्ष मतदान कराने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र मोहन गर्ग के निर्देशानुसार 05 जोन, 05 जोनल मजिस्ट्रेट और 10 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। इनके साथ जोनल व सेक्टर पुलिस अधिकारी भी लगातार भ्रमणशील रहेंगे। प्रत्येक मतदान केंद्र पर 1 उपनिरीक्षक, 04 मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 4 महिला आरक्षी तथा एक सेक्शन पीएसी का कड़ा पहरा रहेगा। मतदान केंद्र परिसर के भीतर एवं 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के प्रचार, अनधिकृत वाहनों के प्रवेश और भीड़-भाड़ पर पूर्ण रोक रहेगी। सुरक्षा जांच के दौरान स्याही, फाउंटेन पेन, पानी की बोतल या अन्य तरल पदार्थ ले जाने पर सख्त प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन द्वारा सभी ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को निर्देश दिया कि वे आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराएं, मतपत्रों व मतपेटी की सुरक्षा सुनिश्चित करें, और किसी भी प्रकार के आतिथ्य/प्रलोभन या संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल दंडात्मक कार्रवाई करें।

स्टेशन पर अवैध वेन्डरिंग का बदला प्रारूप

मुगलसराय। भारतीय रेल के सुप्रसिद्ध स्टेशनों में सुमार डीडीयू स्टेशन पर अवैध वैन्डरिंग का प्रारूप बदलने की चर्चाएं आम होती जा रही है। बताया जा रहा है कि विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर स्थित खान-पान के स्टाल व रेस्टूरेन्ट जहाँ वाणिज्य विभाग से सामानों की विक्री के लिए वेन्डरों का लाइसेंस लिया गया है। जबकि उससे अधिक गैर लाइसेंसी वेन्डर ट्रेनों में चाय व नास्ते बेचवाने का काम कराया जा रहा है। यह वेन्डर मात्र वर्दी पहने होते है, इनके वर्दी के पिछे किसी रेस्टूरेन्ट व स्टाल का नाम नहीं अंकित होता है, ना ही उनके वर्दी के आगे उनके नाम का बैच लगा होता है। बताया जाता है कि पूर्व में स्थानीय रेलवे स्टेशन पर अनाधिकृत रूप से खान पान बेचवाने का कार्य कुछ संगठित गिरोह के लोगों द्वारा कराया जाता रहा है। इस कार्य हेतु गिरोह के लोगों द्वारा स्टेशन के जिम्मेदारों को अच्छी खासी दान दक्षिणा भी चढ़ाई जाती रही है। अवैध वेन्डरिंग के खेल में कुछ नामचिन्ह लोगों के कूदने की सम्भावना पर स्टेशन के जिम्मेदारों के पेशानी पर बल पड़ने लगा। ऐसे में इस खेल में पहले से अंगद के पॉव कि तरह जड़ जमाए लोगों ने एक लाइसेंस पर कई अवैध वेन्डरों से कार्य कराने का फार्मूला तैयार कराया। वर्तमान में लोगों का कहना है कि जितने वैधधारी वेन्डर है उनसे कई गुना अवैध वेन्डर खान-पान आदि सामानों की विक्री करते स्पष्ट रूप से प्लेटफार्मों व ट्रेनों में देखे जा सकते है। लोगों ने मंडल रेल प्रबंधक का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया।



संक्षिप्त

नवरात्रि,दुर्गापूजा के दृष्टिगत पुलिस का सघन चेकिंग अभियान

चन्दौली। नवरात्रि व आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत यातायात को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु उच्चाधिकारीगण के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात कृष्ण मुरारी शर्मा के कुशल पर्यवेक्षण व मार्गदर्शन में यातायात व जनपदीय पुलिस द्वारा जनपद में व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। 17 व 18 अक्टूबर को यातायात पुलिस एवं जनपदीय पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा विभिन्न चौराहों व प्रमुख मार्गों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। पुलिस समस्त वाहन चालकों एवं आम जनमानस से अपील करती है कि सड़क सुरक्षा नियमों का पूर्णतया पालन करें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं तथा नशे की हालत में वाहन न चलाएं। सुरक्षित यात्रा ही आपके और आपके परिवार के जीवन की सुरक्षा की कुंजी है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कानूनी कार्यवाही जारी रहेगी।

एयर-शो को लेकर वायुसेना विमानों का रिहर्सल शुरू

पड़ाव। क्षेत्र में प्रस्तावित एयर शो को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। सोमवार सुबह करीब 10 बजे से एयरफोर्स के विमानों का रिहर्सल शुरू हुआ। आसमान में विमानों की तेज गर्जना और उनकी ऊंची उड़ानों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। विमानों को आसमान में करतब दिखाते देख लोगों में खासा उत्साह और उत्सुकता देखने को मिली। एयर शो के रिहर्सल के दौरान वाराणसी से लेकर चंदौली के पड़ाव, बहादुरपुर और गाजीपुर तक आसमान में विमानों की आवाज गूंजती रही। विमानों की तेज आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर निकलकर आसमान की ओर निहारते नजर आए। कई लोग इस रोमांचक नजारे को अपने मोबाइल फोन में कैद करते दिखे। आसमान में विमानों की ऊंची उड़ान और उनकी गतिविधियों ने आगामी एयर शो को लेकर लोगों की उत्सुकता और बढ़ा दी है।

चकिया में ६२ फीट का रावण जलने को तैयार

चकिया। विजयदशमी के अवसर पर चकिया स्थित काली मंदिर परिसर में 62 फीट ऊंचे रावण के प्रतीकात्मक पुतले का दहन किया जाएगा। इसके लिए प्रखंड रामलीला समिति पचवनिया और सहदुल्लापुर दुर्गा पूजा समिति के संयुक्त संयोजन में रावण का पुतला तैयार किया जा रहा है। विजयदशमी पर होने वाले रावण दहन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। 62 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में लोगों के बीच उत्साह का माहौल है। समिति के अध्यक्ष दीपक चौहान ने इसकी जानकारी दी।

कन्या पूजन कर चेयरमैन ने मांगी नगर की खुशहाली

चकिया। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर नगर पंचायत चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव ने हवन-पूजन कर मां दुर्गा की आराधना की। इस दौरान उन्होंने नौ कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर उन्हें देवी स्वरूप मानते



हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव ने मां दुर्गा से नगर पंचायत चकिया सहित पूरे क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की। उन्होंने नगरवासियों के अच्छे स्वास्थ्य, परिवारों की खुशहाली और सभी के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। नवरात्रि के अवसर पर आयोजित पूजन के माध्यम से उन्होंने भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

डीआएम ने निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं का लिया जायजा

मुगलसराय। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने गया जंक्शन का निरीक्षण कर साफ-सफाई, निर्माण कार्यों, प्रतीक्षालयों तथा यात्री आवागमन से संबंधित व्यवस्थाओं सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने जारी पर्व-त्योहारों और इस दौरान समय-समय पर यात्री संख्या में संभावित बढ़ोतरी के प्रति सजग रहते हुए यात्रियों की सुविधा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन परिसर में साफ-सफाई की स्थिति, प्रगतिरत निर्माण कार्यों, प्रतीक्षालयों में उपलब्ध सुविधाओं तथा यात्रियों के आगमन एवं प्रस्थान से जुड़ी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने महाबोधि एक्सप्रेस के प्रस्थान के दौरान यात्रियों के आवागमन, ट्रेन में चढ़ने-उतरने तथा प्रस्थान से संबंधित व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। मंडल रेल प्रबंधक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष सतर्कता बरतने, यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता देने तथा स्टेशन परिसर में सुव्यवस्थित एवं सुगम आवागमन बनाए रखने के निर्देश दिए।

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक

चन्दौली। उ०प्र० शासन की मंशा के अनुरुप शिमशन शक्ति फेज 6.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों द्वारा बाजारों, ग्रामीण क्षेत्रों व अन्य स्थानों पर महिलाओ/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के संबंध में संचालित योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेन्टर, 181 महिला हेल्पलाइन, पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला योजना, प्रदेश में स्थापित महिला शरणालय, शक्ति सदन व सखी निवास योजनाओं के बारे में बताया गया। साथ ही महिलाओं व बालिकाओं को संरक्षण प्रदान करने वाले प्रमुख कानूनों यथा घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारणए प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013, दहेज निषेध अधिनियम, 1961 (संशांधित 1986) तथा गर्भधारण पूर्व और प्रसवपूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम, 1994 के प्रमुख प्रावधानों के बारे में आमजन को जागरूक किया गया। इन अभियानों के माध्यम से महिला एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। द्वितीय चरण के दौरान साइबर सुरक्षा जागरूकता पर भी विशेष बल दिया जाएगा।

सीबीएसई नेशनल अथलेटिक्स मीट में जैपुरिया पड़ाव की दमदार दस्तक

दुलहीपुर। सेठ एम.आर. जैपुरिया स्कूल्स बनारस की पड़ाव शाखा के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सीबीएसई नेशनल एथलेटिक्स मीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। पंजाब विश्वविद्यालय, पटियाला के स्टेडियम में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और खेल भावना का शानदार परिचय दिया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र विष्णु दयाल ने अंडर-14 आयु वर्ग की शॉटपुट स्पर्धा में रजत पदक जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। वही, अंडर-17 बालक वर्ग की 4*400 मीटर रिले रेस में विद्यालय की टीम ने भी कांस्य पदक हासिल कर अपनी उपलब्धियों में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ा। रिले रेस में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों में देवांश प्रताप सिंह (कक्षा 11) आदित्य कुमार सिंह (कक्षा 12) तनिष्क सिंह (कक्षा 10) अंश (कक्षा 8) और आनंदपाल (कक्षा 8) शामिल रहे। इन खिलाड़ियों ने सामूहिक तालमेल, गति और समर्पण के साथ प्रतियोगिता में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। टीम के सभी सदस्यों के प्रयासों ने विद्यालय की खेल उपलब्धियों को नई ऊँचाई प्रदान की। पंजाब विश्वविद्यालय, पटियाला के स्टेडियम में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के 28 राज्यों से आए लगभग 4,500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। साथ ही विभिन्न खाड़ी देशों यथा बहरीन, दोहा (कतर), दुबई, सऊदी अरब, कुवैत और ओमान सहित विभिन्न देशों के सीबीएसई से संबद्ध अंतरराष्ट्रीय विद्यालयों के लगभग 850 खिलाड़ियों ने भी इसमें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कुल 74 स्पर्धाएँ आयोजित की गईं, जिनमें खिलाड़ियों ने अपनी खेल क्षमता, दृढ़ संकल्प और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का परिचय दिया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार बजाज ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, ‘राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हमारे विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन अत्यंत गर्व और प्रसन्नता का विषय है। खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, धैर्य और टीम भावना विकसित करने का सशक्त साधन हैं।



ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

चंदौली। नियामताबाद क्षेत्र में बरहुली गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा गिरा। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तुरंत घायल बाइक सवार को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। ग्रामीणों ने अलीनगर पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने हादसे वाले ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेकर थाने पहुंचा दिया है। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है और मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

रामलीला में लक्ष्मण शक्ति का मंचन

कमालपुर। कस्बा के रामलीला प्रांगण में बीती रात भरत-हनुमान मिलन के साथ मेघनाथ और लक्ष्मण के भयंकर का मंचन किया गया। लक्ष्मण और मेघनाथ के बीच भयंकर युद्ध हुआ। मेघनाथ ने कपट का सहारा लेकर लक्ष्मण जी पर आमोद शक्ति बाढ़ का प्रहार कर दिया, जिससे वह अचेत होकर भूमि पर गिर पड़े। अनुज की यह दशा देख प्रभु श्री राम विलाप करते हुए बोले। हे मेरे प्रिय भाई लक्ष्मण,पंख बिना पक्षी और मणि बिना सांप दीन हो जाता है ठीक उसी तरह तुम्हारे बिना मेरा जीवन है। लंका से आए सुखेन वैद्य ने बताया कि सूर्य उगने से पहले संजीवनी बूटी लाकर पिलाने से जीवित हो सकते हैं। हनुमान जी तुरंत द्रोणागिरी पर्वत लेने उड़ चले। संजीवनी पर्वत लेकर लौटते समय जब हनुमान जी अयोध्या के ऊपर से गुजरे तो भरत जी ने उन्हें कोई मायावी राक्षक समझकर बिना फल का वाण मार दिया। बाढ़ लगते ही हनुमान जी,हां राम हां,लक्ष्मण! पुकारते हुए नीचे गिर गए। राम नाम सुनते ही भरत जी व्याकुल होकर दौड़े और हनुमान जी को गोद में उठा लिया। भरत की रोते हुए कहा तात को तुम, कहां से आए हो और मेरे प्राण श्री राम का नाम क्यों ले रहे हो। हनुमान जी ने रोते हुए सारी बातें बताई। भरत जी व्याकुल होकर कहा मेरे कारण मेरे भाई राम को यह दुरूख झेलना पड़ रहा है, हमारे जीवन को धिक्कार है। हे भाई हनुमान तुम तुरंत जाओ और मेरे भाई के प्राणों की रक्षा करो। सुषेण वैद्य ने दवा तैयार कर लक्ष्मण जी के प्राणों रक्षा की। लक्ष्मण जी के उठते ही पूरा पंडाल जय श्री राम, जय हनुमान के जयकारों से प्रांगण गूंज उठा। इस मौके पर अध्यक्ष हरिवंश उपाध्याय, संजीवन मिश्रा, बसंत मिश्रा, रविंद्र नाथ दुबे, संजय मिश्रा, गणेश अग्रहरि, जयकृष्ण रस्तोगी ,ओमकार रस्तोगी,विकास गुप्ता, आदि भारी संख्या में भीड़ रही।



रेलवे स्टेशन ओवरब्रिज पर हादसे में बाइक सवार की मौत

चंदौली। चंदौली मझवार रेलवे स्टेशन के नवनिर्मित ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद दोनों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरे युवक का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। घटना की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। बताते हैं कि फगुईया गांव निवासी जितेंद्र गुप्ता के पुत्र प्रवीण कुमार गुप्ता उर्फ शिव 19 और अनिल गुप्ता के पुत्र अनुराग गुप्ता 18 बाइक से वाराणसी दुर्गा पूजा देखने जा रहे थे। इसी दौरान चंदौली मझवार स्टेशन के नवनिर्मित ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित हो गई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां शिव कुमार गुप्ता ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं अनुराग गुप्ता का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। त्योहार के दौरान शिव कुमार की मौत की खबर जैसे ही परिजनों तक पहुंची परिवार में चींख-पुकार मच गई। गांव में भी मातम का माहौल छा गया। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही शिव कुमार के शव को घर ले गए।

नवमी को देवी स्वरूप कन्याओं को श्रद्धा के साथ पूजा

पड़ाव। 20 अक्टूबर शारदीय नवरात्र नवमी के अवसर पर पूज्य माँ श्री सर्वेश्वरी सेवा संघ जलिलपुर पड़ाव के आश्रम प्रांगण मे हवन-पूजन, कन्या-पूजन एवं भंडारे का कार्यक्रम पूज्य बाबा अनिलराम के सानिध्य मे बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से एडवोकेट बी एन सिंह, डा पी के सिंह, डा राजेश चौहान, प्रशांत तिवारी, डा अशोक मिश्रा, एड० अनिल सिंह, आशा दुबे एवं अघोरेश्वर गुरुकुल के बच्चे व शिक्षक गण उपस्थित थे। शारदीय नवरात्रि की महानवमी पर जनपद में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर घर-घर बेटियों को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन किया गया। सुबह से ही घरों में पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला शुरू हो गया। विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करने के बाद लोगों ने कन्या पूजन कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कन्या पूजन को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। घरों में छोटी-छोटी बच्चियों को आमंत्रित कर उनके पैर धोए गए और तिलक लगाकर विधिवत पूजा की गई। इसके बाद उन्हें भोजन कराया गया तथा दक्षिणा और उपहार भेंट किए गए। कई घरों में कन्याओं को चुनरी, कपड़े, मिठाई और अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया। महा नवमी पर कन्या पूजन के लिए लोगों का एक-दूसरे के घर आने-जाने का सिलसिला भी जारी रहा। कन्याओं को सम्मानपूर्वक अपने घर बुलाने और उनका पूजन करने के लिए परिवारों में विशेष तैयारी की गई थी। वहीं घरों में पूजा-पाठ और धार्मिक वातावरण के बीच छोटे बच्चों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। मान्यता है कि नवरात्र में कन्या पूजन करने से मां दुर्गा की कृपा प्राप्त होती है।



कन्या-पूजन कर माता रानी को किया गया प्रसन्न

सेवा भारती ने कन्या पूजन कार्यक्रम का किया आयोजन, शीतला धाम चौकियां में धूमधाम से मना नवमी पर्व, मां को लगा ५६ भोग

जौनपुर। जौनपुर। शारदीय नवरात्र की नवमी पर शीतला धाम चौकियां मंदिर में



महंत विवेकानंद पंडा जी महाराज ने मां शीतला की भव्य आरती कर 56 प्रकार का भोग लगाया और श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया। मंदिर परिसर व आसपास की दुकानों पर नौ कन्याओं का पूजन कर भक्तों ने उनके चरण स्पर्श किए और आशीर्वाद लिया। दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। चौकी इंचार्ज राम सकल यादव के नेतृत्व में पुलिस बल ने सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए नवरात्र पर्व को सकुशल संपन्न कराया। इस पर पंडा परिवार की ओर से मंदिर अध्यक्ष विकास पांडा, प्रबंधक अजय कुमार पांडा सहित चंद्रदेव, अरुण, विजय, सोनू, सौरव और अभिषेक पांडा समेत समस्त पंडा परिवार ने पुलिस प्रशासन का आभार जताया। इसीक्रम में शारदीय नवरात्रि महापर्व के पावन अवसर पर सेवा भारती द्वारा अखड़ू घाट मंदिर, सेवा बस्ती जमैथा में कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। कार्यक्रम में कन्याओं का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर उन्हें उपहार भेंट किए गए तथा सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस आयोजन के माध्यम से नारी शक्ति के सम्मान, भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं तथा सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला संघचालक डॉ. सुभाष सिंह ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अत्यंत सरल एवं सहज भाषा में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का वर्णन किया। उन्होंने नवरात्रि पर्व की धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के विभिन्न रूपों से मिलने वाली प्रेरणा को समझाया। कार्यक्रम की संयोजिका एवं सेवा भारती की वैभव प्रमुख किरन सिंह ने कन्या पूजन कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाओं का कुशलतापूर्वक संयोजन एवं संपादन किया तथा भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रीति गुप्ता, सेवा भारती शिक्षा आयाम प्रमुख अर्चना सिंह, महिला प्रमुख द्वय स्वप्निल सिंह, सुचिता सिंह एवं श्री जी साहू सहित उपस्थित मातृशक्तियों ने कन्याओं का पूजन-अर्चन कर उन्हें उपहार भेंट किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन सेवा भारती के जिला महामंत्री देवेश गुप्ता ने किया, जबकि उपस्थित अतिथियों एवं जनसमूह के प्रति आभार जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में सेवा भारती के संरक्षक डॉ. विनोद कुमार, अनिल सिंह, नारायण चौरसिया, दिलीप सिंह, संतोष कुमार, ओमित साहू, ओ.पी. मौर्य, सुधीर कुमार सिंह, रामचंद्र मधुकर, राजेश कुमार, अजय उपाध्याय, निलेश सिंह, शशांक श्रीवास्तव, धर्मेंद्र निषाद सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। **बक्शा संवाददाता के अनुसार** :स्थानीय थाना क्षेत्र के सराय लोका बाजार स्थित प्रसिद्ध ऐतिहासिक एकता दुर्गा पूजा समिति के पंडाल में सोमवार को शारदीय नवरात्र की महानवमी श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पंडाल में मंत्रोच्चार, हवन, कन्या पूजन और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और मंगलमय जीवन की कामना की। महानवमी पर मां सिद्धिदात्री की आराधना का विशेष धार्मिक महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां सिद्धिदात्री अपने भक्तों को सिद्धि, आध्यात्मिक शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती हैं। नवरात्र के नौवें दिन देवी के इस स्वरूप की पूजा कर श्रद्धालु नौ दिनों की साधना को पूर्ण करते हैं। महानवमी के अवसर पर दुर्गा पूजा पंडाल में मां सिद्धिदात्री को हलवा, पूड़ी, चना, खीर, नारियल और मौसमी फलों का भोग अर्पित किया गया। इसके बाद कन्या पूजन की परंपरा श्रद्धा के साथ निभाई गई। **पवांरा संवाददाता के अनुसार:** शारदीय नवरात्र के नौंवे दिन शुक्रवार को घर-घर कन्याओं का पूजन किया गया। लोगों ने नवमी के मौके पर पूरी आस्था के साथ छोटी कन्याओं को अपने घर बुलाया और उनका पूजन किया। पैर धुलाकर देवी के छोटे स्वरुपों का तिलक किया गया और फिर उन्हे भोजन कराया गया। वहीं मन्दिरों में अन्तिम दिन माता रानी के दर्शन के लिए भक्तों की लम्बी लाइन लगी रही। वहीं न्याय पंचायत पवांरा अन्तर्गत सोंगरा में स्थित जय मां सोंगरावल देवी ग्राम विकास ट्रस्ट द्वारा सोमवार को सोंगरावल देवी मन्दिर में 251 छोटी कन्याओं का पूजन किया गया और पैर धुलाकर देवी के छोटे स्वरुपों का तिलक किया गया और फिर उन्हे भोजन कराया गया। कन्या रुपी मां के छोटे रुपों को भोजन कराने के बाद देवी के भक्तों ने उनके पैर छुए और फिर उन्हे दक्षिणा और सुन्दर उपहार देकर प्रसन्न किया।

ट्रेन से कटकर दिव्यांग की मौत

सिरकोनी। क्षेत्र के टकटकपुर गांव के पास वाराणसी रेलवे ट्रैक पर रविवार की देर शाम को ट्रेन से कटकर एक 38 वर्षीय दिव्यांग की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के कुतलुपुर गांव निवासी शिवकुमार चौहान पुत्र अमर सिंह चौहान देर शाम को लगभग सात बजे उक्त गांव के सामने वाराणसी की तरफ से आ रही मरुधर एक्सप्रेस से कट गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। थानाध्यक्ष कमलनयन दूबे ने बताया कि मृतक के छोटे भाई लालबहादुर चौहान की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सूरजकुंड जलाशय में पहली बार विसर्जित होंगी दुर्गा प्रतिमाएं-कपिल मुनि

मुंगराबादशाहपुर। स्थानीय नगर पालिका क्षेत्र के ऐतिहासिक सूरजकुंड जलाशय पर इस वर्ष पहली बार मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। इस अवसर पर जलाशय परिसर में भव्य जलसे का आयोजन भी होगा, जिसकी सभी तैयारियां नगर पालिका प्रशासन द्वारा अंतिम चरण में पहुंचा दी गई हैं। उक्त जानकारी नगर पालिका अध्यक्ष एवं दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष कपिल मुनि उमर वैश्य ने दी। उन्होंने बताया कि सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक चलने वाले विसर्जन में श्रद्धालुओं एवं पूजा समितियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। नगर पालिका परिषद द्वारा जलाशय परिसर और विसर्जन मार्ग पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, चूने के छिड़काव तथा सुरक्षा घेरे का विशेष प्रबंध किया गया है। दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष एवं चेयरमैन कपिल मुनि उमर वैश्य ने बताया कि यह पहला अवसर है जब सूरजकुंड जलाशय पर भी प्रतिमा विसर्जन का आयोजन इतने बड़े पैमाने पर होने जा रहा है। उन्होंने कहा श्रद्धालुओं की आस्था और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। विसर्जन के दौरान किसी भी व्यक्ति को कोई असुविधा न हो, इसके लिए मुकम्मल व्यवस्था की गई है। इस ऐतिहासिक पहल को लेकर नगरवासियों और दुर्गा पूजा समितियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। अधिशासी अधिकारी अखिलेश तिवारी ने बताया कि विसर्जन स्थल पर किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए गोताखोरों की तैनाती और सुरक्षा व्यवस्था के भी कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक उकनी गांव स्थित जलाशय पर जगत जननी मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विसर्जित किया जाता रहा। लेकिन इस बार



दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष एवं चेयरमैन कपिल मुनि उमर वैश्य के निर्देशन में उकनी गांव स्थित जलाशय के साथ ही नगर के भगत सिंह वार्ड में स्थित सूरजकुंड जलाशय पर भी दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जित किए जाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, इसके साथ ही उकनी गांव स्थित जलाशय पर भी दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जित किए जाने की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष एवं चेयरमैन कपिल मुनि उमर वैश्य ने बताया ताया कि नगर की प्रतिमाओं को सूरजकुंड जलाशय पर तथा आस-पास के गांवों की दुर्गा प्रतिमाएं उकनी गांव स्थित जलाशय पर सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक विसर्जित किए जाने की व्यवस्था की गई है।

एक नज़र इधर भी

नवरात्रि में महिलाओं, बालिकाओं को किया गया जागरूक

मुशीबत में शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नंबरों को उपयोग करने के विषय मे बताया

जौनपुर। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन हेतु संचालित मिशन शक्ति के अंतर्गत श्री मान पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति की प्रभारी उपनिरीक्षक पुष्पा भारती के नेतृत्व में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। मिशन शक्ति की टीम ने नवरात्रि मेले में चौकियां धाम और शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में आये हुए महिलाओं बालिकाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने तथा किसी भी तरह के उत्पीड़न या अपराध की जानकारी मिलने पर पुलिस को



सूचित करने की अपील की। पुलिसकर्मियों ने बताया कि किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर महिलाएं बिना घबराए पुलिस की सहायता ले सकती हैं। साथ ही महिला सुरक्षा से संबंधित पम्पलेट बाटा। बालिकाओं को गुडटच,और बैडटच के विषय मे बताते हुए शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनका आवश्यकता पड़ने पर उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने महिलाओं को वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और एंबुलेंस सेवा 108 के बारे में विस्तार से बताया। मिशन शक्ति टीम में उपनिरीक्षक पुष्पा भारती के साथ महिला कांस्टेबल आरती पांडेय, विमलेश, व हेड कॉन्स्टेबल शिवदान रहे।

घर में घुसकर मारपीट के मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

सुइथाकला। सरपतहां थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता मनीता प्रजापति पत्नी श्यामविहारी ने गांव के चार लोगों के खिलाफ पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के मुताबिक, 16 अक्टूबर की रात परिवार के सदस्य घर में सो रहे थे। इसी दौरान निकाई बिंद, अनुराग यादव पुत्र सुभाष, संगम और राम यादव पुत्र फूलचंद कथित रूप से लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आए। आरोप है कि विपक्षियों ने उसके पति श्यामविहारी के साथ गाली-गलौज करते हुए परिवार के लोगों की पिटाई की। पीड़िता ने अपने भाई रामकुमार प्रजापति पुत्र रामलखन के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि विपक्षी उस पर और उसके परिवार पर जमीन खाली करने का दबाव बना रहे हैं। आरोप है कि इससे पहले भी उसके और उसके पति के साथ तीन बार मारपीट की जा चुकी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

लक्ष्मण शक्ति से भावुक हुए दर्शक, संजीवनी लेकर पहुंचे हनुमान तो गूंजे जय श्रीराम के जयकारे



जौनपुर। हुसेनाबाद में आयोजित ऐतिहासिक रामलीला में अंगद-रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति और उसके निवारण के प्रसंगों का भावपूर्ण एवं सजीव मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने दमदार अभिनय से रामायण के इन महत्वपूर्ण प्रसंगों को जीवंत कर दिया। अंगद और रावण के बीच तीखे संवादों ने जहां दर्शकों में उत्सुकता पैदा की, वहीं युद्ध के दौरान लक्ष्मण के मूर्छित होने और उनके उपचार के लिए हनुमान के संजीवनी बूटी लाने के दृश्य ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया।

मंचन के दौरान पंडाल में जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। रामलीला के दौरान लंका में श्रीराम के दूत बनकर पहुंचे अंगद और रावण के बीच संवाद का प्रभावशाली मंचन किया गया। अंगद ने रावण को माता सीता को सम्मानपूर्वक श्रीराम को लौटाने और युद्ध का रास्ता छोड़ने की सलाह दी। उन्होंने रावण को उसकी शक्ति और अहंकार के परिणामों से आगाह करते हुए प्रभु श्रीराम की शक्ति का एहसास कराया। दूसरी ओर, रावण अपने अहंकार में चूर होकर अंगद की बात मानने को तैयार नहीं हुआ। दोनों के बीच हुए संवाद ने दर्शकों को रामायण के उस प्रसंग की याद दिलाई, जिसमें सत्य और धर्म के पक्ष में खड़े अंगद ने रावण की सभा में निर्भीकता का परिचय दिया था। इसके बाद राम-रावण युद्ध के दौरान लक्ष्मण शक्ति प्रसंग का मंचन हुआ। युद्ध में मेघनाद की शक्ति लगने से लक्ष्मण मूर्छित होकर भूमि पर गिर पड़े। लक्ष्मण की यह दशा देखकर श्रीराम व्याकुल हो उठे। भाई के प्रति उनका प्रेम और चिंता देखकर दर्शक भावुक हो गए। लक्ष्मण के प्राणों की रक्षा के लिए लंका से वैद्य सुषेण को लाने और उनके परामर्श पर संजीवनी बूटी की व्यवस्था करने का प्रसंग प्रस्तुत किया गया।

लक्ष्मण के उपचार के लिए हनुमान के संजीवनी बूटी लाने का दृश्य आकर्षण का केंद्र रहा। हनुमान के पराक्रम, समर्पण और सेवाभाव को कलाकारों ने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। संजीवनी मिलने के बाद लक्ष्मण के स्वस्थ होने पर रामलीला स्थल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कलाकारों के अभिनय, संवाद अदायगी और प्रसंगों की प्रस्तुति ने दर्शकों को देर तक बांधे रखा। राम की भूमिका दीपक श्रीवास्तव, लक्ष्मण की शिवा श्रीवास्तव, अंगद की गुंजन श्रीवास्तव, राजकुमार की अरविंद मिश्रा, रावण की अभिनव मिश्रा, हनुमान की मोलू सोनकर, विभीषण की अंकित रावत तथा सुषेण वैद्य की भूमिका चंदन गौड़ ने निभाई। सभी कलाकारों ने अपने अभिनय से रामलीला के प्रसंगों को प्रभावशाली बनाया। हुसेनाबाद की रामलीला की परंपरा वर्षों से क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान बनी हुई है। स्थानीय कलाकारों द्वारा रामायण के प्रसंगों का मंचन नई पीढ़ी को मर्यादा, त्याग, भक्ति, भाईचारे और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

नवरात्रि मेले को लेकर बदला रूट

शाहगंज। नवरात्रि, दशहरा और भरत मिलाप के पावन पर्व पर उमड़ने वाली भारी भीड़ के मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। स्थानीय कस्बों में लगने वाले मेलों और निकलने वाले जुलूसों के दौरान जाम की समस्या से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष रूट डायवर्जन लागू किया है। क्षेत्राधिकारी (सीओ) शाहगंज प्रतिमा वर्मा ने आम जनमानस से अपील की है कि वे पर्व के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन का पूरा सहयोग करें और तय किए गए वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें। जारी सूचना के अनुसार यह रूट डायवर्जन मंगलवार को दोपहर 12 बजे से रात 12 बजे तक तथा आगामी 21 अक्टूबर को शाम 6 बजे से 22 अक्टूबर की सुबह 10 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस अवधि में भारी व हल्के वाहनों के लिए नए मार्ग निर्धारित किए गए हैं।

ईंट-पत्थरों से युवक पर हमला, दो आरोपी गिरफ्तार

बरसठी। थाना क्षेत्र के तुलसीपुर गांव में पुराने विवाद को लेकर युवक पर चाकू, लाठी-डंडे और ईंट-पत्थरों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर



दिया गया, पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, गांव निवासी प्यारी देवी के अनुसार, रविवार शाम करीब 7:30 बजे उनके बड़े बेटे महेंद्र पटेल का धीरेंद्र तिवारी से विवाद हुआ था इसी रंजिश में वंशराज तिवारी, वंशबहादुर तिवारी, धीरेंद्र तिवारी और लकी तिवारी उनके घर पहुंचे और छोटे बेटे विनोद पटेल (35) पर हमला कर दिया। चाकू से पीठ और ईंट-पत्थरों से सिर पर वार किए गए,शोर सुनकर अवनीश पटेल, सूरज पटेल सहित ग्रामीणों ने बीच-बचाव किया,आरोपी धमकी देकर फरार हो गए,घायल विनोद को देर रात जिला अस्पताल से वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर किया गया, लेकिन परिजनों ने शिवपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया,जहां उसकी हालत फिलहाल सामान्य बताई जा रही है। पुलिस ने वंशराज और वंशबहादुर तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है तथा अन्य मारने वाले दो आरोपियों की तलाश जारी है।

राम वनगमन की लीला देख भावुक हुए दर्शक

सिकरारा। क्षेत्र के खानापट्टी गांव में आदर्श रामलीला समिति के तत्वावधान में रविवार की रात राम वनगमन लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। कैकेयी-मंथरा संवाद, दशरथ-कैकेयी के बीच करुण प्रसंग और राम-केवट संवाद ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कलाकारों के सजीव अभिनय और मार्मिक दृश्यों के दौरान रामलीला पंडाल में कभी सन्नाटा छाया तो कभी जय श्रीराम के जयकारे गूंज उठे। लीला का शुभारंभ राजमहल में कैकेयी और उसकी दासी मंथरा के संवाद से हुआ। मंथरा की भूमिका में गौरव सिंह ने अपने अभिनय से कैकेयी को भरत के राजतिलक और राम को वनवास दिलाने के लिए उकसाने का दृश्य जीवंत कर दिया। वहीं, कैकेयी बने हर्षित सिंह ने कोप भवन में जाकर राजा दशरथ से अपनी मांग मनवाने



की जिद का प्रभावशाली अभिनय किया। कैकेयी के इस व्यवहार को देखकर दर्शकों में आक्रोश का भाव दिखाई दिया। इसके बाद दशरथ-कैकेयी संवाद का मंचन हुआ। राजा दशरथ की भूमिका निभा रहे सुनील सिंह ने पुत्र राम को वनवास भेजने की बात सुनकर व्याकुल पिता की पीड़ा को अपने अभिनय के माध्यम से बखूबी प्रस्तुत किया। पुत्र वियोग की आशंका और कैकेयी की हठ के बीच दशरथ का विलाप देखकर पंडाल में मौजूद दर्शक भावुक हो उठे। दर्शकों ने तालियों और जय श्रीराम के जयकारों से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। अंत में केवट द्वारा भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण को नाव से गंगा पार कराने के दृश्य के साथ लीला का समापन हुआ। पूरी प्रस्तुति में कलाकारों ने रामकथा के आदर्शों, पारिवारिक संबंधों, त्याग और भक्ति को मंच पर साकार किया।

युवाओं को नशामुक्ति का संकल्प दिलाया, नशे की लत से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का किया आह्वान

केराकत। युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से आज केराकत में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, समाज और देश के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक (NYV), केराकत ब्लॉक के दिव्यांशु गुप्ता ने किया। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। नशे की लत न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि उसके परिवार और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करती है। इसलिए युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद और सकारात्मक गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अशोक सोनकर (पूर्व विधायक, केराकत), विशिष्ट अतिथि अभिषेक सिंह चंचल, बल्लू गुप्ता (सभासद), बाकेलाल साहू (सभासद), डॉ. विनोद शर्मा, वीरेंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने नशामुक्त समाज बनाने और अन्य युवाओं को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में लकी गुप्ता, अनमोल पटवा, किशन यादव, प्रख्यात पटवा, मोहित यादव, अखंड यादव, जितेंद्र सादू, अवधेश सोनकर, सजल जायसवाल, शिवम पाल, राज सिंह एवं आशिक विश्वकर्मा सहित अन्य युवा कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

इस अवसर पर क्षेत्र के युवाओं से अपील की गई कि वे नशे से दूर रहें और स्वस्थ, जागरूक तथा जिम्मेदार समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

सरायख्वाजा। थाना क्षेत्र के जौनपुर शाहगंज एन एच मार्ग पर सोमवार को सुबह 7 बजे एक 33 वर्षीय बाइक सवार की ट्रक की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह आजमगढ़ के कंधरापुर से बाइक से किसी निजी काम से जौनपुर शहर आ रहा था की जपटापुर बाजार के पास शाहगंज के तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से श्रवण गुप्ता पुत्र अच्छे लाल गुप्ता उम्र 33 वर्ष कंधरापुर थाना निवासी मधुबन आजमगढ़ की मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज कर मामले की जांच पड़ताल मे जुट गई। दुर्घटना में बेटे की मौत की ख़बर परिवार में मिलते ही कोहराम मच गया और परिवार के लोग मौक़े पर पहुंच गए।

सड़क हादसे में ऑटो चालक की मौत

मछलीशहर। वाराणसी से रेस्टोरेंट के सजावट का सामान लेकर आ रहा ऑटो रिक्सा तेज रफ्तार डिजायर कार से टकरा गया। फूलपुर थाना क्षेत्र के बहुतारा पुल के पास हुई घटना में ऑटो चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। नगर के मोहल्ला कोतवाली निवासी वारिस खान उम्र 35वर्ष वाराणसी से रेस्टोरेंट के सजावट का सामान अपने ऑटो रिक्सा में लेकर बनारस से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान उक्त स्थान पर तेज रफ्तार स्वीफ्ट डिजायर कार की सामने से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो रिक्सा चालक वारिस की मौत हो गई है।घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर थाने लौट गई। इसके बाद घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजन रात में ही फूलपुर पहुंच गए। मृतक के भाई आबिद अली की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा दिया गया है।

युवती को अगवा करने की धमकी,आरोपित युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

सुइथाकला। सरपतहां थाना क्षेत्र के अतरडीहा गांव में एक युवती को अगवा करने की धमकी देने और विरोध करने पर म परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने गांव के हीं युवक के विरुद्ध पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।पीड़ित का आरोप है कि 23 सितंबर को आरोपित उसकी बेटी को अपने साथ ले गया था और अगले दिन छोड़ दिया था। लोकलाज के कारण उस समय उसने कोई कार्रवाई नहीं कराई। आरोप है कि 15 अक्टूबर को आरोपित उसके घर पहुंचकर गाली-गलौज करने लगा और युवती को दोबारा जबरन ले जाने का प्रयास किया। इस दौरान परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपित को थाने ले गई, जहां समझौता होने के बाद मामला शांत हो गया।पीड़ित के मुताबिक बीते 17 अक्टूबर की सुबह आरोपित फिर उसके दरवाजे पर पहुंचा और युवती को जबरन उठा ले जाने की धमकी दी। विरोध करने पर परिवार के सामने ही उसकी हत्या करने की बात कही। शोर सुनकर परिजन पहुंचे तो आरोपित मोटरसाइकिल से चला गया। पीड़ित द्वारा मामले में पुलिस को लिखित दी गई है। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि मामले आरोपित युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है,अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

जागरण की रात, तेरे पुत्र ने पुकारा है

देवी जागरण में कलाकारों ने बांधा शमां

जफराबाद। सेवा समिति जफराबाद द्वारा दुर्गा पूजा पण्डाल में आयोजित देवी जागरण कार्यक्रम में कलाकारों ने ऐसा शमां बाधा कि श्रोता झूम उठे। उक्त जागरण कार्यक्रम में अपने सहयोगी कलाकारों के साथ श्री दुर्गा संकीर्तन मण्डल जफराबाद के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कीर्तनकार प्रेमचन्द प्रजापति ने जागरण की रात, तेरे पुत्र ने पुकारा है...बाट जोहत, नैना पथराये..मूरख मनवा क्यूं घबराये.. सहित एक से बढ़कर एक देवीगीत एवं भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को झूमने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत माता के नौ स्वरूप की वंदना से हुई। प्रेमचन्द के अलावा बाल कलाकार सूर्य ज्योति उर्फ सिट्टू द्वारा देवी गीत भर दे रे, मां झोली भर दे..अंगना पधारो श्री गणेश जी...ज्ञानचन्द गुप्ता द्वारा तेरे दर पे ओ शेरावाली.... प्रदीप प्रजापति द्वारा जब से पकड़ा है दामन तुम्हारा.....बृजनन्दन स्वरूप द्वारा काली तू कराली तू, माई खप्पर वाली तू.... शिव ज्योति उर्फ बिट्टू द्वारा... है काली तिलक लट काली...देवी गीत पेश कर खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम के पूर्व कलाकारों का सेवा समिति के द्वारा माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह भेंटकर कर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर राम बसावन अग्रहरि, विकास सेठ, हरिश्चन्द्र अग्रहरि, संजय सेठ, अंकित व पिन्टू अग्रहरि, सुजीत मधुकर, अर्जुन अग्रहरि, चन्दन जायसवाल, सूरज व किशन अग्रहरि सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



घनी आबादी वाले क्षेत्रों में जमा किया जा रहा पटाखों का जखीरा, हादसे की आशंका

मुंगराबादशाहपुर। दिवाली पर्व नजदीक आते ही पटाखों का कारोबार करने वाले कतिपय व्यवसायियों द्वारा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की बाजारों में घनी आबादी वाले बस्तियों में बने गोदामों में पटाखों का भंडारण किए जाने लगा है। जिस पर समय रहते प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई तो किसी भीषण हादसे की घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। सूत्रों की मानें तो मुंगराबादशाहपुर नगर के घनी आबादी वाले क्षेत्रों साहबगंज, गुडहाई, कटरा नई बाजार भगत सिंह आदि मोहल्लों के साथ ही ग्रामीण बाजारों गरियांव मधुपुर, सोहासा पुरुपुर आदि बाजारों में कतिपय पटाखा व्यवसायियों द्वारा बनाए गए गोदामों में पटाखों का जखीरा जमा कर दिपावली त्योहार का भरपूर लाभ उठाने की व्यवस्था को मजबूत करने हेतु अमलीजामा पहनाया जा रहा है। घनी आबादी वाले इलाकों में बनाए गए पटाखे की गोदामों में थोड़ी सी चूक होने पर बड़ा हादसा होने की संभावना बनी हुई है। बताते चलें कि थाना क्षेत्र के गरियांव बाजार के निकट एक लाइसेंस पर लगभग एक दर्जन लोगों द्वारा किए जाने वाले पटाखे के कारोबारियों के एक व्यवसाई की थोड़ी सी चूक होने पर पटाखा गोदाम में जमा किए गए पटाखों के जखीरे में लगी आग के बाद पटाखों के भीषण धमाकों से गोदाम की जहां छत तक उड़ गई थी वहीं आसपास के लोग भी सहम गए थे। जिससे आस-पास के लोगों में अफरातफरी मच गई थी। सूत्रों की मानें तो उस समय थाना पुलिस को जांच के दौरान यह जानकारी मिली थी कि थाना क्षेत्र के गरियांव गांव में एक लाइसेंस पर लगभग एक दर्जन लोगों द्वारा पटाखों का कारोबार किया जा रहा था। सूत्रों की मानें तो दिपावली का पर्व नजदीक देख कतिपय व्यवसाइयों द्वारा पटाखों का भंडारण किया जा रहा है। जिसपर समय रहते पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई तो किसी अनहोनी घटना के घटित होने से इंकार नहीं किया जा सकता। क्षेत्रीय प्रबुद्धजनों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कर त्वरित कार्यवाही करने की मांग की है।

नवमी पर मां के दरबार में भक्तों का सैलाब

हवन कुंड में आहुति देकर किया पूर्णाहुति

विन्ध्याचल। नवरात्र के नवमी तिथि पर मां के दरबार मे भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। आखिरी दिन नौ दिनों तक रुके साधक अपने अनुष्ठान का पूर्णाहुति कर अपने गंतव्य को वापास हुए। सुबह मंगला आरती के पश्चात दर्शन पूजन शुरू हुआ, जिसके बाद सुबह 10 बजे से लोग हवन कुंड में आहुति देकर कन्या पूजन किया। मंदिर पाए स्थित दो हवन कुंड में लगातार भक्तों की भीड़ जमी रही। दूर दराज से आये श्रद्धालु अपने पुरोहित के माध्यम से हवन सामग्री, साकला, घी, धूप, तिल, कपूर सहित अन्य हवन सामग्री द्वारा हवन कुंड में आहुति दिया। आहुति के पश्चात कन्या पूजन कर अपने अनुष्ठान को सम्पूर्ण किया। मां के दरबार मे पूरे दिन दर्शन पूजन का दौर चलता रहा। नौ दिनों तक दरबार मे रुके भक्त मां के दरबार को नम आंखों से विदाई कर वापस हुए। दूर दराज से आये भक्त मां के दर्शन के पश्चात त्रिकोण परिक्रमा में विराजमान महा काली एवम अष्ठभुजा दरबार में पहुंचकर दर्शन किया। तीनों देवियों के दर्शन एवम हवन पूर्णाहुति कार्यक्रम के पश्चात विंध्य क्षेत्र में सजी दुकानों से खरीदारी के बाद मां के भक्त अपने गंतव्य को वापस हुए। दरबार मे आखिरी दिन तमाम प्रशासनिक अधिकारियों ने भी हवन पूजन कर अपने पुरोहित को दान किया। सुरक्षा के दृष्टि से पूरे मेला क्षेत्र में पुलिस की निगरानी बनी रही।

घरों और पंडालों में हुआ हवन पूजन

हलिया। क्षेत्र में शारदीय नवरात्र के समापन पर सोमवार को श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के बाद हवन किया। नौ दिनों तक चले पूजन पाठ के समापन पर घरों और पूजा पंडालों में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। इस दौरान नौ कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन किया गया और भोजन कराकर दक्षिणा भेंट की गई। परंपरा के अनुसार, नवरात्र में कन्या पूजन का विशेष महत्व माना जाता है। इसी क्रम में श्रद्धालुओं ने कन्याओं के पैर धोकर तिलक लगाया और चुनरी ओढ़ाकर विधि-विधान से पूजा की। इसके बाद उन्हें भोजन कराया गया और सुख-समृद्धि की कामना के साथ आशीर्वाद लिया गया नवरात्र के अंतिम दिन क्षेत्र के विभिन्न देवी मंदिरों और दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। हलिया स्थित गड़बड़ा शीतला धाम, कस्बे के नवयुवक दुर्गा पंडाल और जीप स्टैंड स्थित ग्रामवासी समिति के पंडाल मटिहरा गांव में नव युवक दुर्गा पूजा समित सहित कई स्थानों पर पूरी रात देवी जागरण और भक्ति गीतों का आयोजन हुआ। रातभर देवी गीतों की गूंज से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु माता रानी की भक्ति में लीन होकर जयकारे लगाते रहे।

५१ कन्याओं का पूजन कर बांटे उपहार

पड़री। विकास खंड पहाड़ी के छटहा बाजार स्थित मां शीतला दुर्गा पूजा समिति की ओर से सोमवार को कन्या पूजन और भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। हवन-पूजन के बाद 101 से अधिक कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। इसके बाद कन्याओं को उपहार दिया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। समिति की ओर से पिछले कई वर्षों से कन्या पूजन और भंडारे की परंपरा निभाई जा रही है। इसी क्रम में इस वर्ष भी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया।



हवन करते लोग। छाया : आज

रामलीला में लंका दहन का रोमांचक मंचन

चील्ह। क्षेत्र के कोल्हुआ शाह गांव में 36 वर्षों से अनवरत चली आ रही रामलीला की परंपरा इस वर्ष भी पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ जारी है। श्री रामलीला कमेटी कोल्हुआ के तत्वावधान में सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के नए रामलीला मैदान में चल रहे बारह दिवसीय मंचन के क्रम में रविवार की रात्रि 12 बजे तक पवन पुत्र हनुमान की लंका यात्रा का दिव्य मंचन हुआ। रविवार की लीला में मुख्य आकर्षण सीता की खोज में हनुमान जी का लंका पहुंचना रहा। मंचन के दौरान हनुमान जी द्वारा अशोक वाटिका में मां सीता की खोज, राक्षस अक्षय कुमार का वध, लंका दहन और हनुमान-रावण संवाद का अत्यंत भावपूर्ण और रोमांचक मंचन किया गया। कथा के अनुसार हनुमान जी समुद्र पार कर लंका पहुंचते हैं और अशोक वाटिका में शोक में डूबी मां सीता को भगवान राम की मुद्रिका देकर उनका शोक दूर करते हैं। इसके बाद हनुमान जी द्वारा वाटिका को उजाड़ने पर रावण पुत्र अक्षय कुमार से उनका युद्ध होता है, जिसमें अक्षय कुमार का वध कर दिया जाता है। क्रोधित रावण मेघनाद द्वारा हनुमान को बंदी बनाकर दरबार में लाता है। दरबार में हनुमान और लंकापति रावण के बीच हुआ संवाद सबसे आकर्षक रहा। हनुमान जी ने रावण को समझाने का प्रयास किया कि वह अभिमान छोड़कर माता सीता को ससम्मान लौटा दे और श्रीराम की शरण में आ जाए, लेकिन अहंकारी रावण ने उनकी एक न सुनी और हनुमान की पूंछ में आग लगाने का आदेश दे दिया।

अहरौरा चित्तविश्रम रोड का कायाकल्प शुरू

अहरौरा। नगर क्षेत्र के अहरौरा-चित्तविश्रम रोड के कायाकल्प की शुरुआत होने से स्थानीय लोगों में राहत की उम्मीद जगी है। वर्षों से धूल-गर्द और जर्जर सड़क की समस्या से जूझ रहे लोगों को अब जल्द ही इस परेशानी से निजात मिलने की संभावना है। करीब डेढ़ किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। सड़क के दोनों तरफ पटरियों के निर्माण की भी योजना है, जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से इस मार्ग की स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सड़क पर उड़ने वाली धूल के कारण राहगीरों, दुकानदारों और आसपास रहने वाले परिवारों को काफी दिक्कतें होती थीं। वाहनों के गुजरने पर धूल का गुबार उठने से लोगों का सड़क पर चलना और आसपास रहना मुश्किल हो जाता था। विशेष रूप से दुकानदारों और घरों के सामने रहने वाले लोगों को धूल-गर्द की समस्या से दो-चार होना पड़ता था। अब निर्माण कार्य शुरू होने के बाद लोगों को उम्मीद है कि सड़क बेहतर होने से उनकी वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हो सकेगा।

विधायक और सांसद के प्रयास से विकास कार्य को मिली गति

अहरौरा-चित्तविश्रम रोड के निर्माण कार्य को क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस कार्य को मड़िहान विधायक और सांसद अनुप्रिया पटेल के प्रयासों से जोड़कर देखा जा रहा है। स्थानीय स्तर पर सड़क निर्माण की मांग लंबे समय से उठाई जा रही थी। अब निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि उन्हें जल्द ही बेहतर सड़क और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

दो वर्ष पहले सभासद सीता जायसवाल ने दिया था ज्ञापन

नई बाजार वार्ड नंबर 6 की सभासद सीता जायसवाल ने भी सड़क की समस्या को गंभीरता से उठाया था। जानकारी के अनुसार, उन्होंने करीब दो वर्ष पहले इस मार्ग के निर्माण और लोगों को धूल-गर्द की समस्या से निजात दिलाने के लिए ज्ञापन दिया था। लंबे समय से लंबित इस मांग के बाद अब सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से स्थानीय लोगों की उम्मीदें बढ़ गई हैं।स्थानीय लोगों का मानना है कि सड़क के साथ दोनों तरफ पटरियों का निर्माण होने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि पैदल चलने वालों को भी सहूलियत मिलेगी। इससे सड़क के किनारे रहने वाले परिवारों, दुकानदारों और राहगीरों को राहत मिलने की संभावना है।

विकास कार्य पूरा होने पर बदलेगी सड़क की तस्वीर

करीब डेढ़ किलोमीटर लंबे इस मार्ग का निर्माण पूरा होने के बाद अहरौरा क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। सड़क की बेहतर स्थिति से लोगों को आने-जाने में सुविधा होगी ।

संक्षेप

मानव शरीर प्रभु की भक्ति और जीवात्मा के कल्याण के लिए - पंकज महाराज

चुनार। जय गुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था के अध्यक्ष पंकज महाराज ने सोमवार को अपनी 60वीं जनजागरण यात्रा के दौरान पुरुषोत्तमपुर स्थित माधव विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सत्संग किया। उन्होंने कहा कि परमात्मा ने मानव शरीर जीवात्मा के कल्याण और प्रभु की भक्ति के लिए दिया है। उन्होंने सदाचारयुक्त, नशामुक्त समाज बनाने पर जोर देते हुए कहा कि संसार की कोई वस्तु जीवात्मा को अधोगति से नहीं बचा सकती। इसके लिए सच्चे महात्मा की खोज कर उनसे मार्गदर्शन लेना चाहिए। उन्होंने गुरु के तीन स्वरूप बताते हुए कहा कि माता-



पिता, भौतिक शिक्षा देने वाले शिक्षक और सूरत-शब्द का भेद बताने वाले आध्यात्मिक गुरु जीवन में महत्वपूर्ण हैं। आध्यात्मिक गुरु के बिना परमात्मा की प्राप्ति संभव नहीं है। कार्यक्रम में धनंजय जी, रामशकल सिंह, घूरन प्रसाद, मोती लाल सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष सिंह, प्रबंधक ओमप्रकाश सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग एवं संगत के सदस्य उपस्थित रहे।

दुर्गा पंडाल की दान पेटी का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

कछवां। आदर्श नगर पंचायत कछवां स्थित जय मां दुर्गा पंडाल में बीती रात चोरों द्वारा दान पेटी का ताला तोड़कर हजारों रुपए उठा ले जाने का मामला सामने आया है। पंडाल के कोषाध्यक्ष संतोष कुमार उमर ने बताया कि लगभग रात एक बजे जब पंडाल के कार्यकर्ता सब अपने घर चले गए थे, दान पेटी वहीं रखी हुई थी। तभी अज्ञात चोरों द्वारा दान पेटी का ताला काटकर लगभग हजारों रुपया माता रानी का चढ़ावा चुरा ले गए। ऐसी घटना घटित होने से कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं, पंडाल के लोगों ने प्रशासनिक व्यवस्था न होने पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। स्थानीय लोगों के अनुसार सूचना सुबह तब मिली जब कार्यकर्ताओं ने दान पेटी का ताला टूटा हुआ देखा। सूचना मिलते ही कछवां पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बहला फुसलाकर भगाने का मुकदमा दर्ज

छानबे। जिगना थाना क्षेत्र के एक गांव से 11 अक्टूबर से लापता युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाते हुए युवती के पिता ने जिगना थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस छानबीन में जुटी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के पिता ने बताया कि पड़ोसी गांव के एक युवक ने 20 वर्षीय बेटी को 11 अक्टूबर को बहका फुसलाकर कर भगा ले गया। मेरी बेटी घर से सोनार के दुकान पर जाने की बात कहकर निकली थी। देर शाम तक घर नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बावजूद कहीं पता नहीं चल सका। ज्ञात हुआ है कि बभनी व भुजौता निवासी निखिल कुमार यादव पुत्र संतोष कुमार यादव बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर युवती व आरोपी की तलाश की जा रही है।

भव्य भंडारे का आयोजन, साड़ियों का हुआ वितरण

राजगढ़। स्थानीय विकासखंड के सक्तेशगढ़ क्षेत्र के खम्महवां जमती में अष्टमी के अवसर पर श्री राम मुरत सिंह शैक्षिक एवं धर्मार्थ ट्रस्ट रामपुर सक्तेसगढ़ द ब्रांच का शहनाई कंस्ट्रक्शन ओर से धार्मिक एवं सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग दो हजार महिलाओं को साड़ी वितरित की गई,जबकि पुरुषों को अंगवस्त्र के रूप में गमछा प्रदान किया गया। शहनाई कंस्ट्रक्शन की ओर से कंस्ट्रक्शन के मुख्य कार्यकारी निदेशक अजय उर्फ छोटू पटेल द्वारा क्षेत्र से भंडारे में पहुंचीं हजारों महिला श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप साड़ी वितरित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भंडारे का भी आयोजन किया गया,जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान नौ कन्याओं का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। कन्याओं को प्रसाद



खिलाकर उनका आशीर्वाद लिया गया।कार्यक्रम में क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु पहुंचे। कार्यक्रम का समापन श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण और मां दुर्गा के जयकारों के साथ हुआ। महिलाओं ने साड़ी पाकर खूब आशीर्वाद दिया और कहा कि सदा आप इसी तरह हम गरीब महिलाओं का उद्धार करते रहे। पूजा का कार्य वाराणसी से आए हुए प्रकांड ब्राह्मणों के विधि विधान पूर्वक संपन्न कराया जा रहा है। वहीं, कार्यक्रम में शहनाई परिवार से संजय कुमार सिंह,अमरेश चंद्र,संतोष पाठक,जन्मेजय सिंह प्रधान प्रशासक सहित क्षेत्र के हजारों भक्तगण उपस्थित रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी, बेटी घायल

ड्रमंडगंज। क्षेत्र के रतेह चौराहा के पास सोमवार सुबह नौ बजे के करीब पत्नी और बेटी के साथ बाइक से गड़बड़ा धाम दर्शन करने जा रहे युवक की बाइक में अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जबकि पत्नी और बेटी को मामूली चोटें आईं। वहीं, टक्कर मारने वाला बाइक सवार मौके से भाग निकला। प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के महुली गांव निवासी 30 वर्षीय अनिल मौर्या अपनी 27 वर्षीया पत्नी राधा और तीन वर्षीय बेटी अनन्या को बाइक पर बैठाकर गड़बड़ा धाम दर्शन-पूजन करने जा रहे थे।

क्षेत्र के दर्जनों पंडालों में पूजी गयी मां दुर्गा

अदलहाट। क्षेत्र में स्थापित कस्बे के शर्मा मोड़, गांधी चौक, गौरही रोड, हाशापुर, कौड़िया कला दुर्गा मंदिर, कौड़िया पहाड़, बिक्सी बाजार, रूपौधा, सोनई, खजुरौल सहित दर्जनों पंडालों में स्थापित सप्तमी को स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का पूजन महानवमी सोमवार को विधि विधान से कमेटियों द्वारा किया गया। स्थापना के समय से हर पंडालों को काफी साज-सज्जे के साथ सजाया गया था जहां अनवरत भजन पूजन कीर्तन पाठ का कार्यक्रम दिन भर चलता रहा तथा रात्रि में भिन्न-भिन्न जगह पर भिन्न-भिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दौर चलता रहा, जहां हजारों आस्थावान भक्त नर नारियों ने मां का दर्शन कर शीश नवाते रहे। साथ ही लोग रात्रि में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुफ्त उठाएं, पूरे क्षेत्र के लोग नौदीनी नवरात्र में भक्ति भाव से सराबोर देखे गए।

आगामी चुनाव में सपा की जीत सुनिश्चित - उत्तम पटेल

कहा कि जनमत खो चुकी है वर्तमान सरकार, 2027 में मिलेगी जीत

अदलहाट। समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं फतेहपुर के मौजूदा सांसद उत्तम पटेल अदलहाट कैलहट संपर्क मार्ग पर स्थित सपा के कार्यालय पर विगत रविवार की देर रात आठ बजे पहुंच कर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने चल रहे एमएलसी चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी शिक्षक कोटे से लाल बिहारी यादव व स्नातक कोटे से आशुतोष सिन्हा को जीतने के लिए मतदाताओं से संपर्क करने तथा एक एक वोट मतदान केंद्र तक पहुंचाकर पार्टी प्रत्याशियों को विजयी बनाने की कार्यकर्ताओं से अपील की। कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव 2027 का बिगुल बज चुका है। अभी से हर कार्यकर्ता प्रसार प्रचार में लग जाएं। ताकि, पार्टी अच्छे बहुमत से विजय हासिल कर सके। उन्होंने पत्रकारों से वार्ताक्रम में कहा कि मौजूदा सरकार जनता के बीच में अपना विश्वास खो चुकी है।आगामी होने वाले 2027 के आम चुनाव में समाजवादी पार्टी भारी बहुमत से जीत हासिल कर अखिलेश यादव के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने जा रही है, जिसे कोई रोक नहीं सकता। कार्यक्रम में सपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार तरीके से अपने नेता का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यकर्ताओं में बबलू अंसारी, गिरधारी सिंह, पारसनाथ यादव, हैदर अली, पप्पू पटेल, जहीरूद्दीन, छोटू, बुद्धू सोनकर सही तमाम लोग रहे।

नि:शुल्क कोचिंग सेंटर की वार्षिक बैठक

चील्ह। ग्राम पंचायत कमासिन में संगीता फाउंडेशन नि:शुल्क कोचिंग सेंटर की वार्षिक बैठक नवरात्रि के पावन पर्व पर अष्टमी के शुभ अवसर पर बड़े हर्षोल्लास, प्रेम और सम्मान के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। सेवा, सहयोग, सशक्त समाज और शिक्षा के संकल्प से सजा यह दिन सभी के लिए यादगार बन गया। फाउंडेशन की सभी ब्रांचों के पदाधिकारी और संचालक एक ही स्थान पर एक परिवार की तरह एकत्रित हुए। ब्रांच कार्यालय, कमासिन में आयोजित इस गरिमामयी बैठक में फाउंडेशन के अध्यक्ष शांति शेखर सिंह, सचिव सुशील कुमार सिंह, एडीएम क्रांति सिंह, इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर अनिल कुमार सिंह, आरबी सिंह, कार्यालय प्रभारी मनोज कुमार सिंह, जनपद प्रभारी अजय शेखर सिंह, नोडल अधिकारी अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

सिद्धनाथ दरी में पहाड़ों पर धड़ल्लेसे चल रही जेसीबी मशीन


राजगढ़। जनपद के प्रमुख प्राकृतिक पर्यटन स्थलों में सिद्धनाथ दरी के गोलंबर के पास पहाड़ों की कथित कटाई और अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। चुनार वन रेंज के अंतर्गत सक्तेशगढ़ पुलिस चौकी क्षेत्र में जेसीबी मशीन लगाकर लगातार पहाड़ों को काटे जाने का आरोप स्थानीय ग्रामीणों और सैलानियों ने लगाया है। उनका कहना है कि क्षेत्र में हो रही गतिविधियों से प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ पुराने किले के ऐतिहासिक अवशेषों को भी नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने वन विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। स्थानीय लोगों के अनुसार सिद्धनाथ दरी के गोलंबर के पास इन दिनों पहाड़ों पर जेसीबी मशीन चलाकर जमीन को समतल करने और कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। आरोप है कि इस दौरान पहाड़ी क्षेत्र की प्राकृतिक बनावट को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। यदि पहाड़ों की कटाई और कथित अतिक्रमण पर समय रहते रोक नहीं लगाई गई तो क्षेत्र की प्राकृतिक विरासत प्रभावित हो सकती है। संबंधित स्थान पर पत्थर लगाकर बैरिकेडिंग कर दी गई है। जिसके कारण लोगों को अपनी दो पहिया व चार पहिया वाहन खड़ी करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि वहां वाहन खड़ा करने का प्रयास करने वालों को रोक दिया जाता है और विरोध करने पर उन्हें वहां से जाने के लिए कहा जाता है। सिद्धनाथ दरी घूमने आने वाले लोगों का कहना है कि यह क्षेत्र प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। यहां बड़ी संख्या में लोग पहाड़ों, हरियाली और प्राकृतिक दृश्यों का आनंद लेने पहुंचते हैं। ऐसे में यदि पर्यटन स्थल के आस-पास अवैध कब्जे और रास्तों की घेराबंदी की शिकायतें सामने आ रही हैं तो संबंधित विभागों को इसकी निष्पक्ष जांच कर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। स्थानीय लोंगों द्वारा बताया गया कि सिद्धनाथ दरी के आस-पास पुराने किले के ऐतिहासिक अवशेष मौजूद हैं।

सड़क की राह कठिन बदहाल सड़कों से जूझ रहे ग्रामीण

हलिया। स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के मटिहरा गांव में सड़कों की बदहाली ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। गांव में कई संपर्क मार्ग आज भी कच्चे हैं तो कुछ सड़कों की हालत इतनी खराब है कि उन पर आवागमन करना मुश्किल हो जाता है। सड़क की समस्या का असर ग्रामीणों के दैनिक आवागमन के साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं पर भी पड़ रहा है। खासकर गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और गंभीर मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में ग्रामीणों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। खराब रास्तों के कारण एंबुलेंस को गांव तक पहुंचने में देरी हो जाती हैं। ऐसे में समय पर इलाज मिलना भी चुनौती बन जाता है। मटिहरा सगरा गांव के ग्रामीण पगड़डी रास्ते से रोजाना आवागमन करते हैं। आज तक गांव की कई सड़कों की हालत में सुधार नहीं हो पाया है। ग्रामीणों के सामने सबसे बड़ी समस्या उस समय खड़ी होती है, जब किसी गर्भवती महिला को प्रसव के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले जाने की जरूरत पड़ती है। खराब और कच्चे रास्तों के कारण प्रसव पीड़ा से परेशान महिला को अस्पताल पहुंचाना परिजनों के लिए बड़ी चुनौती बन जाता है। मटिहरा ग्राम पंचायत में आरआरसी सेंटर से सगरा संपर्क मार्ग तक जाने वाली सड़क की हालत खराब है। इस मार्ग पर बना रपटा भी क्षतिग्रस्त हो चुका है।बारिश के दिनों में रास्ते से गुजरना और अधिक कठिन हो जाता है। राहगीरों को काफी मशक्कत कर आवागमन करनी पड़ती है। स्थानीय ग्रामीण रवी,उमेश, संदीप सिंह सूरज ,दीपक, राहुल यादव, देवदत्त मौर्या, राजेश यादव रमेश, सुदामा रविन्द्र भुर्तिया सीता राम आदि का कहना है कि सड़क की स्थिति ठीक नहीं होने से रोजमर्रा के कामकाज के लिए आने जाने में बड़ी परेशानी होती है। सबसे अधिक दिक्कत मरीजों को अस्पताल ले जाने के दौरान होती है, जब समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना जरूरी होता है। मटिहरा गांव के केवटान बस्ती से ददरी सगरा संपर्क मार्ग तक आज भी पक्की सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। वहीं, मटिहरा प्राथमिक विद्यालय की पक्की सड़क से राजस्व गांव मगरदा तक जाने वाला मार्ग भी पक्का नहीं बन पाया है। इसके अलावा ग्राम पंचायत के कई अन्य रास्ते भी कच्चे हैं।

हनुमान जी के पूंछ में लगायी आग

चुनार। नगर के प्रसिद्ध रामलीला मंच पर श्री राघवेन्द्र रामलीला नाट्य समिति के तत्वावधान में तीन अक्टूबर से चल रहे 21 दिवसीय रामलीला मंचन में रविवार की रात हनुमान जी का लंका में प्रवेश, हनुमान रावण संवाद, सीता हनुमान संवाद,लंका दहन, राम का लंका पयान, मंदोदरी रावण संवाद, रावण विभीषण संवाद, सेतु बांधना शिव स्थापना आदि लीला का मंचन हुआ। लीला का मंचन देख लीला प्रेमियों के प्रभु श्रीराम चन्द्र की जय के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। लीला मंचन में समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडेय ने (हनुमान) का जीवंत अभिनय प्रस्तुत कर लीला प्रेमियों का मन मोह लिया। इनके अलावा समर्थ वैद्य (सीता), गोविंद जायसवाल (रावण),राजकुमार गुप्ता (मंदोदरी) राजकुमार यादव (विभीषण) का अभिनय बखूबी निभायी। लीला को सकुशल संपन्न कराने में समिति के संरक्षक बचाऊ लाल सेठ, डायरेक्टर अनिवाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, महामंत्री संजय साहू, रामआसरे दास, पवन जायसवाल, सौरभ पुजारी, रमाशंकर पांडेय, महेन्द्र साहू, श्यामसुंदर शाह, लक्ष्मी गुप्ता, पवन गुप्ता, सुनील पेंटर, बबलू खरवार, नीतिन अग्रवाल मौजूद रहे।



भ्रमण करते नरेश उत्तम पटेल। छाया : आज

घर का ताला तोड़कर लाखों का सामान ले उड़े चोर

पड़री। थाना क्षेत्र के लोकापुर ग्राम पंचायत के झरईया गांव में चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये का सामान पार कर दिया। घटना की जानकारी सोमवार सुबह हुई तो आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, लोकापुर गांव निवासी संतोष मौर्य पुत्र हरिशंकर मौर्य ने भरपुरा-पहाड़ा संपर्क मार्ग पर झरईया गांव के सामने मकान बनवाया है। उनका मकान गांव से करीब एक किलोमीटर दूर स्थित है। कुछ माह पूर्व दुर्घटना में उनके पिता हरिशंकर मौर्य का पैर टूट गया था। उनका इलाज पुणे में चल रहा है। इसी वजह से मकान बंद था और वहां कोई मौजूद नहीं था। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने बीती रात मकान के दरवाजे का ताला तोड़ दिया और अंदर रखा सामान लेकर फरार हो गए। सोमवार सुबह आसपास के लोगों ने मकान का दरवाजा खुला देखा तो उन्हें संदेह हुआ। इसके बाद संतोष मौर्य को घटना की जानकारी दी गई। चोरी की सूचना मिलते ही गृहस्वामी के होश उड़ गए। सूचना पर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी सदर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल कर रही है। गृहस्वामी के आने के बाद ही चोरी गए सामान और उसकी कीमत का सही आकलन हो सकेगा।

परिजनों से कहासुनी के बाद हाईटेंशन टावर पर चढ़ा युवक

मड़िहान। थाना क्षेत्र के रजौहां गांव में सोमवार की शाम परिजनों से कहासुनी के बाद एक 20 वर्षीय युवक हाईटेंशन बिजली के टावर पर चढ़ गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पीआरवी और मड़िहान थाना पुलिस ने करीब एक घंटे तक समझाने-बुझाने के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया। जानकारी के अनुसार, रजौहां गांव निवासी साहुल पुत्र रामदेव की घर में किसी बात को लेकर परिजनों से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद वह गांव के बाहर लगे बिजली के टावर पर चढ़ गया। युवक को टावर पर देख ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पीआरवी और मड़िहान थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने युवक से बातचीत कर उसे नीचे उतरने के लिए समझाया। करीब एक घंटे के प्रयास के बाद युवक नीचे उतरने को तैयार हुआ। इसके बाद पुलिस उसे सुरक्षित नीचे उतारकर मड़िहान थाने ले गई।



बिहार समाचार

पैक्स अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या, एक घायल

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बिहार के मनेर थाना के बयायपुर गांव में दो बाइक सवार अपराधियों ने पैक्स अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना में एक युवक घायल हो गया जिससे अस्पताल में भर्ती किया गया है। रात्रि 10 बजे ताबड़तोड़ फायरिंग से इलाके में दशक फैल गई। दो बाइक पर सवार चार अज्ञात अपराधियों ने प्रखंड प्रमुख के पति पिंटू कुमार और पैक्स अध्यक्ष संजीव कुमार उर्फ भानु पर गोलियां चला दी इस हमले में गंभीर रूप से घायल संजीव कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि पिंटू की हालत गंभीर बनी हुई है । शुरुआती जांच में वारदात के पीछे राजनीतिक रंजिश की आशंका जताई जा रही है।

तेज रफ्तार स्कार्पियो ने छह लोगों को रौंदा, दो की गयी जान

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बिहार में तेज रफ्तार स्कार्पियो ने मेला देखकर लौट रहे हैं छह लोगों को रौंद दिया जिसमें दो युवकों की मौत हो गई। यह भीषण हादसा पटना के अटल पथ पर बीते देर रात हुई जहां महेश नगर के पास तेज रफ्तार स्कार्पियो ने सड़क पर मौजूद कई लोगों को टक्कर मार दी इसके बाद स्कॉर्पियो पलट गई और उछलकर घटनास्थल से करीब 80 मीटर दूर जा गिरी। इस दुर्घटना में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में अमरजीत 17 वर्ष और अंकित 16 वर्ष की अस्पताल में मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों में रणवीर कुमार ने बताया कि रविवार की मध्य रात्रि में हम लोग पूजा पंडालों से घूम कर पैदल ही वापस लौट रहे थे। लोगों का कहना है कि स्कार्पियो चालक शराब के नशे में था। गाड़ी पर जदयू का झंडा लगा हुआ था। शव को पोस्टमार्टम कर पुलिस स्कॉर्पियो के जब्त कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

पिकअप ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो की मौत

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बिहार के लखीसराय नेशनल हाईवे पर सोमवार सूर्यगढ़ थाना क्षेत्र के आदूपुर गांव के पास तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर में बाइक सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। पुलिस ने पिकअप चालक को हिरासत में ले लिया है। मृतकों की पहचान जगदीशपुर गांव निवासी मधु सिंह के बेटे राजन कुमार और बड़तल्ला गांव के रूपेश कुमार के बेटे अश्लोक कुमार के रूप में हुई है।

दुर्गा पूजा घूमने गए, इधर डकैत ने लाखों की संपत्ति कर दी साफ

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले के सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जयपुर गांव में रविवार की रात डकैतों ने एक घर को निशाना बनाकर करीब 15 लाख रुपये की संपत्ति लूट ली।डकैत घर से लगभग 10 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर, डेढ़ लाख रुपये नकद और कपड़े सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गये। बताया जा रहा है कि वारदात के दौरान डकैतों के हाथों में हथियार थे। घटना के समय परिवार के सदस्य दुर्गापूजा घूमने के लिए सासाराम आये हुए थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, जयपुर गांव निवासी मुकेश सिंह का परिवार दुर्गापूजा घूमने के लिए सासाराम आया हुआ था। इसी दौरान डकैतों ने घर को निशाना बनाया। बताया जा रहा है कि डकैत पीछे के दरवाजे से छत पर पहुंचे और सीढ़ी के रास्ते घर के अंदर दाखिल हो गये। इसके बाद अलमारी और बक्सों को तोड़कर कीमती सामान निकाल लिया।डकैतों ने घर के मुख्य दरवाजे को अंदर से बंद कर दिया था, ताकि बाहर से किसी के आने पर उन्हें आसानी से निकलने का मौका मिल सके। परिवार के सदस्य घर लौटे तो मुख्य दरवाजा अंदर से बंद मिला।काफी कोशिश के बाद भी दरवाजा नहीं खुला।इसी बीच डकैतों को परिवार के सदस्यों के घर पहुंचने की भनक लग गयी। हालांकि, परिवार के लोग दरवाजा खोलने की कोशिश करते रहे। लेकिन तब तक डकैत सामान लेकर फरार हो चुके थे।बाद में परिवार के सदस्य पीछे के रास्ते से घर के अंदर पहुंचे तो अलमारी और बक्से टूटे मिले। घर में सामान बिखरा पड़ा था। घटना की सूचना मिलने के बाद मुफस्सिल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस डकैतों की पहचान करने और घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाने में लगी है।वारदात के बाद गांव में दहशत का माहौल है।

संक्षिप्त

पारले-जी बिस्कुट फैक्ट्री में लगी आग, आठ से अधिक दमकल वाहन मौके पर पहुंचे

जबलपुर (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित रिछाई औद्योगिक क्षेत्र में पारले-जी बिस्कुट फैक्ट्री में आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीमें मौके पर पहुंचीं। आग बुझाने के साथ ही परिसर में बचाव अभियान भी चलाया जा रहा है।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीष भारद्वाज ने बताया कि रिछाई औद्योगिक क्षेत्र में आग लगने की सूचना मिलने पर आधारताल थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। फिलहाल आठ से अधिक दमकल वाहन आग बुझाने में जुटे हैं। इसके साथ ही बचाव अभियान भी चलाया जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट हो सकती है। हालांकि, पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आग के वास्तविक कारणों का पता फॉरेंसिक साइंस लैब (स्नस्र) की टीम की जांच और आकलन के बाद ही चल सकेगा।

शाहजहांपुर : प्रेम-प्रसंग के विवाद में एक की मौत

शाहजहांपुर (एजेंसी)। शाहजहांपुर के मीरानपुर कस्बे के मोहल्ला ताहब्बरगंज में रविवार देर रात प्रेम-प्रसंग के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के 12 लोग घायल हो गए। इनमें 28 वर्षीय रमेश कश्यप की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद मोहल्ले में तनाव को देखते हुए पुलिस तैनात कर दी गई है।पुलिस के अनुसार, तीन अक्तूबर को रमेश कश्यप के भतीजे रंजीत के खिलाफ मोहल्ले की एक युवती के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुर:** बैंक रोड, **प्रयागराज: 3**,लीडर रोड, **कानपुर:** बांसमण्डी, **झांसी:** झोंकन बाग, **लखनऊ: 1**,जापलिंग रोड, **आगरा:** महात्मा गांधी रोड, **बरेली:** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटना:** फ्रेजर रोड, **रांची:** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022455

आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57


फोन:- 2393981 से 2393987 तक

E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com

Website : www.ajhindidaily.com

पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।





सूर्योदय : ०५.५८

सूर्यास्त : ०५.२७

तापमान

अधि. : ३२.०

न्यून. : २२.०

यूपी : २०० सीटें लड़ने की तैयारी में कांग्रेस, प्रियंका के साथ नेताओं की हुई बैठक



सपाके साथ-साथ अन्य दलोंसे भी बातचीत करेगी कमेटी

नयी दिल्ली (आससे.)। विधान सभा चुनाव को लेकर कांग्रेस 200 सीटों पर पुख्ता रणनीति तैयार कर रही है। गठबंधन के दौरान इन सीटों पर पार्टी अपना दावा रखेगी। सोमवार को पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी के साथ प्रदेश के नेताओं की हुई बैठक में वरीयता वाली सीटों पर चर्चा की गई। उत्तर प्रदेश की करीब 200 सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ने की ख्वाहिशमंद है। यह अलग बात है कि सपा के साथ उसका गठबंधन तय है। ऐसे में सपा कितनी सीटें देगी, यह वक्त बताएगा। फिर भी पार्टी 200 सीटों पर अपनी पुख्ता तैयारी रखने की रणनीति बना रही है। पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी के साथ दिल्ली में सोमवार को प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना और कार्यकारी अध्यक्ष इमरान मसूद की बैठक हुई। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में उत्तर प्रदेश की विभिन्न विधानसभा सीटों पर चर्चा की गई। पार्टी की तैयारी और सपा के साथ सीट शेयरिंग पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा संगठनात्मक विस्तार को लेकर भी बातचीत हुई। पार्टी प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि पार्टी 200 सीटों पर तैयारी रख रही है। जहां तक सीटों की बात यह है कि यह आपसी बातचीत के बाद शीर्ष नेतृत्व तय करेगा। प्रदेश में इंडिया गठबंधन के तहत अगले सप्ताह सीटों को लेकर बातचीत शुरू होने की संभावना है। इसके लिए कांग्रेस एक कमेटी बना रही है। यह कमेटी समय-समय पर सपा व अन्य दलों से बातचीत करेगी।

मेटा के कंटेंट रिकमेंडेशन एल्गोरिद्म की समीक्षा करे कंपनी- केंद्र

नयी दिल्ली (आससे.)। केंद्र सरकार ने फेसबुक और इंस्टाग्राम की संचालक कंपनी मेटा को अपने कंटेंट रिकमेंडेशन और रैंकिंग सिस्टम की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एडवाइजरी में कहा कि प्लेटफॉर्म पर यूजर्स को विश्वसनीय, प्रासंगिक और विविध जानकारी मिलनी चाहिए तथा भ्रामक सामग्री को एल्गोरिद्म के जरिए जरूरत से ज्यादा बढ़ावा नहीं मिलना चाहिए। मंत्रालय ने पुरानी तस्वीरों और वीडियो को नई घटनाओं से जोड़कर पेश करने, संपादित दृश्यों और कानून-व्यवस्था से संबंधित अपुष्ट दावों के तेजी से प्रसार पर चिंता जताई। सरकार के अनुसार, ऐसी सामग्री लोगों में भ्रम और भय पैदा करने के साथ सार्वजनिक व्यवस्था को प्रभावित कर सकती है।मेटा से ऐसे तंत्र विकसित करने को कहा गया है।

जुबिन नौटियाल के पिता रामशरण भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल

नयी दिल्ली (आससे.)। उत्तराखंड के वरिष्ठ नेता और मशहूर गायक जुबिन नौटियाल के पिता रामशरण नौटियाल सोमवार को भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए। देहरादून जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष नौटियाल ने 2022 में भाजपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा था। दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में उत्तराखंड प्रभारी कुमारी सैलजा, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।इस मौके पर कांग्रेस नेताओं ने अंकिता भंडारी हत्याकांड, भ्रष्टाचार और महिला अपराधों को लेकर उत्तराखंड की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। सैलजा ने आरोप लगाया कि अंकिता हत्याकांड में सीबीआई जांच के बावजूद वीआईपी की भूमिका स्पष्ट नहीं हुई है। उन्होंने भाजपा नेता दुष्यंत गौतम का नाम सामने आने का उल्लेख करते हुए उनकी भूमिका की जांच की मांग की।

पीडीए प्रहरी मुस्तैद रहें और मतदाताओं की सहायता करें-अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के हर सजग-सक्रिय 'पीडीए प्रहरी' को एसआईआर के कारण समस्या झेल रहे मतदाताओं की सहायता करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि 24 अक्टूबर को भी सभी 'पीडीए प्रहरी' पुनः मुस्तैद रहें और मतदाताओं की हर संभव मदद करें। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के सभी नेता, कार्यकर्ता अपने अपने-अपने बूथों पर सतर्क रहें। मतदाता सूची में फर्जी वोटरों का नाम जुड़ने से रोके, असली वोटरों का नाम जुड़वाएं। भाजपा की बेईमानी से सावधान रहें। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने जनता का भरोसा खो दिया है। भाजपा के कार्य और उसकी सोच नकारात्मक है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश को हर क्षेत्र में बर्बाद कर दिया है। प्रदेश का किसान, नौजवान, आम जनता, महिलाएं कोई भी भाजपा पर भरोसा नहीं कर रहा है। भाजपा ने जनता जनता से झूठे वादे किए। सत्ता में आने के बाद सभी को बारी-बारी से ठगा है। अब सत्ता हाथ से फिसलता देख भाजपा पूरी तरह से झूठ, बेईमानी और ठगी पर उतर



आई है। मुख्यमंत्री समेत भाजपा का नेतृत्व भ्रष्टाचारियों, अपराधियों और माफियाओं को खुद संरक्षण दे रहा है। झूठा आरोप विपक्षी पार्टियों पर लगाते है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। हर विभाग, हर कार्य में भ्रष्टाचार है। भाजपा के भ्रष्टाचार में उत्तर प्रदेश को तबाह कर दिया है। भाजपा के दस साल की सरकार में उत्तर प्रदेश को बदनामी के अलावा कुछ नहीं मिला है। ध्वस्त कानून व्यवस्था, चरम पर पहुंचे अपराध, अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार ने उत्तर प्रदेश को बहुत नुकसान पहुंचाया है। अखिलेश यादव ने कहा है कि ये बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि अब तो विदेशी भी जाति के भेद से जन्म लेने वाले भेदभाव का आँखों देखा हाल बता रहे हैं। सच तो ये है कि पीडीए समाज का कोई भी व्यक्ति वो चाहे जेल के अंदर हो या बाहर जाति के नाम पर 'पीड़ा, दुख और अपमान' उसे हमेशा ही भुगतना पड़ता है। अखिलेश यादव ने कहा कि जातिगत गैरबराबरी और असमानता को जड़ से समाप्त करने के लिए पीडीए सरकार का आना ही एकमात्र विकल्प है। पीडीए सरकार आएगी 'सामाजिक न्याय का राज' लाएगी।

मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टियां मिलने पर अधिकारियों पर होगी कड़ी कार्रवाई-रिणवा

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर के दौरान एक ही मतदाता द्वारा एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत कर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराए जाने से उत्पन्न दोहरी प्रविष्टियों के मामलों पर अधिकारी विशेष ध्यान दें। उक्त उद्गार सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने दोहरी प्रविष्टियों को हटाने तथा आगामी २४ अक्टूबर को आयोजित होने वाले विशेष अभियान दिवस की तैयारियों के संबंध में समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक में व्यक्त किये। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। इस कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही निर्धारित करते हुए कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओ के माध्यम से ऐसे मतदाताओं को चिह्नित कर नियमानुसार फ ार्म-७ भरवाकर दोहरी प्रविष्टियों से संबंधित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बीएलओ सुपरवाइजर नियमित निगरानी करते हुए कार्य में तेजी लाएं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ईआरओ एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, ईआरओ इस कार्य की प्रभावी समीक्षा कर समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित करें।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में अभी भी कई पात्र नागरिक शामिल होने वंचित रह गये हैं, ऐसे पात्र नागरिकों को जागरूक कर मतदाता सूची में उनका नाम दर्ज कराने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि २४ अक्टूबर को आयोजित होने वाले विशेष अभियान दिवस को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं, बूथ लेवल एजेंटों बीएल, सभासदों, ग्राम प्रधानों आदि का सहयोग लिया जाए। अभियान के दौरान मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र नागरिकों तथा पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही महिलाओं एवं दिव्यांगजनों सहित सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं।

स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाता घर बैठे जान सकेंगे अपना मतदेय स्थल

लखनऊ,(आससे.)। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के २३ अक्टूबर को होने वाले पांच स्नातक एवं छह शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के के मतदाता अब घर बैठे अपना मतदेय स्थल व क्रमांक जान सकते हैं। यह जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने मतदेय स्थल एवं मतदाता सूची में क्रम संख्या की जानकारी घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ पर प्रदर्शित नए पॉपअप नोटिफिकेशन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद संबंधित स्नातक अथवा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र एवं जनपद का चयन कर अपना नाम अथवा संबंधी का नाम या दोनों के नाम की प्रविष्टि करें। या इसके अतिरिक्त मतदाता या संबंधी के नाम का प्रथम ,द्वितीय अंकन की प्रविष्टि भी कर सकते हैं तथा उपरोक्त के पश्चात कैप्चा कोड दर्ज करना होगा। इसके बाद संबंधित मतदाता को उसके मतदेय स्थल और मतदाता सूची में क्रम संख्या की जानकारी प्राप्त हो जाएगी। विदित हो कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के पांच स्नातक एवं छह शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन के लिए २३ अक्टूबर २०२६ को प्रात: ८ बजे से अपराह्न ४ बजे तक मतदान निर्धारित है। मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मतदेय स्थल एवं मतदाता सूची में क्रम संख्या की जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मतदाता मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने मतदेय स्थल एवं मतदाता सूची में क्रम संख्या की जानकारी घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ पर प्रदर्शित नए पॉपअप नोटिफिकेशन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद संबंधित स्नातक अथवा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र एवं जनपद का चयन कर अपना नाम अथवा संबंधी का नाम या दोनों के नाम की प्रविष्टि करें। या इसके अतिरिक्त मतदाता या संबंधी के नाम का प्रथमद्धिद्वतीय अंकन की प्रविष्टि भी कर सकते हैं तथा उपरोक्त के पश्चात कैप्चा कोड दर्ज करना होगा। इसके बाद संबंधित मतदाता को उसके मतदेय स्थल और मतदाता सूची में क्रम संख्या की जानकारी प्राप्त हो जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के समय मतदाताओं को अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि कोई मतदाता किसी कारणवश मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ रहता है, तो वह आयोग द्वारा निर्धारित वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत कर अपनी पहचान सिद्ध कर सकता है।

फ्रांसमें लूटपाट से हड़कंप : सीमित कर्फ्यू के निर्देश

पेरिस (एजेंसी)। फ्रांस में हिंसा, आगजनी और लूटपाट की घटनाओं ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। हालात संभालने के लिए प्रधानमंत्री सेबास्टियन लेकोर्नू ने शहरों के संवेदनशील इलाकों में जरूरत के मुताबिक सीमित समय के लिए कर्फ्यू लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि कर्फ्यू ऐसे इलाकों में ही लगाया जाए, जहां हिंसा फैलने का खतरा ज्यादा है। प्रधानमंत्री लेकोर्नू ने शनिवार को हुई हिंसा और बड़े पैमाने पर संपत्ति को हुए नुकसान पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इतनी गंभीर हिंसा के बावजूद किसी की जान नहीं गई, यह किसी चमत्कार से कम नहीं है। उन्होंने हिंसक भीड़ का सामना कर रहे पुलिसकर्मियों के काम का भी बचाव किया।फ्रांस के कई बड़े शहरों में हिंसा और दुकानों में लूटपाट के बाद गृह मंत्री लॉरेंट नुनेज ने इस्तीफे की पेशकश की थी। हालांकि, राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया। राष्ट्रपति कार्यालय के मुताबिक, मौजूदा हालात में पुलिस और सुरक्षा बलों की कमान संभालने के लिए गृह मंत्री का पद पर बने रहना जरूरी है। राष्ट्रपति मैक्रों ने गृह मंत्री को हिंसा से पहले तैयारियों और खुफिया जानकारी जुटाने में हुई चूकों की पूरी जांच करने को कहा है। साथ ही, पुलिस की कार्यशैली में जल्द बदलाव लाने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि हिंसक भीड़ से बेहतर तरीके से निपटा जा सके। रविवार शाम पेरिस, लियोन और मार्सेई समेत कई शहरों में उपद्रवियों ने कूड़ेदानों, साइकिलों और दूसरी चीजों में आग लगा दी। कई दुकानों में लूटपाट भी हुई। इससे एक दिन पहले शनिवार को महंगाई और स्कूलों की खराब हालत के खिलाफ हुए देशव्यापी प्रदर्शनों के दौरान हिंसा भड़क गई थी। अधिकारियों के मुताबिक, देशभर में कम से कम 2,400 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।अधिकारियों का कहना है कि सैकड़ों लोगों के समूहों ने पुलिस से भिड़ने के साथ ही नगर भवनों और दूसरे सरकारी दफ्तरों को भी निशाना बनाया। गृह मंत्री नुनेज ने माना कि शनिवार को कुछ बड़े शहरों में हालात प्रशासन के हाथ से निकल गए थे। उन्होंने कहा कि सैकड़ों दुकानों में लूटपाट हुई और अब यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।नुनेज ने सोमवार को फ्रांस इंटर रेडियो से बातचीत में कहा कि उन्होंने जो कुछ हुआ, उसकी जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की पेशकश की थी। उन्होंने माना कि इस तरह की भीड़ के जुटने और हिंसा फैलने का पहले से बेहतर अंदाजा लगाने की जरूरत है।

शेष

वाराणसी...

जानकारी के अनुसार शिवपुर थाना क्षेत्र के निखिल यादव उर्फ गोलू (32वर्ष) अपने सात अन्य दोस्तों के साथ स्कॉर्पियो से रविवार नवरात्रि अष्टमी के रात विंध्याचल (मिर्जापुर) दर्शन करने गये थे, स्कॉर्पियो में निखिल के साथ प्रदीप सिंह (35वर्ष) पुत्र योगेंद्र सिंह, आनंद यादव (26वर्ष) पुत्र वनवासी यादव निवासी चमाव शिवपुर, आलोक मिश्रा (27वर्ष) पुत्र अजय मिश्रा निवासी शिवपुर, विध्वंश यादव (30वर्ष) , सावन यादव (26वर्ष) पुत्र संजय यादव निवासी मुंगेर (बिहार), किशन यादव (35वर्ष) पुत्र पारस यादव निवासी चमाव शिवपुर, राजकुमार यादव (36वर्ष) पुत्र शिव शंकर यादव निवासी लोहता सभी दोस्त दर्शन कर वापस वाराणसी की तरफ अपने घर लौट रहे थे, किसी कारणवश मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के रूपापुर स्थित नेशनल हाईवे पर स्कॉर्पियो खड़ा करके जैसे ही बाहर निकले, प्रयागराज की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कॉर्पियो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि किशन और आनंद लगभग 10 फीट ऊपर उड़कर ओवर ब्रिज से नीचे सर्विस लेन पर जा गिरे। इस घटना में आनंद, प्रदीप, आलोक और विध्वंश की मौके पर ही मौत हो गती। जबकि निखिल, किशन सावन और राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए।जहां उपचार के दौरान किशन की भी मौत हो गयी हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गयी।सभी घायलों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया हाईवे पर लाशें बिखर गयी। एक शख्स कार से उछलकर ओवरब्रिज से नीचे गिर गया।पुलिस के मुताबिक, ट्रक भी प्रयागराज से वाराणसी की तरफ आ रहा था। उसमें सेब लदा था। ट्रक की स्पीड 80 से 90 किमी के बीच थी। यही वजह है कि ओवरब्रिज पर अचानक स्कॉर्पियो खड़ी देखकर ड्राइवर ट्रक संभाल नहीं पाया। पीछे से स्कॉर्पियो को टक्कर मार दी।इससे स्कॉर्पियो करीब 30-40 मीटर तक आगे घिसटती चली गयी।सभी आठ दोस्त भी गाड़ी के आसपास खड़े थे। ट्रक उनमें से चार दोस्तों को रौंदता निकल गया, जबकि बाकी चार दोस्त भी ट्रक की चपेट में आ गये।हादसे के बाद करीब दो सौ मीटर दूर ड्राइवर ट्रक छोड़कर भाग गया। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ड्राइवर को ट्रेस करने में जुटी है। जांच में स्कॉर्पियो के अंदर प्रसाद के डिब्बे, नारियल और चुनरी मिली।हादसे के बाद क्रेन की मदद से स्कॉर्पियो को हाईवे से हटाया गया। निखिल के जन्मदिन पर सभी दोस्त विंध्याचल दर्शन करने गये थे। दर्शन करने के बाद सभी दोस्तों ने फोटो खिंचवाई। सात लोग फोटो में दिख रहे हैं, जबकि आठवां दोस्त फोटो खींच रहा है।प्रदीप ई-कॉमर्स कंपनी में मैनेजर, विद्वांशु करते थे ठेकेदारी आलोक मिश्रा- पिसौर, शिवपुर के रहने वाले थे। पिता अजयकिसान और मां उर्मिला गृहिणी हैं। तीन भाई-बहनों में आलोक दूसरे नंबर के थे। 12वीं तक की पढ़ाई की है। पिता ने बताया पांच दिन बाद जिओ कंपनी में जॉइन करने वाले थे।प्रदीप सिंह- चोलापुर के रहने वाले थे। ई-कॉमर्स कंपनी मीशो में मैनेजर के पद पर थे। इनका एक बेटा है। मौत की सूचना मिलने पर पत्नी सोना का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

मुख्यमंत्रीने...

मुख्यमंत्री ने स्थानीय अफसरों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों से संवाद कर हर संभव सहायता पहुंचाने के भी निर्देश दिए।

राम मंदिर...

उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जुड़े सवाल उठाते हुए पूछा कि मामले में बड़े पदों पर बैठे लोगों से कड़ी पूछताछ क्यों नहीं की गई।रमेश ने कहा कि कांग्रेस की मांग है कि चढ़ावे का पूरा हिसाब सार्वजनिक किया जाए और सभी जिम्मेदार लोगों की भूमिका की जांच हो। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पर भी इस मामले में चुप्पी साधने का आरोप लगाया।

पर्वोंके..

तत्वों को बेनकाब करने का भी संदेश देते हैं। ह्यमुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन धर्म की परंपरा में मातृशक्ति के प्रति सर्वोच्च सम्मान व्यक्त किया जाता है। इसी क्रम में वर्ष में दो बार बासंतिक और शारदीय नवरात्र में जगतजननी मां भगवती की आराधना एवं कन्या पूजन के अनुष्ठान के साथ हर सनातन धर्मावलंबी जुड़ता है। उन्होंने गोरक्षपीठ में कन्या पूजन के अवसर को खुद का सौभाग्य बताते हुए कहा कि शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी हुई है। मां विंध्यवासिनी धाम में नया कॉरिडोर बनने के उपरांत वहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु आए हुए है। कल रविवार को 25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने वहां दर्शन पूजन किया। आज भी ब्रह्म मुहूर्त से वहां भारी भीड़ लगी है। 20 से 25 लाख की संख्या में श्रद्धालु मां विंध्यवासिनी धाम में दर्शन पूजन कर रहे हैं। ऐसे ही देवीपाटन शक्तिपीठ में लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन आए हैं।

आगरा...

युवकों की मौत हो गई। तीन युवकों की मौत से परिवारों में मातम है। राहुल, सक्षम और साहिल के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आगरा की रेणुका बाग कॉलोनी (कमला नगर) के 22 वर्षीय सक्षम गौतम जिंदादिली के लिए जाने जाते थे। किसी की भी मदद करनी हो तो पीछे नहीं हटते थे। मां के सपने पूरे करने के लिए कम उम्र में ही नौकरी शुरू कर दी। वह पिता का मजबूत सहारा बनना चाहते थे मगर पल भर में सब बिखर गया। सपनों के साथ बुढ़ापे की लाठी टूट गई। सक्षम ने 6 महीने पहले ही फार्मा कंपनी में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव की नौकरी शुरू की थी। वह एरिया मैनेजर था। मामा सूर्यकांत गौतम ने बताया कि सक्षम पढ़ाई में काफी होशियार था। नौकरी कर उन्होंने पिता के साथ भाई की भी जिम्मेदारी निभाने लगे थे। सक्षम मां मधु का दुलारा था। उनके साथ ही रोजाना खाना खाता था। 30 सितंबर को उसका जन्मदिन था।

सीजेपी...

आदेश दिए हैं। इन दोनों नेताओं पर पहले से तय बेल बॉन्ड की शर्तों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। वहीं दूसरी ओर, इसी मामले में शामिल तीसरे नेता अजिंक्य शिंदे को राहत देते हुए अदालत ने उनसे नया बेल बॉन्ड भरवाकर प्रक्रिया पूरी की है। जंतर-मंतर को प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थलों की सूची से हटाए जाने के बाद भी सीजेपी के नेताओं ने वहां विरोध प्रदर्शन किया। रांका, दास और पार्टी के अन्य कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पार कर अंदर पहुंचे और तिरंगा लहराते हुए नारेबाजी की। इसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। पुलिस की कार्रवाई ऐसे समय हुई, जब सीजेपी और विपक्षी दल मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग का विरोध कर रहे हैं।सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने अपने नेताओं के खिलाफ कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि क्या अब राष्ट्रीय ध्वज फहराना भी गैरकानूनी हो गया है? उन्होंने कहा कि आशु और सौरव को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उनकी गलती? जंतर-मंतर पर तिरंगा फहराना। थोड़ी हिम्मत दिखाइए, नरेंद्र मोदी। अगर आप विरोध की आवाज को दबाने के लिए इतने ही पक्के इरादे वाले हैं, तो इन कायरतापूर्ण तरीकों की आड़ लेने के बजाय आधिकारिक तौर पर आपातकाल घोषित करने की हिम्मत दिखाइए। सीजेपी नेता अजिंक्य शिंदे ने आरोप लगाया कि जंतर-मंतर पर तिरंगा लहराने और %भारत माता की जय% के नारे लगाने के कारण अशुतोष रांका और सौरव दास को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि आज अशुतोष का जन्मदिन है और इसी दिन उन्हें जेल भेजा गया। शिंदे ने मोदी-शाह सरकार पर अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जेल भेजकर नेताओं को डराने की कोशिश सफल नहीं होगी और वे सिर ऊंचा करके जेल जा रहे हैं। सीजेपी और विपक्षी दलों का आरोप है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं।

रिश्वत...

आरोप तय करने के निचली अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी गई थी।अदालत ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17 हर मामले में लागू नहीं होती। इस धारा के तहत कुछ मामलों में लोक सेवक के खिलाफ जांच शुरू करने से पहले मंजूरी लेना जरूरी है, लेकिन यह नियम तभी लागू होता है, जब आरोप उसके आधिकारिक काम के दौरान लिए गए किसी फैसले या की गई सिफारिश से जुड़ा हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रिश्वत मांगना या लेने की कोशिश करना सरकारी कामकाज के तहत लिया गया फैसला नहीं है। ऐसे में इस तरह के आरोपों की जांच के लिए पहले से अनुमति लेने की जरूरत नहीं है।भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17 का मकसद लोक सेवकों को उनके आधिकारिक काम के दौरान लिए गए फैसलों या की गई सिफारिशों के कारण होने वाली बेवजह की जांच से बचाना है।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए. द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल — बुधवार, 21 अक्टूबर 2026

- **मेष-** वांछित प्रगति, प्रतिभा का सदुपयोग, आमोद-प्रमोद, शिक्षा में सफलता, यात्रा भी।
- **वृषभ-** कार्य सफल, आरोग्य सुख, समस्या हल, आय के नवीन स्रोत, मित्रों से सहयोग।
- **मिथुन-** आज दिन 7/01 बजे तक असफलता तदुपरान्त दिनचर्या व्यवस्थित, सुयश की प्राप्ति, प्रसन्नता।
- **कर्क-** आज दिन 7/01 बजे तक समय अनुकूल, तदनन्तर कार्य में बाधा, समस्याएँ प्रभावी, हानि भी।
- **सिंह-** विचार विनिमय, प्रोन्नति, सम्मान में वृद्धि, किसी आयोजन में सम्मिलित, पारिवारिक खुशी।
- **कन्या-** समस्या का समाधान, धन संचय, परोपकार की भावना, मनोरंजन में रुचि, आनन्द भी।
- **तुला-** आज दिन 7/01 बजे तक जोखिम से हानि तत्पश्चात् श्रेष्ठजनो का सहयोग, मन प्रफुल्लित।
- **वृश्चिक-** आज दिन 7/01 बजे तक धन लाभ तदुपरान्त समय निराशाजनक, व्यर्थ की भागदौड़, मन उदास।
- **धनु-** साहसिक प्रयास, व्यक्तित्व का विकास, नवीन उपलब्धि, संत-समागम, लाभ भी।
- **मकर-** आर्थिक पक्ष बेहतर, समस्याएं हल, सहयोग, यात्रा का सुयोग, मनोरंजन में रुचि।
- **कुम्भ-** आज दिन 7/01 बजे तक मित्रों से मतभेद, व्यर्थ भ्रमण, तदनन्तर समय अनुकूल, धर्म में आस्था।
- **मीन-** आज दिन 7/01 बजे तक पराक्रम में वृद्धि, तत्पश्चात् जोखिम से हानि, विचारों में उग्रता।

आज है जिनका जन्मदिन — 21 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 21 का मूलांक 3 का स्वामी ग्रह वृहस्पति एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। बुद्धिमान एवं उदार हृदय वाले व्यक्ति होंगे। सदैव आगे बढ़ने हेतु प्रयत्नशील रहेंगे। वहीं रचना पसन्द करेंगे जहाँ आपके कुछ अधिकार प्राप्त हों। स्वयं के प्रयत्नों से ही सफलता प्राप्त कर सकेंगे। किसी के समक्ष झुकेंगे नहीं। अनजान व्यक्ति भी खुद ब खुद आपके सम्पर्क में आ जायेगा। कोई भी व्यक्ति सहज ही विश्वास कर लेगा। राजनैतिक सामाजिक कृत्यों में आपकी रूचि अधिक रहेगी। ईर्ष्यालु भी होंगे। सदैव कार्यशील रहना पसन्द करेंगे। धर्म-अध्यात्म के प्रति आपकी विशेष आस्था रहेगी। कार्य को प्राथमिकता देंगे। गृहस्थ जीवन मधुर रहेगा। भोग विलासिता व मौजमस्ती के निमित्त अधिक व्यय करेंगे। इष्ट देवी-देवता की पूजा एवं अर्चना नियमानुसार करें। तन-मन-कर्म-वचन से शुचिता का धर्म अपनावें। दैनिक जीवन में सफेद रंग का प्रयोग अधिकतम करें। वृहस्पति ग्रह से सम्बन्धित वस्तुओं का दान करें। समाज सेवा निस्वार्थ करें। सुख-सौभाग्य के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र : ॐ बृं बृहस्पतये नमः
व्रत : बृहस्पतिवार
दिन : रविवार, मंगलवार एवं गुरुवार
दिनांक : 3, 12, 21, 30
अंक : 1, 7
मास : मार्च, अक्टूबर एवं अक्टूबर
वर्ष : 3, 12, 21, 30, 39, 48, 57, 66
रंग : सफेद एवं क्रीम
जन्मरत्न : पोखराज उपरत्न : गोल्डेन टोपाज
जड़ी : बेल की जड़ दिशा : ईशान

वर्ष का महत्वपूर्ण समय— 19 फरवरी से 20 मार्च, 21 नवम्बर से 20 दिसम्बर

यन्त्र

10	5	12
11	9	7
6	13	8

सुडोकू ४०९०

				2				
			7				1	
9		6						4
	4						8	
		5			7			
				6		9		
						6		
	7							5
	1		4					

४०८९

9	3	2	8	1	6	5	4	7
8	1	6	5	4	7	2	9	3
4	5	7	2	3	9	6	8	1
1	9	5	6	7	8	4	3	2
2	4	3	1	9	5	8	7	6
7	6	8	4	2	3	9	1	5
6	7	9	3	5	4	1	2	8
5	2	4	7	8	1	3	6	9
3	8	1	9	6	2	7	5	4

अथलीटोने लगाया पदकों का छक्का

निषाद,रिंकू और सौम्या को स्वर्ण, अजीत यादव राधा वेंकटेश को रजत, रवन्नी को कांसा







नागोया (एजेन्सियां)। भारत के पैरा अथलीटों ने सोमवार को यहां आईची नागोया एशियाई पैरा खेलों की अथलेटिक्स स्पर्धाओं के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण सहित छह पदक जीते। लंबी कूद में निषाद कुमार, भाला फेंक में रिंकू और दृष्टिबाधित मध्य दूरी की धाविका सौम्या ने अपनी-अपनी स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक हासिल किए। निषाद ने पुरुषों की लंबी कूद टी ४७ स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का अथलेटिक्स में स्वर्ण पदकों का खाता खोला। इस २७ वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले एशियाई पैरा खेलों में भी ऊंची कूद की टी ४७ स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने लंबी कूद में अपने तीसरे और पांचवें दोनों प्रयासों में ७.११ मीटर की छलांग लगाई। दिलचस्प बात यह है कि वह पहली बार लंबी कूद में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। दो बार के पैरालम्पिक रजत पदक विजेता निषाद मौजूदा खेलों में अपनी पसंदीदा स्पर्धा ऊंची कूद टी-४७ में भी भाग लेंगे। उज्बेकिस्तान के ओमादबेक खासानोव और श्रीलंका के मोहम्मदु सफरान ने क्रमश: ६.९९ मीटर और ६.५५ मीटर के प्रयास से रजत और कांस्य पदक जीते। सौम्या ने महिलाओं की १५०० मीटर टी १२ टी १३ स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि हमवतन राधा वेंकटेश ने रजत पदक अपने नाम किया। सौम्या ने पांच मिनट १२.३९ सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता जबकि राधा ने पांच मिनट ३०.९० सेकेंड में दौड़ पूरी करके रजत पदक हासिल किया। दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के लिए आयोजित इस स्पर्धा में सौम्या के गाइड कुमार भरत थे जबकि राधा के साथ गोविंद सोलंकी ने गाइड की भूमिका निभाई। दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के सबसे गंभीर टी ११ वर्ग में भारत की रवन्नी वलसानैनी ने कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में मूल रूप से तीसरे स्थान पर रहने वाली रक्षिता राजू को तकनीकी उल्लंघन के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया था। यह उल्लंघन कपड़ों, जूतों और प्रतियोगिता में इस्तेमाल होने वाले बिब नंबरसे संबंधित नियमोंका पालन नहीं करनेके कारण हुआ। भारतके लिए तीसरा स्वर्ण रिंकूने पुरुषोंकी भाला फेंक एफ ४६ स्पर्धा में जीता जबकि उनके हमवतन अजीत सिंहने रजत पदक हासिल किया। रिंकूने ६५.११ मीटर भाला फेंककर स्वर्ण अपने नाम किया। उन्होंने अजीतको महज नौ सेंटीमीटरके अंतरसे पीछे छोड़ा। अजीतने ६५.०२ मीटरके थ्रो के साथ रजत पदक जीता। तीन खिलाडियोंकी इस स्पर्धामें इंडोनेशियाके आर सत्योनोने ५५.३० मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

प्रज्ञान मुख्य चयनकर्ता, रमेश पोवार भी शामिल

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पुरुष क्रिकेट टीम की चयन समिति में बड़ा बदलाव करते हुए पूर्व भारतीय स्पिनर प्रज्ञान ओझा को नया मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया है। वहीं पूर्व भारतीय आलराउंडर रमेश पोवार को चयन समिति में शामिल किया गया है। यह नियुक्ति अजीत अगरकर के पद छोड़ने के बाद हुई है। बीसीसीआई के इस फैसले के साथ पुरुष टीम की चयन समिति की नयी तस्वीर भी साफ हो गयी है। बीसीसीआई ने सोमवार को प्रज्ञान ओझा को पुरुष टीम की चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की। ओझा टेस्ट मैचों में खेलने के अनुभव के आधार पर पांच सदस्यीय समिति की अगुवाई करेंगे। उनके साथ शिव सुंदर दास, आरपी सिंह, अजय रात्रा और रमेश पोवार चयन समिति में शामिल होंगे। यह समिति भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के चयन से जुड़े अहम फैसले लेगी। बीसीसीआई के अनुसार क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने रमेश पोवार की नियुक्ति की सर्वसम्मति से सिफारिश की थी। इस समिति में अशोक मल्होत्रा और जतिन परांजपे शामिल थे।

सोने से दमकी मोना चांदी से चमकी अवनि

पैरा एशियाई खेल निशानेबाजी

नागोया (एजेन्सियां)। भारतकी मोना अग्रवाल और अवनि लेखरा ने २०२६ एशियाई पैरा खेलोंमें सोमवार को पहले दिन निशानेबाजी स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए देशको स्वर्ण और रजत पदक दिलाये। महिला १० मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच-फाइव फाइनल में दोनों भारतीय निशानेबाजोंके बीच कड़ी टक्कर देखनेको मिली। मुकाबले में कभी अवनिने बढ़त बनायी तो कभी मोना आगे निकल गयी। आखिरकार मोना ने २५०.० अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि अवनि २४९.६ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। दोनों के बीच अंतर महज ०.४ अंक का रहा। दक्षिण कोरिया की ली युनरी ने २२७.९ अंकोंके साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। फाइनल में अवनि लेखरा ने शुरुआतसे ही अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। उन्होंने पहली सीरीज में ५३.२ अंक हासिल किए। दूसरी सीरीज के बाद उनका कुल स्कोर १०४.८ अंक हो गया और वह शीर्ष स्थान पर बनी रहीं। दूसरी ओर मोना अग्रवाल ने भी शानदार प्रदर्शन किया और १०२.९ अंकों के साथ अवनि के करीब रहीं। शुरुआती सीरीजमें अवनि ने बढ़त बनाए रखी, लेकिन मोना लगातार अंतर कम करने की कोशिश करती रहीं। मुकाबलेमें दोनों भारतीय निशानेबाजोंके बीच अंकों का फासला ज्यादा नहीं रहा, जिससे फाइनल का रोमांच बढ़ता गया। मुकाबलेके अगले चरणमें मोनाने अवनिको कड़ी चुनौती दी। स्टेज-दो की पहली सीरीज के बाद अवनि के १२६.४ अंक थे, जबकि मोना १२३.७ अंकों पर थीं। इसके बाद अवनि ने अपनी बढ़त बढ़ाई और १४६.८ अंकों तक पहुंच गयी। मोना के खातेमें उस समय १४४.७ अंक थे। इसके बाद मुकाबलेमें दोनों निशानेबाजोंके बीच



कांटे की टक्कर जारी रही। स्टेज-दो की अगली सीरीजमें मोना ने १६५.७ अंक हासिल किए, जबकि अवनि का स्कोर १६७.२ अंक था। इसके बाद दोनों के बीच मुकाबला और करीबी हो गया। एक समय अवनि १८६.९ अंकोंपर थीं, जबकि मोना १८७.१ अंक हासिल कर उनसे आगे निकल गयी। फाइनल की निर्णायक सीरीजमें भी दोनों भारतीय निशानेबाजोंने पदकके लिए पूरा जोर लगाया। अंत में मोना अग्रवाल ने २५०.० अंकोंके साथ र स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अवनि लेखरा को २४९.६ अंकों के साथ रजत पदक मिला।

कोकिला की चांदी, कपिल ले आये कांस्य

पैरा एशियाई खेल जूडो

नागोया (एजेन्सियां)। भारत के दृष्टिबाधित जूडो खिलाड़ियों ने सोमवार को एशियाई पैरा खेलों में दो पदक जीते जिसमें कोकिला ने महिलाओं के जे २.५२ किग्रा वर्ग में रजत पदक जबकि कपिल परमार ने पुरुषों के जे १.७० किग्रा वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों की कांस्य पदक विजेता कोकिला को फाइनल में किर्गिस्तान की ऐबिके उलानबेक काइजी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। काइजी ने महज २१ सेकेंड में इप्पोन हासिल करके स्वर्ण पदक जीत लिया। जूडो में इप्पोन सबसे अधिक अंक देने वाला मूव है जिससे मुकाबला तुरंत जीत लिया जाता है। पिछले एशियाई पैरा खेलों में रजत पदक जीतने वाले कपिल को सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के जुनेदी के खिलाफ ०-१ से हार का सामना करना पड़ा था जिसके बाद उन्होंने





कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बनाई। एक अन्य इंडोनेशियाई खिलाड़ी अहनाफ रफ्ली शिदकी के खिलाफ कांस्य पदक के मुकाबले में कपिल ने एक इप्पोन हासिल करके १-० से जीत दर्ज की। यह मुकाबला एक मिनट से कुछ अधिक समय तक चला। इससे पहले सुबह के सत्र में कोकिला ने सेमीफाइनल में चीन की यी लियू को हराया था। २०२३ में हुए पिछले चरण में महिलाओं के ४८ किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतने वाली कोकिला ने सेमीफाइनल में १-० से जीत दर्ज की। उन्होंने अपनी चीनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक वाजा अरीष दूसरा सबसे बड़ा तकनीकी स्कोर और एक युकोष प्रभावी तकनीक के लिए दिया जाने वाला स्कोर हासिल किया जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी एक वाजा अरीष ही जुटा सकीं।

भारत चाहेगा क्लीन स्वीप

रायपुर (एजेन्सियां)। शीर्षक्रम के बल्लेबाजों के लय में लौटने के बाद उत्साह से लबरेज भारतीय महिला क्रिकेट टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले तीसरे एवं अंतिम टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने और ३-० से क्लीन स्वीप करने का लक्ष्य लेकर मैदान पर उतरेगी। स्मृति मंधाना के पूर्णकालिक कप्तान बनने के बाद भारत पहले टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच में ११५ रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए तब संकट में पड़ गया था जब उसने अपने चार विकेट १९ रन पर गंवा दिए थे। भारत हालांकि दीप्ति शर्मा और निक्की प्रसाद की अच्छी बल्लेबाजी से यह मैच जीतने में सफल रहा था। सीनियर अंतरराष्ट्रीय मैच में पदार्पण पर २० वर्षीय निक्की पहले मैच में ३९ रन बनाकर नाबाद रहीं। उन्होंने दूसरे मैच में सात रन देकर दो विकेट लिए और इस तरह से अपनी आलराउंड क्षमता का अच्छा नमूना पेश किया। दूसरे मैच में मंधाना ने २५ गेंदों पर नाबाद ४७ रन जबकि शेफाली वर्मा ने केवल २५ गेंदों पर ५५ रन बनाये। इससे भारत ने दूसरे टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच में नौ विकेट से जीत हासिल कर २-० की अजेय बढ़त बना ली।

रवि ने तरणताल से निकाला रजत

नागोया (एजेन्सियां)। भारत के रवि कार्तिक बुडिगिना ने सोमवार को यहां एशियाई पैरा खेलों की पुरुषों की १०० मीटर फ्रीस्टाइल एस १३ स्पर्धा में रजत पदक जीता। बुडिगिना ने ५६.६८ सेकेंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। उज्बेकिस्तान के एगोर बोलोटोव ने ५२.९० सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। कजाखस्तान के विक्टर वोल्कोव ने ५७.२३ सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। एस १३ वर्ग दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के लिए है। हालांकि पैरालम्पिक खेलों में पात्र दृष्टिबाधित खिलाड़ियों की श्रेणियों में इस वर्ग के खिलाडियों की दृष्टि संबंधी अक्षमता सबसे कम होती है।

प्राची, सोनल, भविना का पदक पक्का

नागोया (एजेन्सियां)। पैरालम्पिक रजत पदक विजेता भाविना पटेल सहित भारतके तीन टेबल टेनिस खिलाड़ियोंने सोमवारको यहां एशियाई पैरा खेलोंके सेमीफाइनलमें प्रवेश किया जिससे देशके तीन अलग-अलग वर्गों में पदक पक्के हो गये। प्राची पाण्डेयने महिला वर्ग छहके मुकाबलेमें थाईलैंड की कानोकपार्न फाथुमचाईको हराकर सेमीफाइनलमें जगह बनायी जबकि सोनलबेनने वर्ग तीनमें थाईलैंड की दरारत असायुतको शिकस्त दी। भाविना ने वर्ग चार-पांचमें चीनकी झांग मियाओको हराकर सेमीफाइनलमें प्रवेश किया। प्राचीने दूसरे मुकाबलेमें फाथुमचाईको ११-५, ११-४, ११-१३, १२-१० से हराया। सोनलबेनने महिला एकल वर्ग तीन के क्वार्टर फाइनल में दरारत को ३-१ से हराकर सेमीफाइनलमें प्रवेश किया। भाविना ने भी वर्ग चार-पांच के क्वार्टर फाइनलमें चीनकी झांग मियाओ को ३-१ से हराया।

जुयाल के शतक से उत्तर प्रदेश मजबूत

कानपुर (एजेन्सियां)। कप्तान आर्यन जुयाल के नाबाद अर्द्धशतक की मदद से उत्तर प्रदेश ने रणजी ट्राफी ग्रुप ए मुकाबले के दूसरे दिन सोमवार को गोवा के खिलाफ दूसरी पारी में चार विकेट पर १०२ रन बना लिए जिससे उसकी कुल बढ़त १४० रन की हो गयी है। इससे पहले उत्तर प्रदेश ने गोवा को पहली पारी में १६४ रन पर समेट दिया था। गोवा ने दिन की शुरुआत बिना किसी नुकसान के ४३ रन से की लेकिन लेग स्पिनर जीशान अंसारी (५-४५) की घातक गेंदबाजी ने उत्तर प्रदेश को पहली पारी में ३८ रन की बढ़त दिला दी। पहली पारी में २०२ रन पर सिमटने वाली उत्तर प्रदेश की टीम ने स्टंप तक दूसरी पारी में ३८ ओवर में चार विकेट पर १०२ रन बना लिए है। जुयाल ११३ गेंद पर ६० रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। दूसरी पारी में उत्तर प्रदेश की शुरुआत बेहद खराब रही। यश कसवांकर ने पारी के पहले ही ओवर में अभिषेक गोस्वामी और माधव कौशिक को बिना



खाता खोले आउट कर दिया। इससे टीम का स्कोर एक रन पर दो विकेट हो गया। इसके बाद जुयाल और करण शर्मा ३१ ने तीसरे विकेट के लिए ८७ रन की साझेदारी करके उत्तर प्रदेश को मुश्किल से उबारा। दर्शन मिसाल ने करण शर्मा को आउट किया जबकि दिन के अंतिम चरण में अंसारी तीन रन बनाकर अभिनव तेजराना की गेंदपर पगबाधा आउट हुए। जुयालने एक छोर संभाले रखा और दिन का खेल समाप्त होने तक डटे रहे। दूसरे छोर पर कार्तिक यादव एक रन बनाकर खेल रहे थे। कसवांकर ने दो विकेट लिए जबकि मिसाल और तेजराना को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले गोवा ने दिन की शुरुआत बिना किसी नुकसान के ४३ रन से कीए लेकिन उसकी पूरी टीम पहली पारी में १६४ रन पर आउट हो गयी। शिवेंद्र भुजबल ने ९८ गेंद पर ४४ रन बनाकर टीम के लिए सर्वाधिक योगदान दिया। कसवांकर ने ३६ और कप्तान अभिनव तेजराना ने २६ रन बनाए। वहीं पुडुचेरीमें एक अन्य मैचमें मेहमान मध्य प्रदेशने दिनका खेल समाप्त होने तक पहली पारीमें पांच विकेटपर ३०२ रन बना लिए। इससे उसे पुडुचेरी की पहली पारीके १७७ रनके जवाबमें १२५ रनकी बढ़त मिल गयी हैं। चंचल राठौरने ७८ और शुभम शर्माने ५८ रन बनाकर अहम योगदान दिया जबकि कप्तान रजत पाटीदार १०७ रन बनाकर नाबाद रहे और उन्होंने पारीको मजबूती दी।

शीतल देवी, तोमन ने तोड़ा विश्व रेकार्ड

पैरा एशियाई खेल तीरंदाजी



नागोया (एजेन्सियां)। भारतीय पैरा तीरंदाज शीतल देवी और तोमन कुमार ने एशियन पैरा गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए कंपाउंड मिक्स्ड टीम स्पर्धा का विश्व रेकार्ड तोड़ दिया। दोनों भारतीय तीरंदाजों ने रैंकिंग राउंड में कुल १४०२ अंक हासिल किए और शीतल देवी तथा राकेश कुमार के १४०० अंकों के पिछले विश्व रेकार्ड को पीछे छोड़ दिया। यह मुकाबला सोमवार को जापान के ओकाजाकी स्थित ओकाजाकी चुओ सोगो पार्क मल्टीपर्पस स्क्वायर में आयोजित किया गया। भारतीय जोड़ी का यह प्रदर्शन एशियन पैरा गेम्स का भी नया रेकार्ड बना। इससे पहले यह रेकार्ड चीन के नाम था जिसने २०२३ में हांगझोऊ में आयोजित एशियन पैरा गेम्स में १३८२ अंक हासिल किए थे। रैंकिंग राउंड में तोमन कुमार ने पुरुषों की कंपाउंड स्पर्धा में संभावित ७२० में से ६९८ अंक हासिल किए जबकि शीतल देवी ने महिलाओं के रैंकिंग राउंड में ७०४ अंक बनाकर अपनी शानदार फार्म का परिचय दिया। शीतल का ७०४ अंकों का स्कोर नया एशियाई रेकार्ड रहा और इसने विश्व रेकार्ड की भी बराबरी की। इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित की। वहीं तोमन ने ६९८ अंकों के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के दम पर पुरुषों की व्यक्तिगत कंपाउंड रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल किया। महिलाओं की व्यक्तिगत कंपाउंड रैंकिंग में शीतल देवी ७०४ अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर रहीं। सिंगापुर की नूर सैयदा अलीम ने ६८३ अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया जबकि चीन की जुएकिंग जू ६८० अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों की व्यक्तिगत कंपाउंड रैंकिंग में चीन के यिचेंग झांग ने ७०८ अंक हासिल कर एशियाई रेकार्ड बनाया। तोमन कुमार ६९८ अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कम उम्र में ही भारतीय पैरा तीरंदाजी की प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल हो चुकीं शीतल देवी लगातार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी छाप छोड़ रही



हैं। उन्होंने २०२३ में हांगझोऊ एशियन पैरा गेम्स में महिलाओं की व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद २०२४ के पेरिस पैरालम्पिक में उन्होंने कांस्य पदक अपने नाम किया। शीतल और तोमन के इस रेकार्डतोड़ प्रदर्शन ने भारत की पदक उम्मीदों को मजबूती दी है। रैंकिंग राउंड में शानदार अंक हासिल करने के बाद भारतीय जोड़ी कंपाउंड मिक्स्ड टीम स्पर्धा के फाइनल में स्वर्ण पदक की मजबूत दावेदारों में शामिल होगी।



विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002

09335414722

आज का राशिफल मंगलवार, 20 अक्टूबर 2026

मेष-	व्यापार में विस्तार, उच्चाधिकारियों सं संपर्क, प्रसन्नता का वातावरण, विरोधी परास्त।
वृषभ-	विशिष्टजनों से सम्पर्क, मसला हल, मित्रों से विचार-विमर्श, यात्रा का लाभ, हर्ष।
मिथुन-	समस्याएँ प्रभावी, क्रोध से हानि, मित्रों से अनबन, आत्मबल में कमी, व्यर्थभ्रमण।
कर्क-	दिन बेहतर, धनागम का सुयोग, प्रेमसम्बन्धों में मधुरता, पठनपाठन में रुचि, यात्रा।
सिंह-	आर्थिक प्रगति, लाभ का अवसर, मनोकामना पूर्ण, नौकरी में पदोन्नति, हर्ष भी।
कन्या-	मनोकामना पूर्ण, परिजनों से लगाव, कार्यक्षमता का अहसास, यात्रा से मन प्रसन्न।
तुला-	आत्मविश्वास में कमी, धन की क्षति, दायित्वपूर्ति में अड़चने, यात्रा में परेशानी।
वृश्चिक-	व्यवसायिक सफलता, आर्थिक प्रगति, सलाह से कामयाबी, परिवार में खुशी का माहौल।
धनु-	योजना साकार, आर्थिकस्थिति में सुधार, लाभ का सिलसिला, परिवार में हर्षोल्लास।
मकर-	लाभ का सुअवसर, परोपकार में रुचि, कार्य प्रगति पर, सुसंदेश की प्राप्ति, मन प्रसन्न।
कुम्भ-	नवयोजना अधूरी, आत्मिक शांति में कमी, द्रव्य की क्षति, मन उदास, यात्रा निराशाजनक।
मीन-	अभिलाषा की पूर्ति, जनकल्याण में रुचि, बौद्धिकक्षमता में वृद्धि, यात्रा लाभदायक।

आज है जिनका जन्मदिन 20 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 20 का मूलांक 2 का स्वामी ग्रह चंद्रमा एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। जीवन संघर्षशील रहेगा। आकर्षक प्रतिभा के धनी होंगे। आपकी मानसिक शक्ति शारीरिक शक्ति की अपेक्षा बेहतर होगी। किसी बात को स्पष्ट रूप से कहने में विश्वास करेंगे। अधिकार निश्चय अनिश्चय की स्थिति में रहेंगे। मुख्य ध्येय लक्ष्य की प्राप्ति होगा। कला-सौन्दर्य की ओर विशेष झुकाव रहेगा। जनसम्पर्क का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। एक ही स्थान पर ज्यादा देर तक कार्य नहीं कर सकेंगे। मुसीबतों के समय भी मुस्कराते रहेंगे। घरेलू जीवन में ज्यादा रूचि रखेंगे। भावना प्रधान व्यक्ति होने के कारण आपके भावनाओं को बहुत जल्दी ठेस लगेगी। किसी भी समस्या पर तुरन्त निर्णय लेने में स्वयं को असमर्थ सा महसूस करेंगे। नियमित रूप से देव अर्चना अवश्य करें। तन-मन-कर्म-वचन से शुचिता का धर्म अपनाएँ। दैनिक जीवन में सफेद रंगों सम्बन्धित वस्तुओं का प्रयोग अधिकतम करें। सफेद वस्तुओं का दान भी करें। सदाचारी बनें। आरोग्य व सौभाग्य के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र	: ॐ सों सोमाय नमः	मास	: अक्टूबर, अक्टूबर एवं नवम्बर
व्रत	: सोमवार	वर्ष	: 2, 11, 20, 29, 38, 47, 56, 65
दिन	: सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार	रंग	: सफेद एवं क्रीम
दिनांक	: 2, 11, 20, 29	जन्मरत्न	: मोती उपरत्न : मून स्टोन
अंक	: 1, 4, 7	जड़ी	: अनार की जड़ दिशा : नैर्ऋत्य

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—20 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

यन्त्र

7	2	9
8	6	4
3	10	5

						4	7	
					2		3	
	5			9				
				8	4			
2		3						
7								
			3	5		1		
			7					
	8					5		

सुडोकू ४०८९

कैसे खेलने का: खिलाड़ी खेल और नम्बरों को खोजते हैं। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। 3×3 के नौ खानों के भी खाने दिए गए हैं। आसान 1 से 9 की संख्याएं एक तरह लिखी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के योग खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। खाली खानों में 1-9 के अंक भरने हैं। ये 9 तक की गिनतियां हैं। योग का हल अंक ऊपर दिए।

7	1	6	9	8	4	5	2	3
8	5	4	1	3	2	6	9	7
2	9	3	6	5	7	1	8	4
5	6	8	7	1	3	2	4	9
1	3	7	4	2	9	8	6	5
4	2	9	5	6	8	7	3	1
9	7	2	8	4	1	3	5	6
6	8	1	3	9	5	4	7	2
3	4	5	2	7	6	9	1	8

४०८८

चिरैयाकोट में साढ़े तीन लाख का पटाखा बरामद

चिरैयाकोट (मऊ)। स्थानीय नगर में रविवार की शाम को लगभग पौने पांच बजे एसडीएम अर्चना अग्निहोत्री व सीओ जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थानाध्यक्ष विजय प्रकाश मौर्य ने मुखबिर की सूचना पर भारी पुलिस बल के साथ गिलास व पत्तल के थोक व्यवसायी गोविन्द मद्धेशिया पुत्र प्रेमचंद मद्धेशिया के तीन गोदामों में अवैध रूप से 25 कार्टूनों व एक बोरी में रखे गये 6 कुन्तल 35 किग्रा पटाखा बरामद किया। जिसकी कीमत लगभग 3 से 3.5 लाख रुपए बताई जा रही है। छापेमारी की कारवाई देर शाम तक चलती रही। उसके बाद सीओ मुहम्मदाबाद गोहना ने बताया कि आगामी दशहरा व दीपावली के



मद्देनजर बेचने हेतु भारी मात्रा में विभिन्न प्रकार के पटाखों का आरा. पी ने तीन गोदामों में भंडारण किया था। जिसके बावत आरोपी के पास कोई लाइसेंस नहीं था। तत्पश्चात बरामदगी के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान उप निरीक्षक रुद्र प्रताप दुबे,उप निरीक्षक मो. कफील, उप निरीक्षक संदीप चंदन, उपनिरीक्षक मनोज सिंह उपनिरीक्षक वीरेंद्र प्रताप श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह यादव, महिला रि.का. सुमन मौर्या व अंतिमा आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।

डीएम ने राजनीतिक दलों के साथ फिर की बैठक

मऊ। विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एवं मतदेय स्थलों के संभाजन के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण तथा मतदेय स्थलों के संभाजन एवं पुनर्गठन के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि 1200 मतदाताओं के आधार पर मतदेय स्थलों के संभाजन एवं पुनर्गठन की कारवाई निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत पूर्ण की जाएगी। इसके लिए मतदेय स्थलों का संभाजन एवं पुनर्गठन 02 नवंबर, 2026 तक पूरा किया जाना निर्धारित है। उन्होंने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रति. निधियों से अपील की कि वे अपने-अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित सुझाव एवं आपत्तियां निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करें, ताकि पुनरीक्षण की प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जा सके। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एकीकृत निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 12 नवंबर, 2026 को किया जाएगा। इसके उपरांत 12 नवंबर से 11 दिसंबर, 2026 तक दावे एवं



आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर, 2026 तक किया जाएगा। इसके बाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 04 जनवरी, 2027 को किया जाएगा। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि मतदेय स्थलों के संभाजन के संबंध में दो से तीन दिनों के भीतर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि अपने-अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित दावे, आपत्तियां एवं सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिला अधिकारी प्रवेंद्र कुमार ,समस्त उप जिलाधिकारी तथा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मोबाइल बरामद

मधुबन (मऊ)। रामपुर थाना प्रभारी सुनील कुमार सरोज के कुशल नेतृत्व में थाना रामपुर की सायबर टीम उपनिरीक्षक प्रमोद मद्देशिया, उपनिरीक्षक अनुराधा, का0 नीरज, का0 नीलेश मिश्रा ने सोमवार को भोला चौहान पुत्र सीता राम चौहान निवासी कुत्तूपुर धनेवा थाना रामपुर की 26हजार की मर्यादपुर बाजार से गुम मोबाइल बरामद कर सुपुर्द कर दिया।

देवरानी-जेठानी के पोखरे का मेला २५ को

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। हनुमान मंदिर देवरानी जेठानी का पोखरा जमालपुर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा के मौके पर 25 अक्टूबर रविवार दोपहर 1.00 बजे एक विराट कुश्ती दंगल एवं मेला का आयोजन किया गया है । इस विराट कुश्ती दंगल में मऊ गोरखपुर देवरिया बस्ती आजमगढ़ ,बलिया ,गाजीपुर ,वाराणसी, जौनपुर के पहलवानों द्वारा दंगल का आयोजन किया गया है । हनुमान मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में सोमवार को एक बैठक आयोजित कर रणनीति की गई । इस कुश्ती दंगल के मुख्य अतिथि वरिष्ठ सर्जन डाक्टर प्रबीर कुमार मद्धेशिया, डाक्टर पवन कुमार मद्धेशिया, डाक्टर सुमंत गुप्ता एवं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक गुप्ता डायमंड प्रतिभा करेंगे । बैठक में सुभाष यादव, प्रदीप गुप्ता ,संजय चौहान, राजेश यादव, प्रदीप जायसवाल आदि मंदिर समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

३१वाहनों का चालान

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। पुलिस ने हेलमेट तीन सवारी एवं प्रदूषण का उल्लंघन करने के मामले में 31 बाइक का ई-चालान किया। पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक कमलकांत वर्मा के नेतृत्व में रविवार संध्या विभिन्न स्थानों पर वाहनों की चेकिंग की गई ।इस मौके पर वरिष्ठ उप निरीक्षक मधुसूदन चौरसिया, मिथिलेश कुमार, अरविंद कुमार यादव ,आदर्श दुबे ,वैभव कुमार पांडे ,अनिल सिंह ,नूर आलम, राजेश कुमार गौतम ,विकास कुमार ,लक्ष्मी प्रसाद उपाध्याय महिला उप निरीक्षक प्रतिभा गुप्ता आदि मौजूद रहे।

१५ हजार का इनामिया गिरफ्तार

मधुबन (मऊ)। स्थानीय पुलिस को सोमवार की सुबह एक अहम सफलता हाथ लगा, पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्राधिकारी कार्यालय के गेट के पास से एक दुष्कर्म करने वाले 15 हज़ार रुपया के इनामिया वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। जनपद में लूट /चोरी /माफियाओं /वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अपराध के रोकथाम के क्रम में क्षेत्राधिकारी मधुबन के कुशल निर्देशन और थाना प्रभारी मधुबन के नेतृत्व मे उपनिरीक्षक श्यामले यादव, हे0का0 राजु, का0 शम्भु शुक्ला, का0 दीपक यादव के साथ देखभाल क्षेत्र में मौजूद थे कि उसी दौरान मुखबिर से सूचना मिला की मु0अ0स0 254/26 धारा 376(2)छ/328/504/506 व 3/4 पाक्सो एक्ट व 3(2)(अ) एस सी एस टी मे वांछित 15 हजार रुपये का इनामिया अभियुक्त अजय साहनी पुत्र शिशुपाल साहनी निवासी लौआसाथ थाना मधुबन क्षेत्राधिकारी कार्यालय के गेट के पहले खड़ा है । पुलिस ने मुखबिर की बातों पर विश्वास कर मौके पर पहुंची और अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना ले गई , और विधिक कारवाई करने के उपरान्त चालान कर दिया।

थाने में जब्त शराब नष्ट

कोपागंज(मऊ)। न्यायालय के आदेश पर स्थानीय थाने में जब्त अवैध शराब को एसओ रोहन राकेश सिंह ने नष्ट कराया।

अलाउद्दीनपुर गांव में गूंजी डिजिटल शिक्षा की घंटी

नदवासराय(मऊ)। ब्लाक मुहम्मदाबाद गोहना क्षेत्र अन्तर्गत मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना वर्ष 2025-26 के तहत मुहम्मदाबाद गोहना विकास खंड के अलाउद्दीनपुर ग्राम पंचायत में ग्रामीण बच्चों के लिए बड़ी सौगात मिली है। गांव के डा. अम्बेडकर पार्क रसूलपुर में डा. ए. पी.जे. अब्दुल कलाम डिजिटल लाइब्रेरी का रविवार की शाम भव्य उद्घाटन हुआ। इस लाइब्रेरी के निर्माण पर 9.79 लाख रुपये की लागत आई है। लाइब्रेरी का लोकार्पण ग्राम प्रधान शमा परवीन पत्नी मु. मन्नान के कर-कमलों एवं पूर्व विधायक स्व. का. तपेश्वर राम की पत्नी कुसुम देई की उपस्थिति में संपन्न हुआ। फीता काटते ही गुब्बारों और फूल मालाओं से सजा लाइब्रेरी

ग्राम पंचायत को मिली शासन से सौगात

भवन तालियों से गूंज उठा। गांव में विकास कार्यों के चलते उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत महिला ग्राम प्रधान शमा परवीन ने बताया कि इस डिजिटल लाइब्रेरी से अब अलाउद्दीनपुर और आसपास के गांवों के बच्चों को शहरों जैसी डिजिटल पढ़ाई की सुविधा गांव में ही मिलेगी। यहां कंप्यूटर, इंटरनेट, प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबें, शांत माहौल और ई-लर्निंग की व्यवस्था की गई है। कहा कि सरकार के प्रोत्साहन से गांव की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। अब ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी डिजिटल दुनिया से जुड़कर अपने सपने पूरे करने में आसानी होगी। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अरुण वर्मा, सहायक विकास अधिकारी आदित्य सिंह, सेक्रेटरी प्रसन्नाकांत पाठक, शमीम सादिर, महेंद्र कीर्ति आदि मौजूद रहे।













आजमगढ़ ने जीती डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता

रानीपुर(मऊ)। रानीपुर ब्लाक के फतेहपुर गांव में रविवार को दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर मेला व एक दिवसीय डे-नाइट विशाल मंडल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष ललन सिंह की देखरेख में हुए इस आयोजन में कुल 18 टीमों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खेल प्रेमियों का भरपूर मनो. रंजन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि संतोष सिंह ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाकर किया। उद्घाटन मुकाबला सिंहेल क्लब फतेहपुर और चकिया के बीच खेला गया, जिसमें सिंहेल क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चकिया को 29-23 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। फाइनल



खिताबी मुकाबला आजमगढ़ और ओनहाईच के बीच हुआ। रोमांचक खेल का प्रदर्शन करते हुए आजमगढ़ की टीम ने ओनहाईच को 34-21 के बड़े अंतर से हराकर विजेता ट्राफी अपने नाम की। वहीं, मऊ स्टेडियम की टीम ने प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया।मैच अधिकारी प्रतियोगिता में कमेंट्री की जिम्मेदारी बिनित सिंह, बीरू और शाह आलम ने बखूबी निभाई, जबकि मैच के रेफरी संजय सिंह रहे। देर शाम तक चले मुकाबलों के बाद रानीपुर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। धार्मिक व सांस्कृतिक उल्लासरू कबड्डी प्रतियोगिता के साथ-साथ क्षेत्र में दुर्गा पूजा का उत्साह चरम पर रहा और देर रात तक भव्य झांकियां निकाली गईं।कार्यक्रम को सफल बनाने में दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों दीपक सिंह, रवि दुबे, शशि भूषण सिंह, टीपू सिंह, उपेंद्र सिंह, पऊआ, पिंटू मद्धेशिया और पवन सिंह का विशेष योगदान रहा। इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीण और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

एसडीएम ने मतदान केन्द्रों का लिया जायजा

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। मुहम्मदाबाद गोहना विधानसभा अंतर्गत तहसील के दोनों ब्लाकों में आगामी 23 अक्टूबर को स्नातक शिक्षक मतदान को लेकर इसकी तैयारी हेतु इन दोनों ब्लाकों में मतदान होने हैं । इस क्रम में सोमवार को उप जिलाधिकारी अर्चना अग्निहोत्री पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र सिंह ने दोनों ब्लाकों में पहुंचकर वोटिंग के दौरान विद्युत पानी शौचालय साफ-सफाई आदि सुविधाओं का जायजा लिया। एसडीएम अर्चना अग्निहोत्री ने मुहम्मदाबाद गोहना ब्लाक एवं रानीपुर ब्लाक में पहुंचकर संबंधित लोगों से जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिया कि पानी की व्यवस्था सुनिश्चित रहे।

तेजाब की दुकानों पर पहुंची पुलिस,दी हिदायत

घोसी(मऊ)। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और एसिड के संभावित दुरुपयोग पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से घोसी कोतवाली पुलिस ने मिशन शक्ति फेस-6 अभियान के तहत जांच और जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान थाना घोसी की एंटी रोमियो टीम ने क्षेत्र की एसिड एवं बैट्री की दुकानों पर पहुंचकर जांच की। टीम ने दुकानदारों को एसिड की बिक्री, सुरक्षित रख-रखाव और शासन की ओर से निर्धारित नियमों के संबंध में जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करने की हिदायत दी। यह अभियान पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी घोसी सत्येंद्र भूषण तिवारी तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवींद्रनाथ राय की देख-रेख में संचालित किया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने दुकानदारों को एसिड की बिक्री में निर्धारित नियमों का पालन करने, उसके सुरक्षित भंडारण पर ध्यान देने और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने के लिए जागरूक किया। पुलिस ने बताया कि एसिड का दुरुपयोग किसी व्यक्ति, विशेषकर महिलाओं एवं बालि. काओं की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। ऐसे में एसिड की बिक्री और रख-रखाव से जुड़े नियमों के प्रति दुकानदारों का जागरूक होना आवश्यक है।

सूरजपुर में मेधावियों को ३० को सम्मानित करेंगे मंत्री एके शर्मा

सूरजपुर (मऊ)। स्व. जमुना राय की 25वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को दोहरीघाट ब्लाक के सूरजपुर गांव स्थित विभूति नारायण इंटर कालेज में अजय स्मृति छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की गई। इसमें 22 विद्यालयों के 145 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना है।स्व. जमुना राय विक्ट्री इंटर कालेज दो. हरीघाट के प्रधानाचार्य पद से सेवा. निवृत्त हुए थे। वे शिक्षा के प्रति समर्पित थे। उनकी स्मृति में आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का अवसर दिया जा रहा है। स्व. जमुना राय के तीन पुत्रों में आई.डी.पी. राय, स्व. अजय कुमार राय और अनंजय कुमार राय हैं। स्व. अजय कुमार राय जमुना स्मृति संस्थान के सचिव थे। उनके कार्यकाल में संस्थान की ओर से

अजय स्मृति छात्रवृत्ति परीक्षा

विद्यार्थियों के लिए विभिन्न पाठ्यतर गतिविधियां आयोजित की जाती थीं। उनके निधन के बाद संस्थान ने उनकी स्मृति में छात्रवृत्ति परीक्षा शुरू करने का निर्णय लिया। इसके तहत प्रतिवर्ष स्व. जमुना राय की पुण्यतिथि पर परीक्षा आयोजित की जाती है। इस पहल के माध्यम से पिता और पुत्र दोनों की स्मृतियों को संजोने के साथ विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। परीक्षा संस्थान के अध्यक्ष आई.डी.पी. राय और सचिव अनंजय कुमार राय की देखरेख में संपन्न हुई। दोनों भाई पिछले 12 वर्षों से इस परंपरा को निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। परीक्षा कक्षा नौ, दस और 11 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाती है। इसमें छात्र और छात्राओं की मेधा सूची अलग-अलग तैयार की जाती है ताकि दोनों वर्गों की प्रतिभा को प्रोत्साहन मिल सके। संस्थान की ओर से बताया गया कि परीक्षा का परिणाम 30 अक्टूबर को घोषित किया जाएगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा की उपस्थिति में स्कल विद्यार्थियों को पुस्तकें और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

ट्रेन में बिगड़ी महिला की तबीयत

मऊ। मुख्य टिकट निरीक्षक रामप्रभाव यादव ने बताया कि सोमवार को सीतामढ़ी से आनन्द बिहार जा रही 14005 लिच्छवी एक्सप्रेस में बेल्थरारोड से अपने पति संग यात्रा कर रही गर्भवती महिला सपना उम्र 22 की अचानक तबीयत बिगड़ने की सूचना कन्ट्रोल द्वारा प्राप्त होते ही मऊ में तुरन्त एम्बुलेंस बुलाकर उपनिरीक्षक विकास यादव व हेड कांस्टेबल कमलेश यादव द्वारा महिला को जिला महिला अस्पताल भेजवाया गया।

ग्रामीणों ने गोवंश का किया अंतिम संस्कार

करहां(मऊ)। दशहरा मेले से पहले आवारा पशुओं की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ गई है। दो दिन पूर्व व्यापार मंडल और दुर्गा पूजा समिति की बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, बिजली, जाम तथा आवारा पशुओं की समस्या उठाई गई थी। इसके बाद गोवंश की मौत की घटना सामने आई।व्यापार मंडल अध्यक्ष विष्णुकांत श्रीवास्तव की पहल पर भाजपा सेक्टर अध्यक्ष सुरेश वर्मा, समाजसेवी तारकेश्वर सिंह, राहुल मद्धेशिया, ग्राम प्रधान धीरेंद्र खरवार, ग्राम प्रधान श्याम बिहारी जायसवाल, पुलिस प्रशासन तथा एडीओ पंचायत आदित्य सिंह के सहयोग से गुरादरी धाम परिसर में मृत गोवंश का अंतिम संस्कार कराया गया।

जलनिकासी बाधित होने से धान की कटाई में परेशानी

रतनपुरा (मऊ)। विकासखंड रतनपुरा के ग्राम पंचायत जमाल. पुर में प्रत्येक वर्ष अधिक वर्षा होने के कारण खेतों में पानी जमा हो जाने से किसानों को धान की फसल की कटाई में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मारपीट के मामले में चार के विरुद्ध एफआईआर

मधुबन(मऊ)। रामपुर थाना क्षेत्र के फतहपुर मण्डाव गांव में दुकान संचालक फैयाज़ पुत्र स्व. नजिबुल्लाह का आरोप है कि 18 अक्टूबर की सुबह लगभग नौ बजे मैं अपनी सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर कार्ड धारकों को खाद्यान वितरण कर रहा था। उसी दौरान गांव के जमाल अख्तर पुत्र स्व. अमरुद्दीन अपने तीन लड़के उस्मान अख्तर, यासीर अख्तर, अब्दुल्लाह अख्तर पुत्रगण जमाल अख्तर के साथ आए और मारपीट कर भाग गये। पीड़ित दुकान संचालक की तहरीर पर उपरोक्त चारों बाप बेटा की तहरीर पर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इस बाबत रामपुर थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

एमएलसी चुनाव के लिए चुनाव कार्मिकों को डीएम-एसपी ने किया ब्रीफ

मऊ। विधान परिषद सदस्य निर्वाचन-2026 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत सोमवार को जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने पुलिस अधीक्षक के साथ पुलिस लाइन में समस्त जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस कार्मिकों की ब्रीफिंग की। ब्रीफिंग के दौरान जिलाधिक. ारी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों से सभी संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को अवगत कराया। उन्होंने जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को उनके दायित्वों एवं कार्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए निर्देशित किया कि निर्वाचन से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं तथा अपने-अपने क्षेत्र में सतर्कता के साथ दायित्वों का निर्वहन करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस कार्मिकों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



विजयदशमी

बुराई पर अच्छाई की जीत और असत्य पर सत्य की विजय

विजय का महापर्व

धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस त्योहार को बुराई पर अच्छाई की जीत और असत्य पर सत्य के विजय के रूप में मनाया जाता है। हर साल यह पर्व आश्विन मास शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के दिन मनाया जाता है। हिन्दू धार्मिक मान्यता के अनुसार, दो कारणों से दशहरा पर्व मनाया जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार महिषासुर नाम का एक राक्षस था जो ब्रह्माजी का बड़ा भक्त था। उसने अपने तप से ब्रह्माजी को प्रसन्न करके एक वरदान प्राप्त कर लिया। वरदान में उसे कोई देव, दानव या पृथ्वी पर रहने वाला कोई मनुष्य मार ना पाए। वरदान प्राप्त करते ही वह बहुत निर्दयी हो गया और तीनों लोकों में आतंक माचने लगा। उसके आतंक से परेशान होकर देवी देवताओं ने ब्रह्मा, विष्णु, महेश के साथ मिलकर मां शक्ति के रूप में दुर्गा को जन्म दिया। मां दुर्गा और महिषासुर के बीच नौ दिनों तक भयंकर युद्ध हुआ और दसवें दिन मां दुर्गा ने महिषासुर का वध कर दिया। इस दिन को अच्छाई पर बुराई की जीत के रूप में मनाया जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान श्रीराम ने लंका पर आक्रमण करने से पहले और रावण के साथ होने वाले युद्ध में जीत के लिए शक्ति की देवी मां भगवतीजी की आराधना की थी। रामेश्वरम में उन्होंने नौ दिनों तक माता की पूजा की। उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर मां ने श्रीराम को लंका में विजय प्राप्ति का आशीर्वाद दिया। दसवें दिन भगवान राम ने लंका नरेश रावण को युद्ध में हराकर उसका वध कर लंका पर विजय प्राप्त की। इस दिन को विजयदशमी के रूप में जाना जाता है।

दशहरा (विजयदशमी व आयुध-पूजा) हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। अश्विन (क्वार) मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को इसका आयोजन होता है। भगवान राम ने इसी दिन रावण का वध किया था (वाल्मीकि रामा) तथा देवी दुर्गा ने नौ रात्रि एवं दस दिन के युद्ध के उपरान्त महिषासुर पर विजय प्राप्त की थी। इसे असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है। इसीलिये इस दशमी को विजयदशमी के नाम से जाना जाता है (दशहरा = दशहोरा = दसवीं तिथि)। दशहरा वर्ष की तीन अत्यन्त शुभ तिथियों में से एक है, अन्य दो हैं चैत्र शुक्ल की एवं कार्तिक शुक्ल की प्रतिपदा। इस दिन लोग शस्त्र-पूजा करते हैं और नया कार्य प्रारम्भ करते हैं (जैसे अक्षर लेखन का आरम्भ, नया उद्योग आरम्भ, बीज बोना आदि)। ऐसा विश्वास है कि इस दिन जो कार्य आरम्भ किया जाता है उसमें विजय मिलती है। प्राचीन काल में राजा लोग इस दिन विजय की प्रार्थना कर रण-यात्रा के लिए प्रस्थान करते थे। इस दिन स्थान-स्थान पर मेले लगते हैं। रामलीला का आयोजन होता है। रावण मेघनाद कुभंकरण का विशाल पुतला बनाकर उसे जलाया जाता है। दशहरा अथवा विजयदशमी भगवान राम की विजय के रूप में मनाया जाए अथवा दुर्गा पूजा के रूप में, दोनों ही रूपों में यह शक्ति-पूजा का पर्व है, शस्त्र पूजन की तिथि है। हर्ष और उल्लास तथा विजय का पर्व है। भारतीय संस्कृति वीरता की पूजक है, शौर्य की उपासक है। व्यक्ति और समाज के रक्त में वीरता प्रकट हो इसलिए दशहरे का उत्सव रखा गया है। दशहरा का पर्व दस प्रकार के पापों- काम, क्रोध, लोभ, मोह मद, मत्सर, अहंकार, आलस्य, हिंसा और चोरी के परित्याग की सद्प्रेरणा प्रदान करता है। दशहरे का सांस्कृतिक पहलू भी है। भारत कृषि प्रधान देश है। जब किसान अपने खेत में सुनहरी फसल उगाकर अनाज रूपी संपत्ति घर लाता है तो उसके उल्लास और उमंग का पारावार नहीं रहता। इस प्रसन्नता के अवसर पर वह भगवान की कृपा को मानता है और उसे प्रकट करने के लिए वह उसका पूजन करता है। समस्त भारतवर्ष में यह पर्व विभिन्न प्रदेशों में विभिन्न प्रकार से मनाया जाता है। दशहरा अथवा विजयदशमी राम की विजय के रूप में मनाया जाए अथवा दुर्गा पूजा के रूप में, दोनों ही रूपों में यह आदिशक्ति पूजा का पर्व है, शस्त्र पूजन की तिथि है। हर्ष और उल्लास तथा विजय का पर्व है। यह केवल भारत देश के कोने-कोने में ही नहीं, अपितु उतने ही उर्जा और उल्लास से दूसरे देशों में भी मनाया जाता जहाँ प्रवासी भारतीय रहते हैं। दशहरे का उत्सव शक्ति और शक्ति का समन्वय बताने वाला उत्सव है। नवरात्रि के नौ दिन जगदम्बा की उपासना करके शक्तिशाली बना हुआ मनुष्य विजय प्राप्ति के लिए तत्पर रहता है। इस दृष्टि से दशहरे अर्थात विजय के लिए प्रस्थान का उत्सव का उत्सव आवश्यक भी है। भारतीय संस्कृति सदा से ही वीरता व शौर्य की समर्थक रही है। प्रत्येक व्यक्ति और समाज के रुधिर में वीरता का प्रादुर्भाव हो कारण से ही दशहरे का उत्सव मनाया जाता है। यदि कभी युद्ध अनिवार्य ही हो तब शत्रु के आक्रमण की प्रतीक्षा ना कर उस पर हमला कर उसका पराभव करना ही कुशल राजनीति है। भगवान राम के समय से यह दिन विजय प्रस्थान का प्रतीक निश्चित है। भगवान राम ने रावण से युद्ध हेतु इसी दिन प्रस्थान किया था। इस पर्व को भगवती के विजया नाम पर भी विजयदशमी कहते हैं। इस दिन भगवान रामचंद्र चौदह वर्ष का वनवास भोगकर तथा रावण का वध कर अयोध्या पहुँचे थे। इसलिए भी इस पर्व को विजयदशमी कहा जाता है। ऐसा माना जाता है कि आश्विन शुक्ल दशमी को तारा उदय होने के समय विजय नामक मुहूर्त होता है। यह काल सर्वकार्य सिद्धिदायक होता है। इसलिए भी इसे विजयदशमी कहते हैं। ऐसा माना गया है कि शत्रु पर विजय पाने के लिए इसी समय प्रस्थान करना चाहिए। इस दिन श्रवण नक्षत्र का योग और भी अधिक शुभ माना गया है। युद्ध करने का प्रसंग न होने पर भी इस काल में राजाओं (महत्त्वपूर्ण पदों पर पदासीन लोग) को सीमा का उल्लंघन करना चाहिए। दुर्योधन ने पांडवों को जुए में पराजित करके बारह वर्ष के वनवास के साथ तेरहवें वर्ष में अज्ञातवास की शर्त दी थी। तेरहवें वर्ष यदि उनका पता लग जाता तो उन्हें पुनः बारह वर्ष का वनवास भोगना पड़ता। इसी अज्ञातवास में अर्जुन ने अपना धनुष एक शमी वृक्ष पर रखा था तथा स्वयं वृहन्नला वेश में राजा विराट के यहँ नौकरी कर ली थी। जब गोरक्षा के लिए विराट के पुत्र उत्तर ने अर्जुन को अपने साथ लिया, तब अर्जुन ने शमी वृक्ष पर से अपने हथियार उठाकर शत्रुओं पर विजय प्राप्त की थी। विजयादशमी के दिन भगवान रामचंद्रजी के लंका पर चढ़ाई करने के लिए प्रस्थान करते समय शमी वृक्ष ने भगवान की विजय का उद्घोष किया था। विजयकाल में शमी पूजन इसीलिए होता है।









पुरुषार्थ और संकल्प

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

संसार में किसी भौतिक वस्तु या सुख प्राप्त करने के लिए पुरुषार्थ की आवश्यकता होती है। पुरुषार्थ प्राथमिक आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त वांछित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ऊर्जा, कौशल, दैव (प्रारब्ध या सौभाग्य), और तत्परता (इच्छाशक्ति) भी आवश्यक है। ये पाँच तत्व अत्यंत अनिवार्य हैं। अतः पुरुषार्थ करें। यह विश्वास रखें कि सौभाग्य आपके साथ है और फिर कौशल अर्जित करें। अपनी ऊर्जा और कौशल को कैसे बढ़ाया जाए? जब आप ध्यान और मंत्रोच्चार के द्वारा अपने भीतर की सकारात्मकता को जाग्रत करते हैं, तो यह आपके कौशल, ऊर्जा और सौभाग्य में वृद्धि करता है। इन तीनों के होने के पश्चात भी, आपको पुरुषार्थ करना होगा और फिर यह फलीभूत होने में अपना नियत समय भी लेगा। हमें अपना ध्यान लक्ष्य पर केंद्रित रखते हुए निरंतर कर्म करते रहना होगा; प्रारंभिक समय में बार-बार मिलने वाली असफलता की परवाह किए बिना हमें सतत प्रयास करते रहना चाहिए। प्राचीन वेदों एवं शास्त्रों, वैदिक अनुष्ठानों में, आरंभ में संकल्प का विधान है। संकल्प लें-एक दृष्टि और एक लक्ष्य चुनें और फिर उसे समर्पित कर दें। समर्पण अर्थात उसे ईश्वर को अर्पित करना। यह कहना-यह मेरी इच्छा है, किन्तु आप जो मेरे लिए श्रेष्ठ समझें। यदि यह या इससे भी उत्तम कुछ हो, तो मैं उसे स्वीकार करने को तत्पर हूँ। प्रायः समस्या यह होती है कि हमें स्वयं नहीं ज्ञात होता कि हम वास्तव में क्या चाहते हैं। यदि स्पष्ट हो जाए कि हमें क्या चाहिए, तो उसे प्राप्त करना कठिन नहीं है। अधिकांश समय हम असमंजस में रहते हैं। आज जो इच्छा है, वह कल बदल जाती है। हमारा मन निरंतर परिवर्तित होता रहता है। यही अंतर है- इच्छा और संकल्प में। इच्छा उग्रता से युक्त होती है, जबकि संकल्प उस उग्रता से मुक्त, शांत एवं संतुलित होता है। संकल्प लेने से पूर्व अपनी चेतना का विस्तार करें। इस विराट ब्रह्माण्ड का चिंतन करें- अरबों वर्षों की सृष्टि, असंख्य आकाशगंगाएँ, उनमें एक छोटी-सी पृथ्वी, उस पर एक देश, एक नगर, और उसमें आपका जीवन। समय और स्थान दोनों को अपनी चेतना में समाहित करें। आप जहाँ ध्यान केंद्रित करते हैं, वही आपकी चेतना में प्रकट होता है। यदि आप नकारात्मकता पर ध्यान देंगे, तो वही फलित होगी। स्मरण करें कि मनुष्य ईश्वर की प्रतिमूर्ति है। हम सत्य, सौंदर्य और प्रकाश के अंश हैं। जो कुछ भी आपके जीवन में घटित होता है, वह आपके विकास के लिए होता है। केवल सुख ही विकास नहीं करता, कठिनाइयाँ भी आपको सशक्त बनाती हैं।

अगना पधारो महरानी...



आदर्श स्पोर्टिंग क्लब काटन मिल।



भारतेन्दु क्लब लोहटिया।



मां दुर्गा पूजा समिति राजापुरा।



अखिल भारतीय ज्योति सेवा संस्थान नरहरपुरा।




मां दुर्गा पूजनोत्सव समिति नाटीइमली।



बाल स्पोर्टिंग क्लब प्रहलाद घाट।



न्यू यूथ क्लब संजय गांधी नगर चौकाघाट।



कबीर स्पोर्टिंग क्लब पिपलानी कटरा।



मां दुर्गोत्सव पूजा समिति वागेश्वरी देवी जैतपुरा।



विजेता स्पोर्टिंग क्लब जगतगंज।